4	**घातांकीय वृद्धि पद्धति (Exponential Increase Method)**	433355	575064	643970	**763114**

विकास योजना 2041के लिए कुल जनसंख्या का आंकलन चार गणितीय पद्धति अनुसार किया गया है। चुंकि विकास योजना 2031, 5.50 लाख कि जनसंख्या के लिए तैयार की गई है। अतः घातांकीय वृद्धि पद्धति के अनुसार वर्ष 2041 हेतु 7.60 लाख अनुमानित जनसंख्या आंकलित की गई है। जिसके आधार वर्ष 2041 के लिए 7.60 लाख अनुमानित जनसंख्या मान्य करते हुए आगामी अध्यायों मे गणना की गई है।

उपरोक्त चारों पद्धतियों के माध्यम से वर्ष 2041 तक आंकलित जनसंख्या को ग्राफ के माध्यम से चित्रण निम्नानुसार है।



3.12 आवासीय ईकाईयों की कमी एवं भावी आवश्यकता

3.12.1 आवासों की कमी

नगर पालिक निगम देवास से प्राप्त जानकरी के अनुसार नगर पालिक निगम क्षेत्र अतंर्गत 4,00,000 जनसंख्या 65135 आवासों में निवासरत है, जो प्रति आवास निवासित व्यक्तियों की औसत संख्या 6.14 आती है। प्रत्येक परिवार को एक स्वतंत्र आवास की आवश्यकता 5.0 के मान से 14865 आवासों की कमी परिलक्षित होती है।

नगर के 81 गंदी बस्ती में लगभग 1,46128 जनसंख्या निवासरत है, 5.20 व्यक्ति के औसत परिवार के आधार पर 28181 झुग्गियों का अनुमान लगाया जा सकता है जिसमें 30 प्रतिशत आवासों के पुनर्निमाण की आवश्यकता की परिकल्पना करने पर 8454 से 8500 है। उक्त के आधार पर वर्तमान में आवासों की कमी का आंकलन निम्न सारणी में किया गया है।

उक्त के आधार पर वर्तमान में आवासों की कमी का आंकलन निम्न सारणी में दर्शाया गया है।

आवासों की कमी

सारणी 3–सा–25

क्र.	विवरण	रहवासी इकाई आवासों की कमी		
		कुल	पुर्नस्थापना का प्रतिशत	
1	2	3	4	5
	वर्ष 2025 तक के आवासों की कमी (परिकल्पित कुल उपलब्ध इकाईयों का 10 प्रतिशत)	...	....	14865
	गंदी बस्ती, जीर्ण–शीर्ण एवं कच्चे आवास	28181	30	8500
	योग	...	...	23865

उपरोक्तानुसार वर्तमान में निवेश क्षेत्र में लगभग 23865 आवासों की कमी का आंकलन किया गया है तथा वर्ष 2041 की अनुमानित अतिरिक्त जनसंख्या के लिये आवासों की आवश्यक्ता निम्न सारणी में दर्शायी गयी है।

3.12.2 अनुमानित आवास आवश्यकता

जनगणना 2011 के आधार पर निवेश क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात में एवं परिवार का औसत आकार के आधार पर वर्ष 2041 तक की अनुमानित जनसंख्या 7.60 लाख एवं परिवार का औसत आकार 5 व्यक्ति प्रति परिवार मानते हुये वर्ष 2041 तक के लिये आवासीय इकाईयों की आवश्यकता का आंकलन किया गया है, जो कि सारणी क्रमांक 3–सा–26 में दर्शाया गया हैं।

अनुमानित परिवार एवं आवास आवश्यकता–2041

सारणी 3–सा–26

क्र.	विवरण	आवासीय इकाई की आवश्यकता 2041
1	**2**	**3**
1	जनसंख्या (लाख में) नगर पालिका क्षेत्र + बाह्य वृद्धि क्षेत्र	7.60
2	अतिरिक्त जनसंख्या वर्ष 2041 तक	3.60
3	वर्ष 2025 से वर्ष 2041 के लिये औसत परिवार का अनुमानित आकार	5
4	अतिरिक्त परिवार	72000
5	वर्ष 2041 में 90 प्रतिशत परिवारों की आवास आवश्यकता (लगभग)	64800
6	कमी को सम्मिलित करते हुए आवास आवश्यकता	28181
7	निवास योग्य रहवासी इकाईयों की प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की दर से पुनर्स्थापना (65135 मकान)	651
8	वर्ष 2025 की आवासों की कमी को सम्मिलित करते हुए कुल आवास आवश्यकता	93632

उपरोक्त आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वर्ष 2041 की आवासीय भू–उपयोगिता दर 5.26 हेक्टेयर प्रति हजार व्यक्ति लेते हुए लगभग 2462.0 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी।

3.12.3 आवासों का प्रकार

वर्ष 2041 की अनुमानित आवास आवश्यकता लगभग 93632 होगी, जो समाज के सभी आय वर्ग को समाहित करेगी। यह प्रासंगिक है कि अनौपचारिक वर्ग, मध्यम आय वर्ग एवं उच्च आय वर्ग के परिप्रेक्ष्य में आवास आवश्यकता को विभक्त किया जावें। अतः आय वर्ग अनुसार अनुमानित आवास का विवरण निम्न सारणी क्रमांक 3–सा–27 में दिया गया है।

आय समूह अनुसार आवासीय ईकाईयों की आवश्यकता–2041

सारणी 3–सा–27

क्र.	विवरण	आवासीय इकाईयों की आवश्यकता	
		प्रतिशत	संख्या
1	**2**	**3**	**4**
1	आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग	40	34726
2	निम्न आय वर्ग	30	26045
3	मध्यम आय वर्ग	25	21704
4	उच्च आय वर्ग	5	4341
	योग	**100**	**86816**

3.13 भौतिक अधोसंरचना

3.13.1 भौतिक अधोसंरचना की दूरगामी परियोजनाएं

भौतिक अधोसंरचना के विकास हेतु आवश्यक है, कि विस्तृत योजना एवं वांछित मापदण्डों की उपलब्धता के साथ विकास योजना काल में क्रियान्वयन हेतु दीर्घकालिन योजनाएं तैयार की जावे। उक्त योजना संबधित विभागों/संस्थाओं द्वारा विकास योजना के परिपेक्ष्य में अर्थात जल प्रदाय जलमल निकास प्रणाली का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नगर पालिक निगम के समन्वय के साथ तैयार किया जाना आवश्यक है।

3.13.2 जल प्रदाय

नगर पालिक निगम से प्राप्त जानकारी अनुसार इन जल स्त्रोतों से नगर को जल प्रदाय किया जा रहा है :–

1. क्षिप्रा/नर्मदा जल यंत्रालय

नगर में वर्तमान में प्रतिदिन 43.0 एम.एल.डी. जल प्रदाय किया जा रहा है, जो वर्तमान आवश्यकता से कम है।

वर्ष 2041 की आंकलित जनसंख्या 7.60 लाख की आवश्यकता की पूर्ति हेतु 135 एल.पी.सी.डी. के मान से जल प्रदाय के लिए क्षिप्रा/नर्मदा जल यंत्रालय का विस्तार किया जाना आवश्यक है।

नगर में किया जा रहा जल प्रदाय आवश्यकता से बहुत कम है। साथ ही ग्रीष्म ऋतु में निजी स्त्रोत भी सूख जाते है, इस कारण घटी हुई क्षमता को बढ़ाने के लिये कृत्रिम विधियों से भू–जल वृद्धि किया जाना आवश्यक है।

कुंओं, हेण्डपम्पों एवं नलकूपों में वर्षाजल को एकत्रित कर भू–जल (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) एक असरदार तकनीक है। इससे भू–जल भण्डार में वृद्धि होगी। साथ ही रिचार्ज पिट (गढ़ढा), रिचार्ज ट्रेंच, रिचार्ज शाफ्ट में भी छत का पानी इकट्ठा कर रिचार्ज किया जा सकता है। इन पद्धतियों का समावेश भूमि विकास नियम, 2012 में किया गया है। जिसका पालन प्रत्येक निजी ट्युबवेलधारी को करना अनिवार्य होगा। इस हेतु देवास प्रशासन द्वारा भी रेन वॉटर हार्वेस्टींग फिल्टर की संरचना तैयार की गई है।

इसके अतिरिक्त अति दोहन वाले क्षेत्र में नये नलकूपों एवं कूपों का निर्माण तुरन्त प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। भू–जल अधिनियम बनाकर इस पर तकनीकी अनुशासन लागू किया जा सकता है।

3.13.3 अपशिष्ट जल प्रवाह

अपशिष्ट जल प्रवाह की दर जनसामान्य को प्रदाय की गई जल की दर तथा भू–जल रिसावों की दर पर निर्भर करती है। सामान्य व्यवहार के अनुसार अनुमानतः जल उपभोग का 80 प्रतिशत अपशिष्ट जल प्रवाह में परिवर्तित होता है। सामान्यतः अधिकांश क्षेत्र में पाईप लाईनों का स्तर भूमि जल स्तर के ऊपर होना प्रस्तावित है और इसलिए भूमि जल रिसाव को अनदेखा कर दिया जाता है। भूमि जल रिसाव के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट वैज्ञानिक तथा तकनिकी अध्ययन अनुसार तैयार किया जाना प्रस्तावित है, जिससे जल संसाधन का अधिकतम संरक्षण किया जा सके।

वर्तमान स्थिति अनुसार देवास नगर में 36 वार्ड के लिए 3 जल अपशिष्ट प्रबंधन (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) (12 एम.एल.डी., 14 एम.एल.डी., 22 एम.एल.डी.) एवं 272 किमी लम्बी सिवरेज पाईप लाईन है।

उपरोक्तानुसार नगर में कुल 44 एम.एल.डी. केपीसीटी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट मौजूद है। एवं शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2041 की प्रस्तावित जनसंख्या 7.60 लाख अनुसार 70.0 एम. एल.डी. अपशिष्ट जल उपचार हेतु शोधन संयंत्र की आवश्यकता होगी।

3.13.4 वर्षा जल निकासी

नगर की भूमि सामान्यतः समतल है, किन्तु चामुण्डा टेकरी एवं शंकरगढ़ टेकरी नगर में पर्वतीय क्षेत्र हैं, जिनसे नगर के समीप में मुख्य रूप से दो तालाब मीठा तालाब एवं नागदा ग्राम में तालाब स्थित है। नगर का जल बहाव मुख्यतः दक्षिण की ओर क्षिप्रा नदी की ओर है। लेकिन औद्योगिक बस्ती के उत्तर में स्थित क्षेत्र का ढाल उत्तर–पूर्व दिशा की ओर है।

3.13.5 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं ट्रेंचिंग ग्राउण्ड

ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन हेतु नगर पालिक निगम देवास द्वारा शंकरगढ की टेकरी से लगकर देवास जुनियर में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1258 एवं 1259 कुल रकबा 10 हेक्टेयर भूमि पर (ट्रेंचिंग ग्राउण्ड) अपशिष्टों का निस्तारण किया जा रहा है। ट्रेंचिंग ग्राउण्ड से 300 मीटर तक किसी भी प्रकार की विकास अनुमति दी जाना प्रतिबंधित रहेगी। वर्ष 2041 की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार के केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण मण्डल द्वारा जारी मापदण्ड के परिपालन में शहरी बसाहट की सीमा से बाहर स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है।जन सामान्य की मांग पर ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के लिए उपयुक्त भूमि का निर्धारण गैर नगरीय क्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी (जिला कलेक्टर) द्वारा किया जावेगा, जो कि बाहरी आबादी से दूर, कृषि उपयोग के अंतर्गत अनुज्ञेय होगा।

3.13.6 विद्युत प्रदाय

देवास राष्ट्रीय पावर ग्रीड से जुड़ा हुआ है, बिजली की आपूर्ति मुख्यतः इन्दौर ग्रीड से की जाती है। नगर में वर्ष 2018 में लगभग 1779 मेगावाट कि विद्युत खपत होना पायी गई है।

निम्नलिखित सारणी से वर्ष 2018 में प्रयोजन के आधार पर वर्गवार विद्युत कनेक्शन एवं विद्युत की खपत को लघु तनाव एवं उच्च तनाव वर्गीकृत कर दर्शाया गया है।

विद्युत प्रदाय

सारणी 3–सा–28

Type	Residential	Commercial	Industrial	Agricultural	Others	Total
No. of Electric Connections(LT)	54762	7922	825	726	363	64598
Electric Consumption(LT)	856.69	238.48	181.44	59.22	53.18	1389.01
No. of Electric Connections(HT)	-	-	136	-	-	136


DEWAS
3.8 POWER SUPPLY NETWORK
Legend
Electric Sub Station
Transformer
33 Kv Line
11 Kv Line
Poles
National Highway
State Highway
Bypass
Roads
Railway Line
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
0 0.5 1 1.5 2 2.5 3 Km
District-Dewas
Planning Area
Dewas
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: MPPKVV Company Ltd.
To Bhopal
To Nowari
To Vijaypur
To Maksi
To Ujjain
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

Electric Consumption(HT)	-	-	390.08	-	-	390.08
TOTAL(LT+HT)	54762	7922	961	726	363	64734
TOTAL(LT+HT)	856.69	238.48	571.52	59.22	53.18	1779.09

स्त्रोतः– म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण

3.14 सामाजिक अधोसंचरना

3.14.1 शासकीय कार्यालय

देवास नगर जिला मुख्यालय होकर नगर में लगभग सभी विभागों के जिला कार्यालय स्थापित हैं।

3.14.2 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताएं

सामाजिक अधोसंरचना का विश्लेषण यू.आर.डी.पी.एफ.आई. (URDPFI) के मानकों के अनुसार शैक्षणिक स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति की तुलना मानकों के अनुसार वर्तमान आवश्यकता तथा भावी आवश्यकता का आकलन किया गया है।

3.14.3 शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य गतिविधियां

शैक्षणिक गतिविधियॉं

देवास नगर, देवास जिले के लिए एक प्रमुख शैक्षणिक केन्द्र है। नगर में चार शासकीय महाविद्यालय– 1. कला एवं वाणिज्य, 2. विज्ञान महाविद्यालय, 3. शासकीय महिला महाविद्यालय, 4. लॉ कॉलेज संचालित है। इसके अतिरिक्त एक पॉलीटेक्नीक तथा एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भी संचालित है। वर्ष 2018 में शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति निम्नानुसार है।

शैक्षणिक गतिविधियां

सारणी 3–सा–29

Type of Institutions	Primary	Middle	Secondary	Senior Secondary	Colleges				
					General	Medical	Engineering	Law	Total
No. of Govt.	17	31	02	04	03	00	00	01	04
No. of Private	00	57	99	151	07	00	00	00	07
Total	17	88	101	155	10	00	00	01	11

स्त्रोतः– जिला शिक्षा अधिकारी देवास एवं के.पी.कॉलेज देवास

स्वास्थ्य गतिविधियॉं

नगर में उपलब्ध अच्छी स्वास्थ्य सेवाऐं नगर एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। वर्तमान में नगर में एक शासकीय मुख्य चिकित्सालय के साथ–साथ बीमा चिकित्सालय भी है, जिनमें क्रमशः 400 एवं 40 बिस्तर है। इसके अतिरिक्त नगर मे 1 शासकीय औषधालय जिसमे 30 बिस्तर की क्षमता है एवं 25 शासकीय प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र है जिसमें लगभग 140 बिस्तर की क्षमता है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित निजी चिकित्सक नर्सिंग होम आदि भी स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध कराते है। यहां विशेषीकृत स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है।

विकास योजना 2031 में स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु दिये गये प्रस्तावों का क्रियान्वयन निवेश इकाई स्तर पर नहीं हो सका है। विकास योजना 2041 में पुनः निवेश इकाईवार चिकित्सा केन्द्रों का प्रावधान रखा गया है।

3.14.4 श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान

नगर में वर्तमान में 15 श्मशान एवं कब्रिस्तान विद्यमान है, जिन्हें यथावत नियोजन में समाहित किया गया है। नगर के भावी जनसंख्या एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए नये श्मशान एवं कब्रिस्तान, कृषि उपयोग के अन्तर्गत अनुज्ञेय होंगे, किन्तु इनके स्थलों का चयन जन सामान्य की मांग पर कलेक्टर एवं स्थानीय संस्था की सहमति से किया जावेगा।

3.14.5 अग्निशमन सेवा केन्द्र

वर्तमान में नगर में 02 अग्निशमन केन्द्र हैं, जिसमें से एक औद्योगिक क्षेत्र में एवं एक पटर्वधन मार्ग (पुराना मछली बाजार) में स्थित है। नगर के विभिन्न परिक्षेत्रों की गतिविधियों से संबंधित योजना बनाते समय प्रत्येक क्षेत्र के लिए सुगम अग्निशमन पहुंच सेवाओं को उपलब्ध कराने हेतु विचार किया जावेगा।

3.14.6 पेट्रोल पम्प/सी.एन.जी. गैस वितरण केन्द्र

वर्तमान में देवास नगर में 15 पेट्रोल पम्प/गैस स्टेशन संचालित है। साथ ही खाना बनाने के लिए भी सी.एन.जी. गैस पाईप लाईन द्वारा गैस सप्लाई की जा रही है।

अध्याय–4

विकास योजना प्रस्ताव–2041

निवेश क्षेत्र की पुनर्विलोकित विकास योजना 2031 म.प्र. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–2/2012/32 दिनांक 08/06/2018 द्वारा म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19(1) के अंतर्गत अनुमोदित की जाकर राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 17/08/2018 से प्रभावशील की गई थी। विकास योजना का योजनाकाल वर्ष 2031 तक की आवश्यकताओं का आंकलन कर निर्धारित किया गया था। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निवेश क्षेत्र की जनसंख्या 2.90 लाख के आधार पर वर्ष 2031 के लिये अनुमानित जनसंख्या 5.50 लाख आंकलित करते हुए विकास योजना 2031 के नियोजन प्रस्ताव दिये गये थे। अमृत योजना के अंतर्गत विकास योजना को जी.आई.एस. पद्धति के आधार पर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। यद्यपि विकास योजना की कालावधि की जनसंख्या के आधार पर पुनर्विलोकन की आवश्यकता नहीं है तथापि अमृत योजना के अंतर्गत जी.आई.एस पद्धति पर आधारित विकास योजना तैयार की गई है।

4.1 विकास योजना–2031 का पुनर्विलोकन

निवेश क्षेत्र की वर्ष 2031 की जनसंख्या का आंकलन कर एवं वर्तमान भूमि उपयोग का पूर्व अध्याय में विश्लेषण कर वर्ष 2041 के लिए विभिन्न उपयोगों के अंतर्गत आवश्यक भूमि उपयोग का आंकलन किया गया है। वर्ष 2001 में दशकीय जनसंख्या दर 40.4 प्रतिशत है एवं वर्ष 2011 में दशकीय जनसंख्या दर 25. 4 प्रतिशत है। इसी प्रकार वर्ष 2025 के लिए (नगरीय + ग्रामीण) अनुमानित जनसंख्या 4,50,000 आंकलित की गई है। तद्नुसार वर्ष 2041 के लिए निवेश क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या 7.60 लाख हेतु पुनर्विलोकन किया जाना प्रस्तावित है।

4.2 नियोजन अवधारणा

किसी भी नगर का आकार एवं स्वरूप प्राकृतिक तथा मानवीय प्रतिरूप से प्रभावित होता है। क्षेत्र की स्थल आकृतियां पहाड़, नदी, नाले, तालाब आदि नगर के भौतिक स्वरूप को प्रभावित करते है। नगर विंध्य पहाड़ियों के कारण समतल पठार के उत्तरी–दक्षिणी ढाल पर चामुण्डा पहाड़ी के चारों ओर स्थित है। विकास योजना 2031 में प्रस्तावित नियोजन अवधारणा को देवास विकास योजना 2041 के लिये यथावत रखा गया है। नगरीय विकास की वर्तमान आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मिश्रित उपयोग की अवधारणा को भी सम्मिलित किया गया है।

विकास योजना 2041 की विकास अवधारणा निम्न बिन्दुओं पर आधारित है :–

(1) अन्य नगरीय गतिविधियों मे कम से कम सामंजस्य रखते हुए, औद्योगिक उपयोग हेतु पर्याप्त भूमि का प्रावधान करना।

(2) नागरिकों एवं माल के सुरक्षित तथा शीघ्र आवागमन हेतु नगर में सक्षम परिवहन तंत्र की व्यवस्था करना।

(3) भूमि का समुचित एवं तर्क संगत उपयोग।

(4) विभिन्न धार्मिक पुरातत्व का संरक्षण एवं संधारण।

(5) नगर के मध्य क्षेत्र में स्थित वाणिज्यिक एवं आवासीय दबाव को कम करने के लिए विभिन्न मुख्य मार्गों पर मिश्रित प्रस्ताव।

(6) वर्तमान एवं भावी यातायात की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए सक्षम परिभ्रमण संरचना।

(7) प्रमुख व्यापारिक–वाणिज्यिक एवं कृषि आधारित उत्पाद पर आधारित औद्योगिक केन्द्र के प्रस्ताव।

(8) प्रदूषणकारी उद्योगों को नगरीय क्षेत्र से बाहर प्रतिस्थापित करने का प्रस्ताव।

(9) नगर के कार्यकेन्द्रों एवं आवासीय क्षेत्रों के मध्य सुरक्षित तथा सुविधाजनक मार्ग संरचना।

(10) निवेश क्षेत्र के अंतर्गत नालों, जलाशयों के किनारे वृक्षारोपण।

(11) ग्रामीण आबादी के आसपास आवासीय उपयोग के विकास के प्रस्ताव।

4.3 वर्तमान भूमि उपयोग विश्लेषण एवं नगर विकास हेतु आवश्यक क्षेत्रफल

जनसंख्या आंकलन के अनुसार वर्ष 2041 तक देवास निवेश क्षेत्र (नगरीय + ग्रामीण) की भावी जनसंख्या 7.60 लाख आंकलित की गई है। देवास विकास योजना 2031 में 5.50 लाख जनसंख्या अनुमानित कर विभिन्न भू–उपयोगों हेतु 6428.00 हेक्टेयर भूमि आरक्षित की गई थी। जिसके आधार पर सकल घनत्व 86 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर होता है। मानक भू–उपयोगिता दर कें आधार पर भूमि की आवश्यकता प्रति 1000 व्यक्ति के लिये 11.69 हेक्टेयर के आधार पर अनुमानित कर भूमि उपयोग आरक्षित किये गये थे। वर्तमान जनसंख्या 4.50 लाख (नगर निगम+ग्रामीण) प्रक्षेपित करते हुए भूमि उपयोग दर के आधार पर वर्ष 2025 में वर्तमान भूमि उपयोग की अद्यतन स्थिति सारणी क्रमांक 4–सा–1 में दर्शायी गयी है।

वर्तमान भूमि उपयोग विश्लेषण

सारणी 4–सा–1

क्र.	भूमि उपयोग	विकास योजना 2031 में प्रस्तावित क्षेत्र हेक्टेयर में			वर्तमान विकसित क्षेत्र (2025)			शेष रिक्त भूमि (क्षेत्रफल हेक्टेयर में)
		क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्रतिशत	भूमि उपयोगिता दर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्रतिशत	भूमि उपयोगिता दर	
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**
1	आवासीय	2952.00	45.93	5.37	1505.00	39.00	3.34	1447.00
2	वाणिज्यिक	421.00	6.55	0.76	75.95	1.97	0.17	345.05
	मिश्रित				38.64	1.00	0.09	-38.78
3	औद्योगिक	1390.00	21.62	2.53	1005.26	26.05	2.23	384.74

DEWAS
4.1 EXISTING LANDUSE
Legend
RESIDENTIAL
GENERAL RESIDENTIAL
MIXED LANDUSE
COMMERCIAL
GENERAL
MANDI
CATEGORIZED
INDUSTRIAL
GENERAL INDUSTRIES
RECREATIONAL
PARK
AFFORESTATION
STADIUM
HILLOCK
SPECIAL PURPOSE
FOREST
PUBLIC & SEMIPUBLIC
TRANSPORTATION
BUS STAND
ROADS
RAILWAY STATION
RAILWAY LINE
PUBLIC UTILITIES & FACILITIES
WATERBODIES
RIVER
LAKE/PONDS/RESERVOIRS
NALLAH/CANAL
AGRICULTURE
BOUNDARIES
PLANNING AREA
VILLAGE
MUNICIPAL CORPORATION
Scale
0 1 2 3 4 5 Km
N
District-Dewas
Planning Area
Dewas
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: World View-II,2016 Satellite Data & Ground Verification
To Rabadiya
To Bhopal
SH-29
To Agra
To Newari
SH-44
To Bangarda
To Vijaygarh Mandi
SH-16
To Maksi
To Ujjain
To Sanwer
To Indore
To Mhow
To Nagora
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

4	सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक सार्वजनिक उपयोगिताएं और सुविधाएं	263.00	4.09	0.48	163.52 70.0	6.05	0.52	29.48
5	आमोद–प्रमोद	689.00	10.72	1.25	220.00	5.70	0.49	469.00
6	यातायात एवं परिवहन	713.00	11.09	1.30	781.00	20.24	1.74	-68.00
	योग	6428.00	100.00	11.69	3859.37	100.00	8.58	2568.49

स्त्रोत :– मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश का सर्वेक्षण।

4.3.1 विकास योजना में भावी विकास हेतु अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता

विकसित क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक, मिश्रित, सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक, सार्वजनिक सेवाएं एवं सुविधाएं, आमोद–प्रमोद एवं यातायात एवं परिवहन शामिल है। इसमें रिक्त भूमि, जलाशय, वन क्षेत्र, ग्रामीण निर्मित क्षेत्र, एवं कृषि भूमि सम्मिलित नहीं है।

यू.आर.डी.पी.एफ.आई. मानक अनुसार मध्यम श्रेणी के नगरों के लिये 125 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर जनसंख्या घनत्व अनुशंसित है। देवास नगर की प्राकृतिक संरचना एवं विकास की प्रवृत्ति के कारण इस नगर में कम एवं मध्यम ऊंचाई के भवन ही निर्मित है। भवनों की वर्तमान प्रकृति अनुसार ही उपरोक्त तालिका अनुसार यदि विभिन्न भू–उपयोग परिक्षेत्रों में उल्लेखित भूमि उपयोग हेतु भूमि आरक्षित की जाती है तो सकल आवासीय घनत्व 118 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर प्राप्त होगा, जो अनुशंसित घनत्व के अनुसार है। देवास निवेश क्षेत्र में प्रस्तावित उपयोगों के लिये भूमि का चयन करने हेतु समन्वित भूमि में उपयुक्तता विश्लेषण किया गया है।

4.4 प्रस्तावित भूमि उपयोग 2041

विकास योजना 2031 में विभिन्न भूमि उपयोगों के अंतर्गत भूमि उपयोगिता दर 11.69 हेक्टर प्रति 1000 व्यक्ति प्रस्तावित की गई थी। वर्ष 2025 के विकसित क्षेत्र के आधार पर भूमि उपयोग दर का विश्लेषण 4–सा–2 में किया गया है। विश्लेषण के आधार पर कुल भूमि उपयोग दर प्रति 1000 व्यक्ति 8.83 हेक्टेयर प्राप्त होती है। तालिका में पृथक–पृथक भूमि उपयोग के अंतर्गत विश्लेषण भी दर्शाया गया है। भूमि उपयोगिता दर 13.82 के आधार पर वर्ष 2041 की जनसंख्या के लिये आवश्यक क्षेत्रफल तथा विभिन्न भूमि उपयोगों के अंतर्गत शेष भूमि के आधार पर भूमि उपयोग प्रस्तावित किये गये है। विभिन्न भूमि उपयोगों के अंतर्गत आवश्यक भूमि के अतिरिक्त मिश्रित उपयोग भी प्रस्तावित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रमुख मार्गों पर विभिन्न गतिविधियां जैसे वाणिज्यिक/आवासीय/सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक जो नगर विकास में सहायक हो उनको गति देना है।

वर्ष 2041 के लिए भूमि उपयोग विवरण

सारणी 4–सा–2

क्र.	भूमि उपयोग	विकास योजना 2031 में प्रस्तावित क्षेत्र हेक्टेयर में	वर्तमान विकसित क्षेत्र (2025)			प्रस्तावित विकसित क्षेत्र (2041) (वर्तमान विकसित क्षेत्र सहित)		
			क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्रतिशत	भूमि उपयोगिता दर	वर्तमान + प्रस्तावित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्रतिशत	प्रस्तावित भूमि उपयोगिता दर
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**
1	आवासीय	2952.00	1505.00	39.00	3.34	3582.93	34.11	4.71
2	मिश्रित		38.64	1.00	0.09	1242.34	11.83	1.63
3	वाणिज्यिक	421.00	75.95	1.97	0.17	476.85	4.54	0.63
4	औद्योगिक	1390.00	1005.26	26.05	2.23	1981.83	18.87	2.61
5	सार्वजनिक / अर्द्धसार्वजनिक	263.00	163.52	6.05	0.52	315	3.00	0.41
	सार्वजनिक उपयोगिता एवं सुविधाएं		70.0					
6	आमोद–प्रमोद	689.00	220.00	5.70	0.49	1195.28	11.38	1.57
7	यातायात एवं परिवहन	713.00	781.00	20.24	1.74	1709	16.27	2.25
	योग	6428.00	3859.37	100.00	8.58	10503.23	100.00	13.82

नोट :–

1. आवासीय उपयोग के अंतर्गत वर्ष 2041 हेतु प्रस्तावित आवासीय वर्ष 2031 में प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में कम किया गया है, जिसका मुख्य कारण प्रस्तावित आवासीय क्षेत्र के मिश्रित उपयोग में समानुपात में प्रस्तावित किया जाना है।
2. वर्तमान भूमि उपयोगिता दर निवेश क्षेत्र की वर्ष 2025 की प्रक्षेपित जनसंख्या 4.50 लाख के आधार पर आंकलित की गई है।
3. प्रस्तावित भूमि आवंटन दर वर्ष 2041 की प्रक्षेपित जनसंख्या 7.60 लाख के आधार पर आंकलित की गई है।
4. देवास एक औद्योगिक नगर है, यहां पर औद्योगिक गतिविधियों के कारण अधिक भूमि की आवश्यकता होने से भूमि आवंटन दर 13.82 प्रस्तावित की गई है। उपरोक्त सारणी में दर्शित वर्तमान भूमि उपयोगिता दर 8.58 प्रति हजार व्यक्ति जनसंख्या की तुलना में वर्ष 2041 के लिये 13.82 हेक्टेयर प्रति हजार जनसंख्या की दर से भू–आवंटन प्रस्तावित किया गया है।


DEWAS
DEVELOPMENT PLAN (DRAFT 2041)
4.2 Proposed Landuse
Legend
Scale
0 1 2 3 4 5 Km
District-Dewas
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source : Directorate of town & Country Planning
To Rahadiya
To Bhopal
To Agra
To Newari
To Bangarda
To Vijayganj Mandi
To Maksi
To Ujjain
To Ujjain
To Sanwer
To Indore
To Mumbai
To Nagora
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

5. प्रस्तावित भूमि उपयोग के आधार पर नगर का औसत सकल घनत्व लगभग 73 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर तथा औसत आवासीय घनत्व 212 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर आता है।

देवास विकास योजना 2041 में विकास योजना 2031 की मूल अवधारण वर्तमान विकसित क्षेत्र की प्रवृत्ति एवं प्रकार इत्यादि को ध्यान में रखते हुए अनुमानित भावी जनसंख्या को समायोजित करने के उद्देश्य से भू–उपयोग आधारित नियोजन प्रस्तावों को उपरोक्त सारणी में दर्शाये अनुसार सकल वास्तविक क्षेत्रफल के प्रस्ताव दिये जा रहे है।

4.4.1 आवासीय

आवासीय उपयोग के प्रस्ताव वर्तमान आवासीय को समाहित करते हुये नगर के चारों दिशाओं में दिये गये हैं, ताकि नगर का संतुलित विकास हो सके। आवासीय उपयोग के अंतर्गत वर्तमान आवासीय सहित 3582.93 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 34.11 प्रतिशत है।

4.4.2 मिश्रित

आवासीय परिसरों में बाजार के आर्थिक बल के कारण सामाजिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों का विकास आवासीय परिसरों में हुआ है। बाजार के आर्थिक बल होने के कारण आवासीय परिसरों में वाणिज्यिक गतिविधियों की मांग और बढ़ रही है। अतः अब ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता है, जिसके फलस्वरूप नागरिकों की वास्तविक आवश्यकता एवं नागरिकों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मध्य संतुलन बना रहे। भविष्य की आवश्यकता की पूर्ति हेतु 1242.34 हेक्टेयर भूमि मिश्रित उपयोग हेतु प्रस्तावित की गई है जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 11.83 प्रतिशत क्षेत्र है।

4.4.3 वाणिज्यिक

वाणिज्यिक उपयोग के प्रस्ताव वर्तमान वाणिज्यिक को यथावत् रखते हुये मुख्य मार्गों पर प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों के समीप प्रस्तावित किये गये हैं, ताकि आवासीय क्षेत्र को वाणिज्यिक गतिविधियों की सुविधा प्राप्त हो सके। वाणिज्यिक उपयोग के अंतर्गत वर्तमान वाणिज्यिक सहित 476.85 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 4.54 प्रतिशत है, जिसमें से विशिष्ट वाणिज्यिक उपयोग हेतु 80. 0 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है।

4.4.4 औद्योगिक

नगर में औद्योगिक विकास, स्थानीय खनिज, वनोपज एवं कृषि उपज के आधार पर स्थापित होने वाले प्रदूषण रहित औद्योगिक इकाईयों के रूप में प्रस्तावित है। इन औद्योगिक इकाईयों के लिए वर्तमान औद्योगिक क्षेत्रों के समीप कुल 1981.83 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है। औद्योगिक उपयोग के लिए प्रस्तावित भूमि का 18.87 प्रतिशत है।

4.4.5 सार्वजनिक–अर्द्ध सार्वजनिक एवं सार्वजनिक उपयोगिता

सार्वजनिक–अर्द्धसार्वजनिक एवं सार्वजनिक उपयोगिता भूमि उपयोग के अंतर्गत वर्तमान सहित 315.00 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 3.00 प्रतिशत है।

4.4.6 आमोद–प्रमोद

आमोद–प्रमोद सदैव मानव जीवन का अंग रहा है। खुले स्थान, उद्यान एवं बगीचे आदि नगरीय जीवन के लिए आवश्यक है, जिनके सहारे नगर प्राणवायु, अर्थात परिपुष्ट स्वास्थ्य ग्रहण करता है। देवास नगर में चामुण्डा माता टेकरी पर नवरात्री एवं शिवरात्री पर मेला आयोजित होता है। इसके अतिरिक्त ए. बी. रोड पर मल्हार स्मृति उद्यान के रूप में विकसित है। औद्योगिक क्षेत्र से लगकर ए.बी. रोड के किनारे महाराजा तुकोजीराव स्पोर्ट्स उद्यान तथा शंकरगढ़ पहाड़ी पर वृक्षारोपण कर नगर वन के नाम से नगर पालिक निगम देवास एवं वन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। देवास नगर की भावी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एवं पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए उद्यान एवं पर्यावरण वानिकी तथा वृक्षारोपण हेतु भूमि प्रस्तावित की गई है। विशेषकर क्षिप्रा नदी की शुद्धता एवं पवित्रता एवं सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखकर क्षिप्रा नदी से लगकर 100.0 मीटर गहराई तक वृक्षारोपण प्रस्तावित किया गया है, जिसमें सघन वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही शंकरगढ़ पहाडी को भी पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से हरित क्षेत्र रखा गया है। इस उपयोग के अन्तर्गत 1195.28 हे. भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कि कुल प्रस्तावित क्षेत्र का 11.38 प्रतिशत है।

4.4.7 यातायात एवं परिवहन

विकास योजना में यातायात क्षेत्र के अन्तर्गत 1709.0 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, यह भूमि विकास के लिए प्रस्तावित भूमि का 16.27 प्रतिशत है। यातायात एवं परिवहन उपयोग के अन्तर्गत यातायात नगर, नगरीय मार्गों का विस्तार, बायपास मार्ग का निर्माण तथा स्थानीय मार्गों की यातायात संरचना पदानुक्रम में विकास के लिए प्रस्तावित की गई है।

4.5 निवेश इकाईयाँ

विकास योजना 2041 में नगर विकास की संरचना पदानुक्रम नियोजन में विकसित करने पर आधारित है। देवास निवेश क्षेत्र को तीन निवेश इकाईयों में विभक्त किया गया है। विकास योजना में इन निवेश इकाईयों को आधार मानकर प्रस्ताव दिये गये है। ये निवेश ईकाईयां आवासीय, वाणिज्यिक, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आमोद–प्रमोद की दृष्टि से आत्मनिर्भर होगी। निवेश ईकाई निर्धारण में जनसंख्या एवं मानव निर्मित सीमाओं को आधार माना गया है। प्रत्येक निवेश ईकाई को मुख्य कार्यकेन्द्र एवं यातायात संरचना से युक्तियुक्त रूप से जोड़ा गया है, ताकि ये ईकाइयां सर्व–सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर हो सकें।

- **निवेश इकाई क्रमांक –1**
  इसके अंतर्गत निवेश क्षेत्र को पूर्व में ग्राम खटाम्बा भोपाल रोड की पूर्वी सीमा तक तथा दक्षिण में ए. बी. रोड पर ग्राम सुकल्या क्षिप्रा तक सम्मिलित है। इस इकाई का क्षेत्रफल 10150.26 हेक्टेयर है।
- **निवेश इकाई क्रमांक –2**
  इसके अंतर्गत निवेश क्षेत्र को पूर्व में ग्राम खटाम्बा भोपाल रोड की पूर्वी सीमा तक तथा उत्तर–पश्चिम में ग्राम सिंगावदा उज्जैन रोड तक सम्मिलित है। इस इकाई का क्षेत्रफल 8374.08 हेक्टेयर है।


DEWAS
4.3 PLANNING UNIT
Legend
Planning Unit (Area in ha)
Planning Unit Boundary (10160.26)
Planning Unit Boundary (8374.08)
Planning Unit Boundary (4881.76)
National Highway
State Highway
Bypass
Roads
Railway Line
Railway Station
Bus Stand
Waterbody
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
0 1 2 3 4 5 6 Km
District-Dewas
Planning Area
Dewas
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Directorate of Town & Country Planning
To Rabadiya
To Bhopal
To Agra
To Newari
To Bangarda
To Vijayganj
To Maksi
To Ujjain
To Ujjain
To Sanwer
To Indore
To Mumbai
To Nagora
1
2
3
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

- **निवेश इकाई क्रमांक– 3**
  इसके अंतर्गत निवेश क्षेत्र को उत्तर पश्चिम में उज्जैन रोड पर ग्राम सिंगावदा की सीमा तक तथा दक्षिण दिशा में एबी रोड पर ग्राम सुकल्या क्षिप्रा की सीमा तक सम्मिलित है। इस इकाई का क्षेत्रफल 4881.78 हेक्टेयर है।

निवेश इकाईवार क्षेत्र एवं जनसंख्या

सारणी 4–सा–3

क्र.	निवेश इकाईयाँ	कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	आंकलित जनसंख्या–2025 (लाख में)	अनुमानित जनसंख्या–2041 (लाख में)
1	2	3	4	5
1	1	10150.26	1.63	2.66
2	2	8374.08	1.43	2.28
3	3	4881.78	1.44	2.66
योग		23406.12	4.50	7.60

नोटः– निवेश इकाई में दर्शित जनसंख्या अनुमानित है। इसका उपयोग केवल अधोसंरचना नियोजन के प्रारंभिक आंकलन के लिए दर्शाया गया है। स्थानीय स्वीकृतियों के संबध में इस अनुमानित जनसंख्या का उपयोग किया जाना अपेक्षित नहीं है। अधोसंरचना के रूपांकन के समय भी इस अनुमानित जनसंख्या का युक्तियुक्तकरण कर रूपांकन किया जाना प्रस्तावित है।

4.6 निवेश इकाईवार जनसंख्या एवं आवासीय घनत्व

निवेश क्षेत्र को तीन निवेश इकाईयों में विभक्त किया गया है। इन निवेश इकाईयों में 3582.93 हेक्टेयर क्षेत्र आवासीय उपयोग के अंतर्गत प्रस्तावित है। निवेश इकाई क. 1 से 3 में अनुमानित 7.60 लाख जनसंख्या निवास करेगी। इससे निवेश इकाईवार जनसंख्या एवं आवासीय घनत्व का विवरण निम्न सारणी में दर्शित है।

सारणी 4–सा–4

नि.इ. क.	कुल क्षेत्रफल (हे.में) आवासीय	क्षेत्रफल प्रतिशत	कुल जनसंख्या लाख में (2041)	जनसंख्या प्रतिशत	औसत आवासीय घनत्व
1	2	3	4	5	6
1	1146.53	32.00	2.66	35	232
2	1182.36	33.00	2.28	30	193
3	1254.04	35.00	2.66	35	212
योग	3582.93	100	7.60	100	212

4.7 प्रमुख कार्य केन्द्र

औद्योगिक केन्द्र, राज्य एवं केन्द्र सरकार के कार्यालय, रेल्वे, व्यापारिक, वाणिज्यिक, यातायात एवं परिवहन, बड़े पैमाने पर निर्माण व्यवसायिक सेवाएं आदि प्रमुख कार्य केन्द्र के अंतर्गत आते हैं। यहां प्रमुख नियोक्ता राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के साथ–साथ सार्वजनिक उद्यम, निजी उद्यम, यातायात एवं सेवा क्षेत्र है।

बम्बई–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.–52 पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र, बैंक नोट प्रेस, कृषि उपज मण्डी, मध्य क्षेत्र के आस–पास स्थित शासकीय कार्यालय तथा वर्तमान नगर का वाणिज्यिक क्षेत्र, नगर के प्रमुख कार्य केन्द्र है। यह कार्य केन्द्र प्रतिदिन यातायात के दबाव को बढ़ाकर मिश्रित प्रकार का यातायात उत्पन्न करते हैं, इससे यात्रा समय में वृद्धि होती है। अतः कार्य केन्द्रों को आवासीय क्षेत्रों के पास रखने के प्रस्ताव विकास योजना 2041 में दिए गये है।

4.7.1 औद्योगिक क्षेत्र

भारत के औद्योगिक मानचित्र पर 1970 के दशक में देवास एक औद्योगिक केन्द्र के रूप में उभरकर सामने आया, इसका मुख्य कारण राष्ट्रीय यातायात संरचना में देवास की स्थिति, यहां पर स्थित आधारभूत सुविधाएं एवं श्रमिकों का उपलब्ध होना तथा केन्द्र सरकार की औद्योगिक नीति है। औद्योगिक दबाव को समाहित करने के लिए औद्योगिक क्षेत्र बम्बई–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तथा एक औद्योगिक क्षेत्र उज्जैन मार्ग पर लगभग 500.0 हेक्टयर क्षेत्र में विकसित है।

इसके अतिरिक्त मेसर्स चामुण्डा स्टेण्डर्ड मि.लि. बालगढ़, मेसर्स गजरा गियर्स लि. स्टेशन रोड, मेसर्स किर्लोस्कर ब्रदर्स लि., बैंक नोट प्रेस, मेसर्स एस. गियर्स, मेसर्स स्टील ट्यूब्स ऑफ इण्डिया ग्राम कालूखेडी, मेसर्स एस.पी.आई. बायप्लस ट्यूब प्रा.लि. कालूखेड़ी, मेसर्स एस.टी.आई.सी.आर रोल्स मिल कालूखेड़ी, मेसर्स हिन्द सिन्थेटिक ग्राम कलमा, मेसर्स अल्पाईन बायेटेक लि. ग्राम सिया, मेसर्स एम.पी. ग्लायकेन लि. ग्राम बिलावली कुछ ऐसे प्रमुख उद्योग है जो कि औद्योगिक क्षेत्रों के बाहर निजी स्वामित्व की भूमियों पर कार्यरत हैं। बम्बई–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंडों की उपलब्धता रही है। वर्तमान में कार्यरत विभिन्न प्रकार के उद्योग लगभग 21000 श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं। इन्दौर, देवास, पीथमपुर एवं महू राष्ट्रीय राजमार्ग कमांक 52 (ए.बी. रोड)पर स्थित है एवं उक्त नगरों की आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियां आपस में जुडी हुई है। अतः म.प्र. औद्योगिक विकास निगम एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा देवास में इण्डस्ट्रियल इन्वेस्मेंट क्षेत्र विकसित किये जाने की आवश्यकता है, जिससे देवास में रोजगार के साथ–साथ निवेश की भी संभावनाएं बढेंगी, जो शहर के आर्थिक विकास में सहायक होगा।

4.7.2 वाणिज्यिक क्षेत्र

नगर में मुख्यतः वाणिज्यिक गतिविधियां मध्य क्षेत्र, ए.बी. मार्ग एवं उज्जैन मार्ग पर विद्यमान है। मध्यक्षेत्र में मिश्रित गतिविधियां विद्यमान है, जो नगर कि आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए व्यापारिक केन्द्र के रूप में स्थित है। मध्य क्षेत्रान्तर्गत थोक एवं फुटकर बाजार, व्यवसायिक कार्यालय, बैंक, शैक्षणिक, एवं आवासीय गतिविधियां विद्यमान है। वाणिज्यिक कार्यकलापों के साथ–साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों

की सघनता से वाहन विराम स्थल एवं यातायात समस्या उत्पन्न होती है। मानचित्र में विशेषीकृत बाजार के स्थल को नहीं दर्शाया गया है। विशेषीकृत बाजार के अंतर्गत – लोहाबाजार, कबाडी बाजार, भवन निर्माण सामग्री, थोक एवं विशिष्ट बाजार, जो पूर्व विकास योजना में दर्शाये गये थे, किंतु प्रस्ताव अनुसार स्थल पर विकसित नहीं हो सके। जिन्हें वाणिज्यिक क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जा सकेगा। चूंकि उक्त बाजार भारी यातायात से संबंधित है, अतः इन्हें यातायात नगर हेतु चयनित स्थलों पर भी नियोजित किया जा सकता है, देवास विकास योजना 2041 के प्रस्ताव निम्नलिखित नीति पर आधारित होंगेः–

1. मध्य क्षेत्र को ''नगर केन्द्र'' जैसा स्वरूप बनाए रखने का प्रस्ताव किया गया है ।
2. उपयुक्त स्थलों पर पदानुक्रमिक वाणिज्यिक केन्द्रों का प्रस्ताव किया गया है, ताकि वर्तमान में नगर पर बढ़ते हुये दबाव एवं इससे आगे आवासीय उपयोगों का वाणिज्यिक उपयोग में परिवर्तन कम किया जा सके ।

(अ) फुटकर वाणिज्यिक क्षेत्र

पंच–स्तरीय फुटकर वाणिज्यिक क्षेत्र उपयुक्त स्थल पर प्रस्तावित किये गये है।

1. मध्य क्षेत्र को केन्द्र मानकर नगर केन्द्र का प्रमुख मार्गों पर विस्तार।
2. सभी निवेश इकाईयों में निवेश इकाई केन्द्र।
3. खण्ड स्तर पर दुकान केन्द्र।

(ब) थोक वाणिज्यिक क्षेत्र

1. मण्डी ।
2. भण्डारगृह, शीतगृह एवं मालगोदाम।
3. वर्गीकृत बाजार ।

4.7.3 सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक उपयोग

नगरीय क्षेत्र में सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक उपयोग की आवश्यकता महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस उपयोग के अंतर्गत शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधायें सम्मिलित होती है, जो नगरीय स्तर में गुणात्मक सुधार के साथ–साथ वाणिज्यिक गतिविधि के रूप में कार्यशीलता प्रकट करती है।

4.7.4 आवासीय

नगरीय क्षेत्र में विभिन्न आय वर्ग के लिए आवास उपलब्ध कराने का नीतिगत एवं महत्वपूर्ण लक्ष्य है। आवास एक ऐसा प्रमुख घटक है, जो नगर के आर्थिक विकास को पूर्णतः प्रभावित करता है तथा गतिशील बनाता है। अधिकांश परिवारों के लिए पारिवारिक बचत से आवास प्राप्त करना एक प्रमुख लक्ष्य होता है।

नगरीय संरचना के संदर्भ में आवास का विभिन्न कार्य केन्द्रों तथा सामाजिक, सांस्कृतिक केन्द्रों से सशक्त स्थानीय संबंध है। किसी भी नगरीय क्षेत्र के लिए कार्य केन्द्रों, औद्योगिक क्षेत्रों तथा विभिन्न सुविधाओं की सूक्ष्मता को ध्यान में रखते हुए आवासीय क्षेत्रों में उचित संरचना प्रदान करना सफल नगरीय

योजना की कुंजी है। आवास का अर्थ केवल आवासीय स्थल अथवा आवासीय इकाईयां प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि इसका वृहद् अर्थ है– प्रत्येक आवास क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ–साथ अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करना है, जो निम्नलिखित हैः–

- आर्थिक क्षमता के अनुसार भविष्य में विस्तार करने की संभावना तथा बदलते परिवेश में भवन निर्माण हेतु भू–खण्ड का प्रावधान ।
- अफोर्डेबल हाऊसिंग योजना के तहत मध्यम एवं गरीब वर्ग के लिए शासन की प्रोत्साहन नीति के अनुसार किफायती दर पर आवासीय ईकाईयॉ उपलब्ध कराना ।
- आवासीय क्षेत्रों में मूलभूत सेवा–सुविधाओं की कमी वाले क्षेत्रों में सुधार तथा प्रस्तावित आवासीय क्षेत्र में अधोसंरचना का प्रावधान ।
- सार्वजनिक सेवा–सुविधाओं जैसे– शिक्षा, स्वास्थ्य, आमोद–प्रमोद आदि का प्रावधान करना।
- कार्य केन्द्रों तथा सुविधा केन्द्रों का आवासीय क्षेत्र के साथ परस्पर उचित परिवहन प्रणाली एवं व्यवस्था द्वारा परस्पर संबंध स्थापित करना।
- पारिवारिक आवश्यकताओं के अनुरूप आवासीय क्षेत्र के आवंटन का प्रावधान।
- पानी, विद्युत एवं निस्तार जैसी जन उपयोगी सुविधाओं की सुगमता तथा वहन करने योग्य अधोसंरचना का प्रावधान।
- सामाजिक एवं सामुदायिक क्षेत्र में प्रोन्नति करने वाली सक्षम आवासीय इकाईयों का प्रावधान।
- यातायात के साधन एवं सुविधा जो कार्य केन्द्रों, शिक्षा एवं अन्य सुविधा स्थलों से उचित ढंग से सम्बद्ध हो, की उपलब्धता।

4.7.5 गंदी बस्ती एवं झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र

मूलभूत आवश्यकताओं एवं सुविधा रहित समाज के अनौपचारिक मजदूर वर्ग की बसाहट गन्दी बस्ती के नाम से पहचानी जाती है। देवास नगर में गन्दी बस्तियों की संख्या 81 है इनमें लगभग 1,30,000 व्यक्ति निवासरत है। इस प्रकार गंदी बस्ती में निवास कर रही जनसंख्या देवास नगर की कुल जनसंख्या का लगभग 33.76 प्रतिशत है।

स्थानीय संस्थाओं द्वारा गंदी बस्तीयों के लिये पर्यावरण सुधार योजनाएं कियान्वित की गई है। देवास नगर निगम सीमा के अंतर्गत गन्दी बस्तियों का विवरण निम्नलिखित सारणी में दिया गया हैः–

गंदी बस्ती

सारणी 4–सा–5

क्र.	गंदी बस्ती	संख्या	जनसंख्या (लाख में)
1	**2**	**3**	**4**
1	अधिसूचित बस्तियां	36	93550
2	नगर निगम द्वारा प्रस्तावित	45	36450
	योग	81	1,30,000

स्त्रोत– नगर पालिक निगम, देवास

टीप :–उपरोक्त गंदी बस्ती क्षेत्रों का पर्यावरण सुधार एवं उन्नयन किया जाकर, मूल–भूत सेवा सुविधाओं एवं अधोसंरचना का विकास किया जाना प्रस्तावित है।

4.8 नगरीय ग्राम

निवेश क्षेत्र में जो ग्राम आबादी विकास योजना में प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र में शामिल दर्शाई गई है। उनका विकास, विकास योजना में दर्शित उपयोग अनुरूप ही किया जावेगा, किन्तु जो ग्राम आबादी प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र में शामिल नहीं हुई है उनका विस्तार वर्तमान आबादी के आसपास 200.0 मीटर की परिधि में किया जा सकेगा तथा इसका स्वरूप वर्तमान ग्राम आबादी के समान ही रहेगा यह विस्तार सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा से ग्राम विकास के रूप में ही हो सकेगा।

4.9 असंगत भूमि उपयोग

विकास योजना 2031 में अधिक कोलाहल उत्पन्न करने वाले क्षेत्र के साथ–साथ सामान उतारने–चढ़ाने की सुविधा से रहित भीड़–भाड़ एवं पहुंच विहीनता के कारण कार्यशीलता में अक्षमता वाले कुछ उपयोगों को उनके वर्तमान स्थल से स्थानांतरित करने का प्रस्ताव निम्न सारणी अनुसार पुनः प्रस्तावित है :–

भूमि उपयोग की पुनर्स्थापना एवं रिक्त भूमि का विकास

सारणी 4–सा–6

क्र.	वर्तमान उपयोग	वर्तमान स्थान	प्रस्तावित स्थान	रिक्त होने पर उपयोग
1	2	3	4	5
1.	आरा मशीने	स्टेशन मार्ग, ए.बी. मार्ग एवं उज्जैन मार्ग	निवेश इकाई क्र.–2	वाणिज्यिक एवं मार्ग विस्तार
2.	चामुण्डा टेकरी	टेकरी के नीचे चारों ओर स्थित अवैध विकास/निर्माण	निवेश इकाई क्र. –1,2,3	वृक्षारोपण एवं दोनों चढाई के मार्ग पर पार्किंग
3.	ट्रक स्थानक एवं गैरेज	ए.बी. मार्ग, उज्जैन मार्ग, भोपाल मार्ग, स्टेशन मार्ग एवं अन्य मार्गों पर स्थित	निवेश इकाई क्र.–2 एवं 3	मार्ग विस्तार एवं वाणिज्यिक
4.	सब्जी/फल की फुटकर दुकानें	शालिनी मार्ग जेल मार्ग एवं अन्य मार्ग पर स्थित	निवेश इकाई क्र.–1	मार्ग
5.	सब्जी मंडी/ फल की दुकाने	नावेल्टी चौराहा ईदगाह, जय प्रकाश मार्ग	निवेश इकाई क्र.–1 (खारी बाबड़ी रोड स्थित पुरानी उपजेल की भूमि पर)	पार्किंग/खुला मार्ग
6.	लोहा मण्डी	जयप्रकाश मार्ग (तीन बत्ती तिराहा तक)	निवेश इकाई क्र.–3	वाणिज्यिक
7.	भवन सामग्री की दुकानें	ए.बी. मार्ग, उज्जैन मार्ग, स्टेशन मार्ग, जय प्रकाश मार्ग एवं अन्य मार्ग	निवेश इकाई क्र.–3	वाणिज्यिक/मार्ग
8.	कबाड़ी दुकाने / बाजार	चूड़ी बाखल मार्ग तथा नगर के अन्य मार्गों पर स्थित	निवेश इकाई क्र.–3	वाणिज्यिक/मार्ग

9.	गजरा गियर्स प्रायवेट लिमिटेड	ग्राम देवास सिनियर स्टेशन रोड पर स्थित	औद्योगिक क्षेत्र	आवासीय
10.	अनाज एवं सब्जी मण्डी,	ग्राम देवास सिनियर ए.बी. रोड पर स्थित	निवेश इकाई क्र.–2	आवास एवं मिश्रित

4.10 अमोद प्रमोद

आमोद–प्रमोद सदैव मानव जीवन का अंग रहा है। खुले स्थान, उद्यान एवं बगीचे आदि नगरीय जीवन के लिए आवश्यक है, जिनके सहारे नगर प्राणवायु अर्थात परिपुष्ट स्वास्थ्य ग्रहण करता है। सड़क किनारे एवं विकसित क्षेत्रों के मध्य हरित पट्टी निर्मित करने का प्रस्ताव है। इसी के साथ–साथ जल स्त्रोतों के किनारे भी वृक्षारोपण प्रस्तावित है।

आमोद–प्रमोद क्षेत्रों को निम्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:–

- उद्यान
- हरित क्षेत्र
- क्षेत्रीय उद्यान
- प्राकृतिक क्षेत्रों या भू–दृश्यीकरण क्षेत्रों का संरक्षण
- नदी/तालाब के किनारे का विकास

स्थानीय खुला स्थान प्रणाली

आवासीय सेक्टरों एवं गतिविधि–कॉरीडोरों के विस्तृत अभिन्यास रूपांकन में औपचारिक एवं अन्य भवनों से संलग्न खुले क्षेत्रों की व्यवस्था का प्रावधान रखा गया है। यह व्यक्तिगत खुले क्षेत्र शहर के निर्मित आकृति के अभिन्न अंग होंगे। स्थानीय खुला क्षेत्र आमोद–प्रमोद एवं समुदाय आधारित सामाजिक सुविधाओं को समाहित करते हुए निरन्तरता के साथ क्षेत्रीय संरचना के रूप में प्रस्तावित किये गये है, खुले क्षेत्रों के अंतर्गत पासवर्ती एवं खण्डों में प्रावधानित खुले क्षेत्र आते है। जिसमें पासवर्ती उद्यान को समाहित किया गया है तथा जो संपूर्ण खुले तंत्र से रेखीय रूप से अंततः सम्बद्ध हैं, भौतिक सर्वेक्षण के आधार पर इस खुले क्षेत्र को भू–स्वामियों एवं संबंधित विभाग/संस्था के सहयोग से विकसित किया जावेगा।

क्षेत्रीय उद्यान

निवेश इकाई क. 1 में बायपास से लगकर 160.0 हेक्टेयर भूमि क्षेत्रीय उद्यान हेतु प्रस्तावित किया गया है।

प्राकृतिक एवं भू–दृश्यीकरण क्षेत्रों का संरक्षण एवं पिकनिक स्थल

निवेश इकाई 1 मे ग्राम शंकरगढ़ मे 45.0 हेक्टेयर पर सघन वृक्षारोपण किया जाकर पिकनिक स्पॉट एवं एडवेन्चर स्पॉट के रूप में विकसित किया जा रहा है।

खेल मैदान

वर्तमान में औद्योगिक प्रशिक्षण परिसर से लगकर एक खेल का मैदान स्थित है। इसके अतिरिक्त निवेश इकाई कमांक–2 में भी क्रीडा संबंधी गतिविधियों के प्रावधान रखे गये है।

तरण पुष्कर

वर्तमान में औद्योगिक प्रशिक्षण परिसर से लगकर एक छोटा तरण पुष्कर स्थित है। निवेश इकाई स्तर पर स्थल चयन किया जाकर निर्माण करना उचित होगा।

स्टेडियम

भोपाल मार्ग पर लोक निर्माण विभाग के रेस्टहाउस से लगकर तुकोजिराव पंवार इन्डोर स्टेडियम स्थित है। निवेश ईकाई–2 में ग्राम ब्राम्हणखेडा मे बायपास से लगकर 35 हेक्टेयर भूमि में स्टेडियम प्रस्तावित किया गया है। जिसके अंन्तर्गत खुला स्टेडियम, इन्डोर स्टेडियम, तरणताल एवं अन्य कीडा संबंधी गतिविधियों का विकास प्रस्तावित है। स्टेडियम से लगकर 107 हेक्टेयर भूमि पर उद्यान प्रस्तावित है।

नदी तट/तालाब के किनारे का विकास

नदी के किनारे स्थित भूमि का विकास हेतु वृहद विकास योजना बनाना प्रस्तावित है। इस हेतु सौंदर्यीकरण हेतु कुछ स्थलों का चयन किया जाना तथा जल कीडा मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए बाढ़ नियंत्रण का भी प्रावधान करना होगा इस योजना के विभिन्न चरणों में नगर निगम, देवास द्वारा कियान्वित करना उचित होगा जिससे नगर को आमोद प्रमोद की सुविधा के रूप में उपयोग हो सकेगा।

जल स्त्रोतों का विकास एवं संरक्षण

निवेश क्षेत्र के अन्तर्गत आमोद प्रमोद गतिविधियों के विकास हेतु मीठा तालाब, बिलावली तालाब, मेंढकी तालाब, ब्राम्हणखेड़ा तालाब, ग्राम जैतपुरा स्थित तीन तालाब, ग्राम नागदा मे स्थित तालाब का संरक्षण, सौन्दर्यीकरण एवं हरित क्षेत्र के अंतर्गत गहन वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है।

4.10.1 कब्रिस्तान एवं श्मशान घाट

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कब्रिस्तान एवं श्मशान वर्तमान में निर्मित क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित होकर यथावत रहेंगे, जब तक कि कहीं अन्यत्र विस्थापित किये जाने की स्थिति न बने। कब्रिस्तान एवं श्मशान घाट का विस्तार किया जा सकता है। नये कब्रिस्तान एवं श्मशान कृषि भूमि के अन्तर्गत अनुज्ञेय होंगे किन्तु इनका स्थल का चयन जन सामान्य की मांग पर स्थानीय प्राधिकारी द्वारा किया जावेगा।

4.11 मध्य क्षेत्र (विकास प्रस्ताव)

विकास योजना 2041 में मध्य क्षेत्र की सीमाओं को विकास योजना 2031 के अनुसार यथावत रखा गया है। मध्य क्षेत्र के कियान्वयन स्तर का वर्णन अध्याय 1 में समग्र विवरण के साथ किया गया हैं यातायात से संबंधित प्रस्तावों का कियान्वयन नहीं हुआ है वहीं दूसरी ओर वाणिज्यिक गतिविधियां मध्य क्षेत्र में ओर सघन हो गई है। जिन मार्गों को वाणिज्यिक मार्ग नहीं दर्शाया गया था, वे भी वाणिज्यिक रूप में परिवर्तित हो गये है। इसी प्रकार मध्य क्षेत्र की जनसंख्या अतिरिक्त आवास बन जाने से बढ़ी है। यातायात को बढ़ाने वाले कार्य केन्द्र जिनको मध्य क्षेत्र से भी स्थानांतरित करना था वे यथावत कार्यरत हैं। विकास योजना 2041 में मध्य क्षेत्र के प्रस्ताव व्यवहारिक दृष्टिकोण एवं कियान्वयन की कठिनाईयों को भी ध्यान में रख कर तैयार किये गये है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

- मिश्रित भूमि उपयोग को बनाये रखा जाए।
- उन्हीं भूमि उपयोगों को स्थानांतरित किया जावेगा, जो असंगत है तथा यातायात एवं पर्यावरण की समस्याएं उत्पन्न करते है।
- यातायात एवं पार्किंग की समस्या को सुधारना एवं मध्य क्षेत्र की संकीर्णता को कम करना।
- आवासीय भवनों को वाणिज्यिक उपयोग में परिवर्तित होने से रोकना।
- उन आवासीय क्षेत्रों में पर्यावरण सुधार करना, जिनका स्थानांतरण प्रस्तावित नहीं है।
- खुले क्षेत्रों का विकास एवं बचाव तथा विरासत भवनों का संरक्षण।

4.11.1 यातायात के प्रस्ताव

विकास योजना 2031 में वर्णित प्रस्ताव निम्न मार्ग श्रेणी पर आधारित था।

- परिधि वृत्तीय मार्ग
- जोड़ मार्ग
- पहुंच मार्ग
- पदयात्री मार्ग

मध्य क्षेत्र के प्रस्ताव के कियान्वयन स्तर का अध्ययन यह दर्शाता है कि कोई भी मार्ग विकास योजना 2031 के प्रस्तावों के अनुसार नहीं बन सका। यातायात के लिए तैयार की गई मूलभूत अवधारणा जो देवास विकास योजना 2031 के लिए थी, आज के संदर्भ में भी उपयुक्त है। मार्गों के चौड़ीकरण के प्रस्ताव पुनरिक्षित विकास योजना–2041 में यथावत प्रस्तावित है।

मध्य क्षेत्र के मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई

4–सा–7

क्र.	मार्ग का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मी.में)	प्रस्तावित चौड़ाई (मी.में)
1	2	3	4
1	भगतसिंह मार्ग	09–14	15
2	सरदार पटेल मार्ग	06–12	12
3	सुतार बाखल मार्ग	08–12	12
4	ईदगाह मार्ग	08–18	18
5	शुकवारिया हाट मार्ग (हैबतराय मार्ग)	4–13	15
6	जय प्रकाश मार्ग (पीठा मार्ग)	10–15	15
7	चूडी बाखल	7–10	12
8	चन्द्रशेखर मार्ग	7–10	12
9	बहादुरशाह मार्ग	12–18	18


DEWAS
DEVELOPMENT PLAN (DRAFT 2041)
4.4 CENTRAL AREA
Legend
RESIDENTIAL
GENERAL RESIDENTIAL
MIXED LANDUSE
COMMERCIAL
GENERAL
PUBLIC & SEMIPUBLIC
PUBLIC INSTITUTIONS AND ADMINISTRATIVE AREA
EDUCATION AND RESEARCH
HEALTH/SOCIAL/CULTURAL INSTITUTIONAL ACTIVITIES
TRANSPORTATION
BUS STAND
ROADS
PUBLIC UTILITIES & FACILITIES
ELECTRIC SUB STATION
BOUNDARIES
CENTRAL AREA
Scale
0
0.4
Km
N
District-Dewas
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: World View-II,2016 Satellite Data & Ground Verification
To Agra
To Bhopal
To Radhagarh
To Railway Station
To Ujjain
To Indore
National Highway
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

10	बिजिया मार्ग (भवानी सागर)	6–14	15
11	शालिनी मार्ग	6–14	15
12	जेल मार्ग	6–10	12
13	रज्जब अली मार्ग	6–10	12
14	लक्ष्मीबाई मार्ग	12–18	18
15	महात्मागांधी मार्ग(सरदार पटेल मार्ग से सुभाष चौक तक)	6–12	12
16	लाला लाजपत राय मार्ग	8–12	12
17	बडा बाजार मार्ग	4–15	15
18	तुकोगंज मार्ग	6–13	15
19	कवि कालिदास मार्ग	7.5–11	12
20	भवानी सागर कं.–1 मार्ग	5–8	9
21	भवानी सागर कं.–2,3,4,5 मार्ग	8–12	12
22	खारी बावडी मार्ग	5–12	12
23	कृष्णापुरा मार्ग	9	9
24	विक्रम मार्ग	9	9
25	रघुनाथपुरा मार्ग	9–12	12

टीपः–

1 जहां मार्गों की चौड़ाई उपरोक्त सारणी में प्रस्तावित चौडाई से अधिक उपलब्ध होगी वहां उपलब्ध चौडाई यथावत रखी जावेगी, उसका उपयोग पार्किंग हेतु किया जावेगा।

1 पार्किंग हेतु प्रस्ताव–

मध्य क्षेत्र में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था का पूर्णतः अभाव है। महात्मा गांधी मार्ग, शालिनी मार्ग, तुकोगंज मार्ग, कवि कालिदास मार्ग, हेवतराय मार्ग आदि मार्गों पर अव्यवस्थित रूप से की गई पार्किंग से यातायात समस्या उत्पन्न होती रहती है और इस क्षेत्र के यातयात को प्रभावित करती है, इसलिये मध्यक्षेत्र के लिए निम्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है:–

- जामा मस्जिद
- पुराना बस स्टेण्ड
- अहिंसा भवन (शालीनी मार्ग पर खुला क्षेत्र)

शालीनी मार्ग पर वर्तमान में सब्जी एवं फल की फुटकर दुकानें तथा हाथ ठेले खड़े होने के कारण यातायात में बहुत अधिक बाधा उत्पन्न होती है। असंगत भूमि उपयोगों के पुनर्स्थापना एवं रिक्त भूमि के विकास की तालिका 2–सा–13 में मार्ग एवं चौराहे पर स्थित सब्जी/फल की फुटकर दुकानों को खारी बावड़ी स्थित पुरानी जेल की भूमि तथा शालिनी मार्ग के समीप स्थित जेल विभाग की भूमि पर विस्थापित

किया जाना प्रस्तावित है। विस्थापन के पश्चात् उपलब्ध रिक्त भूमि एवं मार्ग को पार्किंग एवं मार्ग के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है ।

2. प्रस्तावित भूमि उपयोग

मध्य क्षेत्र मुख्यतः मिश्रित भूमि उपयोग पर आधारित है, अतः इसे यथावत रखा जावेगा। केवल असंगत भूमि उपयोगों की ही पुनर्स्थापना प्रस्तावित की गई है। वाणिज्यिक भूमि उपयोग अब और अधिक प्रस्तावित किया जाना वांछित नहीं होगा। मटन मार्केट एवं फिश मार्केट को मध्य क्षेत्र से स्थानांतरित कर निवेश क्षेत्र अंतर्गत कृषि भू–उपयोग अंतर्गत जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की अनुशंसा पर विकसित किया जा सकेगा।

प्रस्तावित वाणिज्यिक मार्गों की सूची निम्नानुसार है :–

(अ) वाणिज्यिक मार्ग

1 विजिया एवं शालिनी मार्ग (ए.बी. मार्ग से बड़ा बाजार मार्ग तक)
2 तुकोगंज मार्ग
3 कवि कालिदास मार्ग
4 जय प्रकाश मार्ग (पीठा मार्ग)
5 शुक्रवारिया हाट मार्ग (ए.बी मार्ग से लाला लाजपत राय मार्ग तक)
6 बहादुरशाह मार्ग
7 महात्मा गांधी मार्ग
8 ए.बी मार्ग
9 ईदगाह मार्ग
10 सुतार बाखल मार्ग
11 चूडी बाखल मार्ग
12 चन्द्रशेखर आजाद मार्ग
13 ईदगाह मार्ग से पुराना बस स्टेण्ड तक ।

(ब) वाणिज्यिक सह आवासीय मार्ग (मध्य क्षेत्र में स्थित)

1. बडा बाजार मार्ग, आजाद मार्ग, बग्गी खाना से सीनियर पेलेस तक
2. मील मार्ग (ए. बी. मार्ग से मध्यक्षेत्र की सीमा तक)
3. रज्जब अली मार्ग

3. आवासीय

मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत वर्तमान आवासीय क्षेत्रों को यथावत रखा गया है।

4. सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक

ऐसे सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक उपयोग जो कि यातायात बढ़ाते है तथा जिनके लिए अधिक वाहन विराम स्थल की आवश्यकता होती है को मध्य क्षेत्र में स्वीकार नहीं किया जावेगा।

5. आमोद–प्रमोद

मल्हार स्मृति उद्यान की सेवाएँ मध्यवर्ती क्षेत्र को उपलब्ध होती रहेगी, इसके अतिरिक्त अन्य कोई क्षेत्र मध्य क्षेत्र में अथवा इससे लगकर स्थित नहीं है।

4.12 नियोजन एवं नगरीय रूपांकन हेतु नियंत्रित क्षेत्र

नगर के कुछ क्षेत्रों जैसे नगरीय धरोहर, आमोद–प्रमोद के केन्द्र, धार्मिक तथा दर्शनीय स्थलों के आसपास नियोजन एवं विकास नियंत्रण आवश्यक है ताकि निर्माण से उस क्षेत्र का मूल स्वंरूप नष्ट नहीं हो। नगरीय रूपांकन एवं नियोजन के संदर्भ में नियंत्रित क्षेत्र निम्नानुसार रहेगाः–

1. मीठा तालाब
2. चामुण्डा टेकरी
3. मल्हार स्मृति उद्यान

4.13 परिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र

परिस्थितिकीय दृष्टिकोण से तालाब, जल विस्तार, डूब में आने वाले क्षेत्र इत्यादि संवेदनशील क्षेत्र है। संवेदनशील क्षेत्रों के अंतर्गत मुख्यतः तालाबों के आसपास का क्षेत्र, नालों का जल फैलाव क्षेत्र एवं उनका जलग्रहण क्षेत्र आता है। इन क्षेत्रों के संरक्षण एवं व्यवस्थापन की विशिष्ट अनुशंसाएं निम्नानुसार हैः–

(अ) नालों एवं जलाशयों के किनारे संघन वृक्षारोपण कर प्रदूषण स्तर को नियंत्रित किया जावे। ठोस निस्तार वस्तुओं एंवं उसके निस्तारण के प्रबंधन का सावधानीपूर्वक अध्ययन एवं क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, ताकि ये पर्यावरण एवं जल स्त्रोतों को प्रदूषित न करें। बायोगैस उत्पादन, वर्मी कल्चर एवं मायक्रोविक पद्धति तथा निस्तार पदार्थों के जैविक वर्गीकरण से भिन्न धुआं रहित ईंधन केक व भवन निर्माण सामग्री संबंधी ब्लॉक्स के निर्माण की संभावनाओं की खोज की जाना चाहिए।

(ब) अध्ययन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जल स्त्रोतों का प्रबंधन एक स्थानीय विकास प्राधिकारी के द्वारा होना चाहिए, जो विधि–विधानों के प्रावधानों के अध्यधीन इसके संरक्षण की जवाबदारी से युक्त हो।

अध्याय–5
प्रस्तावित परिभ्रमण योजना अवधारणा

देवास नगर का राष्ट्रीय यातायात प्रणाली में महत्वपूर्ण स्थान है। जिसके अंतर्गत देवास विभिन्न नगरों जैसे– इन्दौर, भोपाल, आगरा एवं मुम्बई से मार्ग तथा रेल मार्ग से भी यह नगर दिल्ली, मुम्बई से जुड़ा है। देवास में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 52, 86 राजमार्ग क्रं. 18 तथा अन्य क्षेत्रीय मार्गों के मिलने से शहरी यातायात प्रबंधन एवं उसके प्रवाह में असंतुलन उत्पन्न होता है। अतः क्षेत्रीय मार्गों तथा अन्तर नगरीय मार्गों के तंत्र में उपयुक्त संशोधन आवश्यक है। आंतरिक नगरीय यातायात तंत्र का नियोजन भी एक कठिन कार्य है, क्योंकि यह नगरीय अर्थव्यवस्था एवं नियोजन को प्रभावित करता है। देवास नगर की यातायात प्रणाली निम्न अवधारणा पर आधारित है :–

- दक्ष एवं बहु आयामी जन परिवहन प्रणाली की व्यवस्था।
- मंदगति वाहनों के सुरक्षित एवं सुविधाजनक प्रवाह हेतु मार्गों का विकास।
- मुख्य गतिविधि पुंजक एवं आबादी क्षेत्र के बीच सुविधाजनक एवं सुरक्षित पहुंच मार्गों की व्यवस्था करना।
- मुख्य गतिविधि केन्द्रों जैसे– यातायात केन्द्र, वाणिज्यिक केन्द्र, शैक्षणिक केन्द्र एवं मुख्य कार्य केन्द्रों में पदचारी मार्गों का प्रबंध।
- मुख्य मार्ग पर सीधे पहुंच को प्रतिबंधित करना।
- यदि मुख्य मार्ग गतिविधि क्षेत्र से होकर जाते है, तो ऐसे क्षेत्र में पृथक से मुख्य मार्ग से जुड़े अतिरिक्त पहुंच मार्ग का प्रावधान करना।
- क्षेत्रीय तथा नगरीय यातायात का पृथक करना।

5.1 यातायात की वर्तमान स्थिति

नगर की भौतिक विकास का स्वरूप मूलतः परिवहन संरचना पर निर्भर करता है। भूमि उपयोग एवं यातायात संबंधी आवश्यकताओं का आपस में घनिष्ठ संबंध रहा है। परिवहन संरचना निर्मित होने के उपरांत लम्बे समय तक उपयोग में आती है, यद्यपि उनके आसपास निर्मित भवनों की संख्या तथा उनके उपयोग परिवर्तित होते रहते है। वर्तमान परिवहन व्यवस्था के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि नगर में वाहनों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। आटो रिक्शा नगर में यातायात का प्रमुख साधन है जो नगर की यातायात प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। पिछले दशक के मध्य कार आटो रिक्शा टेम्पो व दो पहिया वाहनों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। तीव्र गति एवं मन्द गति वाहनों द्वारा नगरीय मार्गों का मिश्रित उपयोग करना सुरक्षित एवं सुविधाजनक यातायात के लिए गंभीर समस्या है। अतः यातायात प्रबंधन के लिए उपयुक्त नीति तैयार करने की आवश्यकता है।


DEWAS
5.1 EXISTING TRANSPORT NETWORK
Legend
National Highway
State Highway
Bypass
Major Road
Minor Road
Other Public Road
Village Road
Bridges / Flyover
Railway Line
Railway Station
Bus Stand
Waterbody
Forest
Planning Area Boundary
Village Boundary
Municipal Area Boundary
Scale
Km
Planning Area
District Dewas
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Worldview-II Satellite data
To Rabadiya
To Bhopal
To Agra
To Newari
To Bangarda
To Vijeygarj
To Maksi
To Ujjain
To Ujjain
To Sanwer
To Indore
To Mhow
To Nagora
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

5.1.1 सार्वजनिक परिवहन

विकास योजना 2031 में जन परिवहन हेतु मुख्यतः बायपास मार्ग प्रमुख नगरीय मार्ग, वृत्तीय खण्ड जो विभिन्न कार्य केन्द्रों को जोड़ते है, प्रस्तावित किये गये थे, जिनमें से बायपास मार्ग के अतिरिक्त अधिकांश मुख्य मार्ग तथा सेक्टर मार्गों का विकास नहीं हो सका। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के अभाव में नागरिकों को अपने कार्यकेन्द्र तथा अन्य गन्तव्य स्थलों तक पहुंचने हेतु मैजिक, आटो रिक्शा/ई–रिक्शा पर निर्भर रहना पड़ता था। वर्तमान में नगर में सार्वजनिक परिवहन के रूप में सिटी बसें संचालित है, जिनकी संख्या बहुत कम है जिनको बढ़ाने की अत्यधिक आवश्यकता है। सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर का Comprehensive Mobility Plan स्थानीय निकाय द्वारा तैयार किया जाकर कियान्वित किया जाएगा।

5.2 मध्य क्षेत्र

मध्यक्षेत्र में यातायात के बढ़ते दबाव को दृष्टिगत रखते हुए सुगम यातयात संरचना उपलब्ध कराने की दृष्टि से मध्यक्षेत्रों के मार्गों की चौड़ाई प्रस्तावित की गई है। मध्य क्षेत्रों मार्गों का चौड़ीकरण देवास विकास योजना 2031 मे भी प्रस्तावित किया गया था। आवश्यकता के अनुसार मार्गों का समय समय पर चौड़ीकरण किया गया है। पूर्वानुसार ही पुनरीक्षित विकास योजना में भी मार्ग चौड़े किये जानें के संबंध में निम्न सारणी क्रमांम 5–सा–1 में मार्ग की चौडाई प्रस्तावित की गई है।

वर्तमान मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई

सारणी 5–सा–1

क्र.	मार्ग का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मी.में)	प्रस्तावित चौड़ाई (मी.में)
1	**2**	**3**	**4**
1	भगतसिंह मार्ग	09–14	15
2	सरदार पटेल मार्ग	06–12	12
3	सुतार बाखल मार्ग	08–12	12
4	ईदगाह मार्ग	08–18	18
5	शुकवारिया हाट मार्ग (हैबतराय मार्ग)	4–13	15
6	जय प्रकाश मार्ग (पीठा मार्ग)	10–15	15
7	चूडी बाखल	7–10	12
8	चन्द्रशेखर मार्ग	7–10	12
9	बहादुरशाह मार्ग	12–18	18
10	बिजिया मार्ग (भवानी सागर)	6–14	15
11	शालिनी मार्ग	6–14	15
12	जेल मार्ग	6–10	12
13	रज्जब अली मार्ग	6–10	12
14	लक्ष्मीबाई मार्ग	12–18	18

क्र.	मार्ग का नाम	वर्तमान चौड़ाई (मी.में)	प्रस्तावित चौड़ाई (मी.में)
1	2	3	4
15	महात्मागांधी मार्ग(सरदार पटेल मार्ग से सुभाष चौक तक)	6–12	12
16	लाला लाजपत राय मार्ग	8–12	12
17	बडा बाजार मार्ग	4–15	15
18	तुकोगंज मार्ग	6–13	15
19	कवि कालिदास मार्ग	7.5–11	12
20	भवानी सागर कं.–1 मार्ग	5–8	9
21	भवानी सागर कं.–2,3,4,5 मार्ग	8–12	12
22	खारी बावडी मार्ग	5–12	12
23	कृष्णापुरा मार्ग	9	9
24	विक्रम मार्ग	9	9
25	रघुनाथपुरा मार्ग	9–12	12
अन्य वर्तमान मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई			
26	चर्च मार्ग	11–15	15
27	लक्ष्मीबाई मार्ग	18–25	24
28	रेल्वे गोदाम मार्ग	12–15	15
29	हटेसिंग गोयल मार्ग	9–12	12
30	रेवा बाग मार्ग	6–9	12
31	राधागंज मार्ग (भोपाल चौराहा से बीएनपी मार्ग तक)	12–15	15
32	रेल्वे स्टेशन मार्ग	12–36	36
33	मेंढकी–चंदाना मार्ग	16–18	18
	अ. मेंढकी से रेलवे लाईन तक		18
	ब. रेलवे लाईन से चंदाना तक		30
34	मल्हार मार्ग	6–9	12

नोटः–

01. जहां मार्गों की चौड़ाई उपरोक्त सारणी में प्रस्तावित चौडाई में अधिक उपलब्ध होगी वहां उपलब्ध चौडाई यथावत रखी जावेगी।

02. मध्यक्षेत्र के ऐसे मार्ग जो 7.5 मीटर से कम चौड़े है उन मार्गें पर भवनों के पुनर्निर्माण की स्वीकृति देते समय मार्ग मध्य से 3.75 मीटर छोडते हुए पुनर्निर्माण की अनुमति दी जावेगी तथा ऐसे मार्ग जो 7.5 मीटर से अधिक किन्तु 9.0 मीटर से कम चौडे है उन मार्गों पर पुनर्निर्माण कि अनुमति देते समय मार्ग मध्य से 4.5 मीटर छोडते हुए पुनर्निर्माण की अनुमति दी जावेगी।

5.3 प्रस्तावित यातायात एवं परिवहन संरचना की अवधारणा

वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग जो भोपाल, उज्जैन, शाजापुर, इन्दौर को जाते हैं तथा राजमार्ग नेवरी एवं विजयागंज मण्डी को जाते हैं। क्षेत्रीय मार्ग सांवेर एवं बागरदा को जाता है। इन्हीं मार्गों में संबंध स्थापित करने हेतु पूर्वी क्षेत्रीय वृत्तीय मार्ग तथा उत्तरी क्षेत्रीय वृत्तीय मार्ग निर्मित किया गया है। विकास योजना 2031 में मुख्य मार्ग नगर के विभिन्न हिस्सों को आपस में जोड़ने हेतु प्रस्तावित किये गये थे। विकास योजना 2031 के प्रस्तावित मार्गों के क्रियान्वयन स्थिति का वर्णन अध्याय–3 में किया गया है। मुख्य मार्ग क्रं. 3, 5, 8, 9, 11 का निर्माण/क्रियान्वयन हो चुका है। इनके अतिरिक्त अन्य प्रस्तावित मुख्य मार्गों तथा खण्ड मार्गों का आंशिक रूप से निर्माण/क्रियान्वयन हुआ है। अतः विकास योजना 2041 के प्रस्तावों को तैयार करते समय विकास योजना 2031 में प्रस्तावित यातायात संरचना का विशेष ध्यान रखा गया है।

01. राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–52

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 (ए.बी. रोड) मुम्बई एवं आगरा को आपस में जोड़ता है। शहर के मध्य से निकलता है, परन्तु इस मार्ग के भारी यातायात को नगर के बाहर प्रस्तावित बायपास से परिवहन किया जाता है। यह नगर का एक मुख्य मार्ग भी है। यह मार्ग मुख्यतः नगर के आंतरिक यातायात को वहन करता है।

02. राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–752D (उज्जैन मार्ग)

यह मार्ग उज्जैन तिराहा पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 52 से मिलता है। उज्जैन तिराहा से उज्जैन की ओर रेल्वे क्रासिंग तक उक्त मार्ग की चौड़ाई 30 मीटर तथा रेल्वे क्रासिंग से उज्जैन की ओर 60 मीटर प्रस्तावित है।

03. राज्य राजमार्ग क्रमांक–28 (भोपाल मार्ग)

यह मार्ग भोपाल चौराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 से मिलता है। भोपाल चौराहे से भोपाल की ओर उक्त मार्ग की चौड़ाई 60 मीटर प्रस्तावित है।

04. राज्य राजमार्ग कमांक 64

यह मार्ग देवास बायपास से नेवरी को आपस में जोड़ता है। बायपास से नेवरी की ओर उक्त मार्ग की चौड़ाई 60 मीटर प्रस्तावित है।

05. राज्य राजमार्ग कमांक 16

यह मार्ग देवास बायपास से विजयागंज मण्डी को आपस में जोडता है। बायपास से विजयांगज मण्डी की ओर उक्त मार्ग की चौड़ाई 45 मीटर प्रस्तावित है।

06. एन.एच. लिंक रोड – यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 52 ग्राम लोहारपिपल्या से ग्राम सिंगावदा से लगकर राष्ट्रीय राजमार्ग कमांक 752D को जोडता है। राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम लोहारपिपल्या से ग्राम सिंगावदा से लगकर उज्जैन रोड की ओर मार्ग की चौड़ाई 45.0 मीटर प्रस्तावित है।

07. वृत्तीय/बायपास मार्ग

(अ) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 52 के भारी यातायात को नगर के मध्य मुम्बई, आगरा, भोपाल एवं उज्जैन की ओर से जाने वाले सीधे यातायात को बाहर से ही बाहर निकालने के लिए बायपास मार्ग, विकसित है। उक्त मार्ग को भारी वाहनों के आवागमन हेतु 60.0 मीटर चौड़ा प्रावधानित किया गया है एवं मार्ग के दोनों और 22.50 मी.–22.50 मी. का ग्रीन बेल्ट (Wooded Area) एवं उसके पश्चात 22.50 मी. –22.50 मी. पर मार्ग प्रस्तावित किया गया है, जिससे शहर के अन्दर जाने वाला यातायात सुगम हो सके। बायपास से लगकर स्थित भूमि को 150.मी. (ROW) चौड़े मार्ग से सीधे पहुँच माना जावेगा।



(ब) वृत्तीय मार्ग क्रमांक 01 – ग्राम लोहारपिपल्या राष्ट्रीय राजमार्ग ए.बी रोड से प्रारंभ होकर भोपाल मार्ग से लगकर ग्राम बिलावली में आगरा–मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए उज्जैन मार्ग पर ग्राम सिंगावदा तक 60 मीटर वृत्तीय मार्ग प्रस्तावित किया गया है।

वृत्तीय मार्ग क्रमांक 02 – इंदौर की ओर से ग्राम सुकल्या क्षिप्रा से प्रारंभ होकर नेवरी मार्ग (SH 10-2), ग्राम खटाम्बा में NH–86 भोपाल मार्ग एवं A.B. रोड (NH –52) ग्राम सिया से होते हुये निवेश क्षेत्र के बाहर स्थित ग्राम बड़ामालसापुरा, पटलावदा एवं कचनारिया होते हुये उज्जैन रोड (NH 752 D) तक 60 मीटर वृत्तीय मार्ग प्रस्तावित किया गया है।

08. मुख्य मार्ग – मुख्य मार्ग अन्तर नगरीय यातायात की आवश्यकताओं की पूर्ति करते है। विकास योजना 2031 में प्रस्तावित प्रमुख मार्गों का विकास न हो पाने के कारण नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सम्बद्धता पर भी असर पड़ा है। उक्त कारणों को ध्यान में रखते हुए विकास योजना 2041 में प्रस्तावित सभी मुख्य मार्गों को यथा सम्भव इस योजना में पुनः प्रस्तावित किया गया है। विकास योजना 2041 में 34 मुख्य मार्ग प्रस्तावित किये गये हैं, जिनकी चौड़ाई 24.0–45.0 मीटर तक रखी गई है। इसके अतिरिक्त मुख्य मार्गों को जोड़ने के लिए 12.0 से 30.0 मीटर तक की चौड़ाई के सेक्टर रोड प्रस्तावित किये गये है। मुख्य मार्ग क्र. 6 एवं 7 उज्जैन मार्ग मेंढ़की मार्ग तक (रेलवे लाईन के समानान्तर) के क्षेत्र है, जहां पर मार्ग की चौड़ाई 12 मीटर से अधिक उपलब्ध हो रही है, वहां पर मार्ग की वर्तमान चौड़ाई को यथावत रखी जावेगी। विकास योजना 2031 में प्रस्तावित मार्गो पर विकास/निर्माण होने के कारण कुछ मुख्य/सेक्टर मार्गो का अलायमेंट परिवर्तित किया गया है।


DEWAS
6.2 PROPOSED TRANSPORT NETWORK
Legend
TRANSPORTATION
परिवहन
Major Road
मुख्य मार्ग
Sector Road
खण्डीय मार्ग
Local Road
स्थानीय मार्ग
BUS STAND
बस स्थानक
TRANSPORT NAGAR
यातायात नगर
Scale
0 1 2 3 4 5 Km
District-Dewas
Planning Area
Dewas
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source : Directorate of town & Country Planning
To Rabadiya
To Bhopal
To Agra
To Newari
To Bangarda
To Vijayganj Mandi
To Maksi
To Ujjain
To Ujjain
To Sanwer
To Indore
To Mumbai
To Nagora
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

प्रस्तावित प्रमुख मार्गों की चौड़ाई

सारणी 5–सा–2

क्र.	मार्ग	मार्ग खण्ड	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
1. राष्ट्रीय राजमार्ग			
1	आगरा–मुम्बई मार्ग	मुख्य मार्ग क्रं. 13 (मण्डी पुलिस थाना) से लक्ष्मीनारायण क्लब तक	30
		लक्ष्मीनारायण क्लब से इन्दौर की ओर	60
		मुख्य मार्ग क्रं. 13 (मण्डी पुलिस थाना) से शाजापुर की ओर	60
2.	उज्जैन मार्ग	उज्जैन तिराहा से रेल्वे लाईन तक	30
		रेल्वे लाईन से उज्जैन की ओर	60
2. राज्यमार्ग			
1.	भोपाल मार्ग	भोपाल चौराहा से भोपाल की ओर	60
2.	नेवरी मार्ग	देवास बायपास से नेवरी की ओर	60
3.	विजयागंज मण्डी	बायपास से विजयागंज मण्डी की ओर	45
3. एन.एच. लिंक रोड			
1	एन.एच. लिंक रोड	राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम लोहार पिपल्या से ग्राम सिंगावदा से लगकर उज्जैन रोड तक	45
4. क्षेत्रीय मार्ग			
1	सांवेर मार्ग	एम.आर.–10 से सांवेर की ओर	30
2	बांगरदा मार्ग	नेवरी राज्यमार्ग से बांगरदा की ओर	
	अ.	नेवरी राज्यमार्ग से रिंग रोड 1 तक	24
	ब.	रिंग रोड 1 से बांगरदा की ओर	30
5. वृत्तीय/बायपास मार्ग			
		इन्दौर की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग से (ग्राम रसुलपुर से) प्रारंभ होकर भोपाल मार्ग पर, म.प्र. विद्युत मंडल ग्रिड से लगकर शाजापुर मार्ग पर, ग्राम बिलावली एवं ब्राम्हणखेड़ी से होते हुये उज्जैन मार्ग पर ग्राम नागूखेड़ी तक	150

क्र.	मार्ग	मार्ग खण्ड	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
	रिंग रोड 1	ग्राम लोहारपिपल्या राष्ट्रीय राजमार्ग ए.बी रोड से प्रारंभ होकर भोपाल मार्ग से लगकर ग्राम बिलावली में आगरा–मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए उज्जैन मार्ग पर ग्राम सिंगावदा तक	60
	रिंग रोड 2	इंदौर की ओर से ग्राम सुकल्या क्षिप्रा से प्रारंभ होकर नेवरी मार्ग (SH 10-2), ग्राम खटाम्बा में NH–86 भोपाल मार्ग एवं A.B. रोड (NH –52) ग्राम सिया से होते हुये निवेश क्षेत्र के बाहर स्थित ग्राम बड़ामालसापुरा, पटलावदा एवं कचनारिया होते हुये उज्जैन रोड (NH 752 D) तक	
6. मुख्य मार्ग			
1	मुख्य मार्ग क्रं. 1	वृत्तीय मार्ग (बायपास) से ए.बी. रोड होते हुए रेल्वे लाईन व एम.आर. 10 से मुख्य मार्ग क्रं. 31 तक	30
2	मुख्य मार्ग क्रं. 2	A.B. रोड (NH–52) से मुख्य मार्ग क्रं. 03 तक	15
3	मुख्य मार्ग क्रं. 3	A.B. रोड (NH–52) (आई.टी.आई.) से मुख्य मार्ग क्रं. 11 तक (बालगढ़ मार्ग तक)	30
4	मुख्य मार्ग क्रं. 4	मुख्य मार्ग क्रं. 10 से रेल्वे लाईन तक एवं ए.बी. रोड से बायपास मार्ग तक	30
		रेल्वे लाईन से ए.बी. रोड तक	18
5	मुख्य मार्ग क्रं. 5	रेल्वे लाईन (एम.आर. 6) से ए.बी. रोड तक	30
		ए.बी. रोड से वृत्तीय मार्ग (बाय–पास) औद्योगिक क्षेत्र तक	45
6	मुख्य मार्ग क्रं. 6	(अ) उज्जैन मार्ग से मेंढकी मार्ग तक (रेल्वे लाईन के समानान्तर)	12
		(ब) मेंढकी मार्ग से एन.एच. लिंक रोड तक (रेल्वे लाईन के समानान्तर)	25
7	मुख्य मार्ग क्रं. 7	(अ) उज्जैन मार्ग से मेंढकी मार्ग तक (रेल्वे लाईन के समानान्तर)	12
		(ब) मेंढकी मार्ग से एन.एच. लिंक रोड तक (रेल्वे लाईन के समानान्तर)	25
8	मुख्य मार्ग क्रं. 8	उज्जैन मार्ग से मेंढकी मार्ग तक (स्थल की स्थिति के मान से)	30
9	मुख्य मार्ग क्रं. 9	(अ) स्टेशन मार्ग से परेड ग्राउंड की सीमा तक	30
		(ब) परेड ग्राउंड की सीमा से राधागंज मार्ग तक	12
10	मुख्य मार्ग क्रं. 10	उज्जैन मार्ग से (एम.आर. 7) रेल्वे लाईन तक,	45

क्र.	मार्ग	मार्ग खण्ड	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
11	मुख्य मार्ग क्रं. 11	मीरा बावड़ी से एम.आर.–4 तक	25
12	मुख्य मार्ग क्रं. 12	मुख्य मार्ग क्रं. 13 से भोपाल मार्ग से राजोदा मार्ग तक	18
13	मुख्य मार्ग क्रं. 13	बायपास से रविदास नगर तक एवं ए.बी. रोड से स्टेशन रोड तक एवं MR-14 से रिंग रोड–2 तक	30
		बायपास से जेतपुरा मार्ग तक	24
		रविदास नगर से ए.बी. रोड तक	18
		स्टेशन रोड से रेल्वे लाईन जंक्शन तक	12
14	मुख्य मार्ग क्रं. 14	रेल्वे लाईन से एबी रोड व बायपास होते हुए रिंग रोड 2 तक	30
15	मुख्य मार्ग क्रं. 15	नौसेराबाद मार्ग से बाय–पास होते हुए रिंग रोड 1 तक	30
16	मुख्य मार्ग क्रं. 16	ए.बी. रोड से मुख्य मार्ग क्रं. 6 तक	30
17	मुख्य मार्ग क्रं. 17	ए.बी. रोड से मुख्य मार्ग क्रं. 6 तक	45
18	मुख्य मार्ग क्रं. 18	ग्राम लोहारपिपल्या में NH 52 ए.बी. रोड से रिंग रोड 1 के जंक्शन तक	30
19	मुख्य मार्ग क्रं. 19	एम.आर 14 से बायपास होते हुए रिंग रोड 1 से रिंग रोड 2 तक	24
20	मुख्य मार्ग क्रं. 20	एम.आर. 13 से ए.बी. रोड तक	30
21	मुख्य मार्ग क्रं. 21	बायपास से रिंग रोड 2 तक	30
22	मुख्य मार्ग क्रं. 22	नेवरी मार्ग से भोपाल मार्ग होते हुए एबी रोड तक	30
23	मुख्य मार्ग क्रं. 23	बायपास से रिंग रोड 1 जंक्शन तक	30
24	मुख्य मार्ग कं. 24	एम.आर. 7 से सांवेर रोड एवं उज्जैन रोड होते हुए रिंग रोड 2 तक	24
25	मुख्य मार्ग कं. 25	उज्जैन रोड से विजयागंज मंण्डी रोड से होते हुए एबी रोड तक	30
26	मुख्य मार्ग कं. 26	एबी रोड से एम.आर. 23 तक	30
27	मुख्य मार्ग कं. 27	भोपाल रोड से एबी रोड तक	30
28	मुख्य मार्ग कं. 28	बायपास से रिंग रोड 1 तक	30
29	मुख्य मार्ग कं. 29	एम.आर. 20 से रिंग रोड 1 तक	30

क्र.	मार्ग	मार्ग खण्ड	प्रस्तावित चौड़ाई (मीटर में)
1	2	3	4
30	मुख्य मार्ग कं. 30	बायपास से रिंग रोड 1 तक	30
31	मुख्य मार्ग कं. 31	एम.आर 10 से उज्जैन रोड तक 30 मीटर	30
32	मुख्य मार्ग कं. 32	बायपास से रिंग रोड 1 तक	30

5.4 मार्ग संगम सुधार

नगर के विभिन्न मार्गों के संगम को सुविधाजनक एवं सुरक्षित यातायात की दृष्टि से सुधारा जाना प्रस्तावित है। मध्य क्षेत्र के अंतर्गत कुछ मार्ग संगमों को नगरीय रूपांकन एवं नियंत्रण की दृष्टि से विकसित किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न चौराहों को विकसित किया जाना प्रस्तावित है :–

1. स्टेशन रोड चौराहा
2. टाटा चौराहा
3. उज्जैन तिराहा
4. सयाजी द्वार तिराहा/मेंढ़की मार्ग तिराहा
5. रसुलपुर चौराहा

5.5 ओव्हर ब्रिज

नगर के पश्चिमी दिशा से निकलने वाली इन्दौर–भोपाल रेल्वे लाईन उक्त क्षेत्र के विकास में भौतिकीय रूकावट का कार्य करती है। रेल्वे लाईन के दोनों और सुव्यवस्थित विकास को जोड़ने की दृष्टि से ग्रेट सेपरेटेड क्रासिंग (ओव्हर ब्रिज एवं अण्डर पास) का होना आवश्यक है। विकास योजना 2031 में 3 स्थलों पर ओव्हर ब्रिज प्रस्तावित किये गये थे। जिनमें से वृत्तीय/बाय–पास मार्ग रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज का निर्माण हो चुका है। अतः विकास योजना 2041 में निम्न तीन स्थलों पर ओव्हर ब्रिज पुनः प्रस्तावित है–

1. मुख्य मार्ग क्रमांक –1 रेल्वे क्रासिंग
2. मुख्य मार्ग क्रमांक –3 रेल्वे क्रासिंग
3. मुख्य मार्ग क्रमांक –4 रेल्वे क्रासिंग
4. मुख्य मार्ग क्रमांक –5 रेल्वे क्रासिंग
5. मुख्य मार्ग क्र.–10 तथा मुख्य मार्ग क्र.–17 रेल्वे कासिंग
6. रसुलपुर चौराहा
7. राजौदा बायपास संगम पर

5.6 बस स्थानक

वर्तमान में नगर के मध्य में स्थित बस स्थानक नगर में बढ़ रही वाणिज्यिक गतिविधियों के फलस्वरूप यातायात वृद्धि के कारण असुविधाजनक प्रतीत हो रहा है। विकास योजना में भोपाल मार्ग पर, मुख्य मार्ग क्र.–12 के संगम पर बस स्थानक प्रस्तावित किया गया था, जिसका विकास नहीं हुआ है एवं वर्तमान में

बायपास से लगकर ग्राम राजोदा जैतपुरा की कांकड पर 5.64 हे. भूमि का अंतराज्यीय बस टर्मिनल हेतु नगर निगम द्वारा विकास/निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एबी रोड पर भी पिकअप स्टेशन एवं पार्किंग हेतु प्रस्ताव दिये गये है।

5.7 क्षेत्रीय पिक–अप स्टेण्ड

क्षेत्रीय बस स्थानक की सक्षमता बढ़ाने के लिए नगर के अन्दर विभिन्न स्थानों पर पिक–अप स्टेण्ड का प्रस्ताव निम्नानुसार है –

1. आवास नगर/बैंक नोट प्रेस।
2. ए.बी. मार्ग पर इन्दौर की ओर ग्राम अमोना में मुख्य मार्ग क्र. 16 के संगम पर।
3. भोपाल चौराहे से लगकर भोपाल मार्ग की ओर तथा शाजापुर मार्ग की ओर स्थित खुली भूमि पर।
4. उज्जैन मार्ग पर मोती बंगला मार्ग संगम पर.।
5.. ए.बी.मार्ग पर आई.टी.आई. की भूमि के उत्तर की ओर।

5.8 अवसान केन्द्र

क्षेत्रीय बस स्थानक की सुगमता बढाने के लिए नगर के अंदर विभिन्न स्थानों पर पिकअप स्टेशन का होना अति आवश्यक है। नगरीय बस अवसान केन्द्र को विशेषीकृत रूप से नहीं दर्शाया गया है। स्थानीय स्तर पर आवश्यकता अनुसार विकसित किये जा सकेंगे।

5.9 यातायात नगर

बाय–पास मार्ग पर ग्राम रसुलपुर में 10.0 हे. भूमि पर प्राधिकरण द्वारा यातायात नगर विकसित किया गया है। इसके अतिरिक्त रिंग रोड क्रमांक 1 पर निवेश इकाई क्रमांक 2 में 11.0 हेक्टेयर भूमि पर यातायात नगर एवं पार्किंग प्रस्तावित किया गया है। इसका विकास संस्थागत पहल पर एकजाई स्कीम/योजना तैयार की जाकर चरणबध्द तरीके से किया जावेगा।

5.10 वाहन विराम स्थल

वर्तमान में नगर में वाहनों की बढ़ती हुई संख्या के कारण पार्किंग समस्या में वृद्धि हो रही है. अतः इसके समाधान हेतु निम्नलिखित नियोजित वाहन विराम स्थलों को प्रस्तावित किया गया है–

1. वर्तमान बस स्टेण्ड एवं प्रस्तावित बस स्टेण्ड की भूमि पर मल्टी लेवल पार्किंग।
2. मेंढ़की मार्ग पर ए.बी.मार्ग के संगम पर शिक्षा विभाग की खुली भूमि पर।
3. उज्जैन मार्ग पर रेल्वे क्रासिंग के दोनों ओर स्थित खुली भूमि पर।
4. प्रत्येक निवेश इकाई केन्द्रों में।
5. ए.बी. मार्ग पर प्रस्तावित यातायात नगर में।
6. रिंग रोड क्रमांक 2 पर यातायात नगर में।

5.11 ग्रामीण मार्ग

समस्त ग्रामीण मार्गों व कांकड की भूमि पर मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12 मीटर तथा अधिकतम स्थल पर उपलब्ध चौड़ाई के अनुसार मान्य की जा सकेगी।

अध्याय 6
विकास नियमन

6.1 प्रवृत्तशीलता

इन नियमनों का उद्देश्य निवेश क्षेत्र के नगर वासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। यह नियमन निम्न गतिविधियों को नियंत्रित करेंगे :–

- निवेश क्षेत्र के अंदर समस्त विकास।
- भूमि के स्वरूप में परिवर्तन जिसमें भूमि का विभाजन, विलियन, उपांतरण एवं भूमि का उपयोग सम्मिलित है।
- समूह आवासीय परियोजनाओं का सम्मिलित संस्थागत विकास।
- किसी भी प्रकार के भवन जिसमें भवन की ऊँचाई सम्मिलित हो।
- ऐसे क्षेत्र में, जो निवेश क्षेत्र सीमा के अंदर हैं, भूमि का विकास, विकास, पुनर्विकास, भवनों का निर्माण, पुनर्निर्माण, परिवर्तन, परिवर्धन एवं तोड़ा जाना।

6.2 क्षेत्राधिकार

1. इस अध्याय में वर्णित विकास नियमन, राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 के अंतर्गत गठित निवेश क्षेत्र पर लागू होंगे तथा जो नियमन इस अध्याय में वर्णित नहीं है, वे म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 में निहित प्रावधानों एवं शासन द्वारा नियमों में किये जाने वाले संशोधन के अनुरूप लागू होंगे।

2. इस अध्याय में वर्णित सक्षम प्राधिकारी से तात्पर्य है, संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जो विकास योजना में विभिन्न उपयोगों के अन्तर्गत स्वीकार्य गतिविधियों हेतु विकास अनुज्ञा देने हेतु सक्षम हैं।

3. विकास योजना प्रस्तावों का विस्तृतीकरण परिक्षेत्रिक योजना में किया जाता है। यह संभावना है कि विकास योजना में परिभ्रमण एवं उपयोग परिक्षेत्रों के निर्धारण संबंधी प्रस्तावों के क्रियान्वयन संबंधी यांत्रिकी आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में संशोधित करना पड़े। ऐसे संशोधनों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जा सकेगा। यदि किसी विवाद/विरोधाभास की स्थिति निर्मित होती है, तो उस दशा में राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा, जो कि योजना प्रस्तावों का एकीकृत भाग माना जायेगा।

4. विकास योजना पुस्तक के मानचित्र में चिन्हित प्रस्ताव सांकेतिक एवं स्थूल स्वरूप के हैं। उदाहरणार्थ आवासीय परिक्षेत्र, जो विकास योजना मानचित्र में दर्शाया गया है, उसमें आंतरिक मार्ग, खुले तथा हरित क्षेत्र, नागरिकों के लिए आवश्यक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु क्षेत्रफल, तथा नगरीय विकास हेतु अनुपयोगी भूमि, वर्तमान वृक्ष समूहों द्वारा व्याप्त भूमि आवासीय क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में सम्मिलित हैं। इस कारण उक्त क्षेत्र विकास योजना मानचित्र में नहीं दर्शाए गए हैं।

5. वर्तमान भूमि उपयोग को अंगीकृत विकास योजना में दर्शाये अनुसार खसरा मानचित्र पर वास्तविक उपयोग अनुसार हस्तांतरित किया जावेगा।

6. आस–पास विद्यमान/निर्मित एवं धारा–30 में स्वीकृत मार्गों का समन्वय कर म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा–27, 28 व 29 में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। निवेश क्षेत्र में ऐसे निर्मित मार्ग, जो मौके पर विद्यमान हैं, परन्तु जिनके प्रस्ताव विकास योजना में उप–दर्शित नहीं है अथवा उप–दर्शित है, परन्तु चौड़ाई का उल्लेख नहीं है, ऐसे मार्गों की उनकी मौके पर उपलब्ध चौड़ाई अनुसार निरंतरता समन्वय के साथ सुनिश्चित की जावेगी।

7. विकास योजना मानचित्र में निर्धारित किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदाय विकास अनुज्ञा, स्वीकृत वर्तमान भवन, वर्तमान अवस्था में तथा वर्तमान अधिभोग हेतु क्रियान्वित होने पर यथावत रहेंगे।

8. किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में उपयोगिता अधोसंरचना से संबंधित निर्माण अथवा गतिविधि, जो स्थल पर आवश्यकता के अनुरूप उपयुक्त अधोसंरचना नियोजन एवं रूपांकन के अनुरूप तथा सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित हो, स्वीकार्य होगी।

9. संचालक द्वारा अनुमोदित अभिन्यास की समयावधि, यदि विकास योजना प्रकाशन की तिथि पर वैध है तो उस दशा में स्वीकृत अभिन्यास का व्यापक भूमि उपयोग मान्य किया जावेगा।

10. अपरिहार्य परिस्थितियों तथा सार्वजनिक हित में, राज्य शासन, नगर जनसंख्या को सामूहिक लाभ देने वाली राष्ट्रीय, राज्य अथवा नगर स्तर की गतिविधि हेतु विकास अनुज्ञा पर विचार कर सकती है, भले ही वह विकास योजना में उल्लेखित न हो।

11. ऐसे क्षेत्र जहां जन सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक हो, उसके लिये आदेश जारी करने हेतु राज्य शासन सक्षम होगा।

12. विकास अनुज्ञा के लिये प्रस्तुत मानचित्र में अगर कोई सुधार आवश्यक हो तो सक्षम अधिकारी द्वारा मानचित्र सुधार कर पुनः प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को वापिस किया जायेगा।

13. विभिन्न उपयोग परिसरों की पार्किंग की आवश्यकताएं, उसी उपयोग परिसर के अन्दर ही आवश्यक रूप से करना होगी। उक्त पार्किंग की व्यवस्था यदि समस्त भूखण्डों को प्रगणित करते हुये एकीकृत अथवा समूह में अभिन्यास स्तर पर की गई हो तो परिसर के अंदर पृथक से पार्किंग की बाध्यता नहीं होगी।

14. नगर में निर्मित होने वाले फ्लायओवर/स्काय वॉक के नीचे के स्थान को पार्किंग एवं अन्य जनहित उपयोगी गतिविधियों में उपयोग की अनुमति स्थल विशेष की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये दी जायेगी, परंतु ऐसी गतिविधि हेतु सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

15. विकास योजना में नदी/नालों के दोनों ओर दर्शाया गया हरित क्षेत्र सांकेतिक स्वरूप का है। नदी के दोनों किनारों पर उच्चतम जल स्तर से न्यूनतम 100 मीटर तक एवं नालों की स्थिति में मध्यप्रदेश

भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 50(ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार खुला क्षेत्र रखना अनिवार्य होगा, इस भूमि पर मार्ग तथा सार्वजनिक सेवा एवं सुविधा का निर्माण स्वीकार्य होगा।

16. गंदी बस्ती/झुग्गी झोपडीयों के विस्थापन को उसी स्थान पर व्यवस्थापित किये जाने हेतु शासन की नीति अनुरूप मान्य किया जा सकेगा।

17. झुग्गियों में रहने वाले निवासी, नगरीय केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों में सेवा कार्य से जुड़े होते हैं। यदि झुग्गी–झोपड़ी का किसी स्थान पर विस्थापन कर उसे विकसित किया जाना है, तो उस दशा में जल स्त्रोतों के क्षेत्र, आमोद–प्रमोद के क्षेत्र तथा प्रस्तावित मार्ग के क्षेत्र को छोड़कर शेष भूमि उपयोग परिक्षेत्रों में झुग्गी–झोपड़ी का विस्थापन ग्राह्य होगा।

18. आवास आवश्यकता के अनुरूप अफोर्डेबल हाऊसिंग को प्रोत्साहित किया जा सकेगा तथा 66.0 वर्गमीटर के निर्मित क्षेत्र को विशिष्ट परियोजना के अंतर्गत 0.25 अतिरिक्त एफ.ए.आर. मान्य किया जा सकेगा।

19. विकास योजना मानचित्र जो पुस्तक के साथ संलग्न है, वह मशीन द्वारा छोटा/बड़ा किया गया मानचित्र है। इस कारण उक्त मानचित्र के आधार पर भूमि की न तो लंबाई–चौड़ाई नापी जाये, न ही इस मानचित्र के क्षेत्रफल को नापा जाये। लंबाई–चौड़ाई एवं क्षेत्रफल नापने तथा भू–उपयोग की जानकारी की कार्यवाही हेतु सर्वे मानचित्र जो 1:4000 की माप पर तैयार किया गया है, उसके आधार पर किया जाये। विकास योजना में दर्शित वर्तमान भूमि उपयोग, स्थल की वास्तविक स्थिति के अनुसार ही खसरा मानचित्र पर अंकित किए जाये तथा इस संबंध में स्थल निरीक्षण/अभिलेख का परीक्षण कर अंतिम निर्णय लिया जा सकेगा।

20. परिक्षेत्रिक योजना तैयार करने की पद्धति विकास योजना तैयार करने के ही समान है। विकास के स्वरूप के अनुसार अलग–अलग विकास नियमन–परिक्षेत्रिक नियमनों की आवश्यकता हो सकती है किन्तु परिक्षेत्रिक योजना के प्रकाशित एवं प्रभावशील होने तक इस अध्याय में वर्णित नियमनों के आधार पर विकास अनुज्ञा दी जायेगी।

21. प्रत्येक उपयोग परिसर की परिक्षेत्रिक योजना/विस्तृत अभिन्यास में दी गई स्थिति एवं सीमायें, स्थल पर विद्यमान वर्तमान मार्ग/गाड़ी मार्ग एवं अन्य भौतिक स्वरूपों को संदर्भ माना जायेगा।

22. विकास योजना में दर्शित वर्तमान उपयोग स्थल पर विकसित एवं उक्त के राजस्व अभिलेख में दर्ज अनुसार ही मान्य होंगे। उससे लगकर स्थित भूमि पर संस्पर्शी भूमि उपयोग ही अधिमान्य होंगे।

23. विकास योजना में विभिन्न भूमि उपयोगों के विकास हेतु नियमन दिये गये हैं। नियमनों में यदि किसी प्रकार की विरोधाभास की स्थिति निर्मित होती है अथवा किसी व्याख्या की आवश्यकता होती है तो इस संबंध में राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

24. शासकीय विभागों द्वारा धारित भूमि एवं उससे संलग्न भूमि के भूमि उपयोग का निर्धारण एवं सत्यापन स्थल की स्थिति के अनुसार मान्य होगा तथा विकास योजना में मुद्रित मानचित्र के आकार से भिन्न होने पर, खसरों के आधार पर ही किया जायेगा।

25. नियमन में वर्णित गतिविधि के समानार्थी गतिविधि जिसका उल्लेख नियमनों में नहीं है, समानता के आधार पर मान्य किये जा सकेंगे।

26. विकास योजना मानचित्र में निर्दिष्ट भू–उपयोग व पुस्तक में वर्णित किसी लेख में विरोधाभास की स्थिति पर पुस्तक में वर्णित लेख मान्य होंगे।

6.3 परिभाषायें

उपयोग परिक्षेत्रः– मुख्य भू–उपयोग से संबंधित प्रस्तावित विशिष्ट नगरीय कार्यकलापों में से किसी एक कार्यकलाप का क्षेत्र।

उपयोग परिसर :– उपयोग परिसर से तात्पर्य ऐसा परिसर जो कि उपयोग परिक्षेत्र के उपविभाजन का एक भाग हो एवं जिसे अभिन्यास तैयार करते समय एक विशिष्ट मुख्य उपयोग या गतिविधि के लिए स्पष्ट किया गया हो।

अभिन्यास :– अभिन्यास से तात्पर्य उप विभाजित योजना से है, जिसमें उपयोग परिसर के सभी आकार एवं प्रकार इंगित हो।

भूमि उपयोग मानचित्र :– सभी उपयोग परिक्षेत्रों को दर्शाने वाला मानचित्र भूमि उपयोग मानचित्र कहलायेगा।

परिक्षेत्रिक योजना :– निवेश क्षेत्र के एक परिक्षेत्र की योजना, जिसमें नियोजन के प्रावधानों का विस्तार, सामाजिक अधोसंरचना, उद्यान, खुले क्षेत्र एवं यातायात तंत्र संबंधी विस्तृत जानकारी प्रावधानित हो।

नगरीय ग्राम :– भूमि उपयोग मानचित्र में दर्शाये एवं प्रस्तावित उपयोग परिक्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण आबादी, नगरीय ग्राम कहलायेंगे।

नगरीय विरासत का क्षेत्र :– नगरीय विरासत से तात्पर्य है, ऐसा परिसर जिसमें कि पुरातत्व महत्व के ऐतिहासिक भवन एवं उसके आसपास का परिसर सम्मिलित हो।

विकसित क्षेत्र :– विकसित क्षेत्र से तात्पर्य विकास योजना के रंगीन मानचित्र में दर्शित वर्तमान उपयोग।

एकल/संयुक्त परिवार हेतु भूखण्डीय विकास :– अपने सभी समानान्तर एवं ज्यामितीय बदलाव के साथ भूखंडीय विकास से तात्पर्य, परिवार हेतु भूखंडीय विकास (अभिन्यास) का भूखंडों में उप–विभाजन, जिसका नगरीय उपयोग प्रमुखतः एकल परिवार, संयुक्त परिवार के आवास हेतु किया जाना हो।

मिश्रित उपयोगः– मिश्रित उपयोग से तात्पर्य ऐसे उपयोग परिक्षेत्र से है जो कि इस विकास योजना में उल्लेखित किया गया है। इस उपयोग परिक्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक परिक्षेत्र तथा उनमें स्वीकार्य गतिविधियां मान्य होंगी।

ऊँचे भवनों का विकास :– ऊँचे भवनों का विकास, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 के उपनियम (38) सहपठित नियम 42 के अनुसार नियंत्रित होगा।

फर्शी क्षेत्र अनुपात :– फर्शी क्षेत्र अनुपात से तात्पर्य है, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 (30) के अनुसार।

भवन की ऊँचाई :– अन्यथा उल्लेखित न हो तो भवन की ऊँचाई से तात्पर्य है, म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 2 (9) के अनुसार।

संवेदनशील क्षेत्र :– परिस्थितिजन्य पर्यावरणीय, ईकोलॉजिकल एवं विरासत के आधार पर सीमांकित क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र कहलाएगा। इसके अंतर्गत नदी, तालाबों के निकटवर्ती क्षेत्र भी सम्मिलित होंगे।

नियंत्रित क्षेत्र :– नाली विभाजक, तालाबों के ग्राह्य क्षेत्र एवं परिदृश्य गुणवत्ता की संभावना के आधार पर निर्धारित किये गये क्षेत्र।

नगरीय ग्राम विस्तार :– ऐसी ग्राम आबादी जो प्रस्तावित उपयोग परिक्षेत्रों के अन्तर्गत आबादी जो राजस्व अभिलेख में दर्शाई गई हो।

नगरीय विरासत :– नगरीय विरासत से तात्पर्य ऐसा परिसर जिसमें की पुरातत्व विभाग द्वारा अधिसूचित पुरातत्व महत्व के ऐतिहासिक भवन एवं उसके आसपास का परिसर सम्मिलित हो।

अन्य परिभाषायें व नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 में निहित प्रावधानों के अनुरूप लागू होंगे।

6.4 भूमि उपयोग परिक्षेत्र

निवेश क्षेत्र को निम्नलिखित तालिका में दर्शाये अनुसार उपयोग परिक्षेत्रों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक उपयोग परिक्षेत्र, विभिन्न उपयोग परिसरों के रूप में विभाजित किये गये हैं। प्रत्येक उपयोग परिसर में विशिष्ट उपयोग, गतिविधियों की शर्तों या बिना शर्तों के स्वीकार्य होगी। ऐसे क्षेत्र जिसका कि निर्धारित अभिन्यास स्वीकृत नहीं है, का नियंत्रण विकास योजना/परिक्षेत्रिक योजना के भू–उपयोग/प्रस्तावों के अधीन निर्धारित होगा। निर्धारित मुख्य भू–उपयोगों के अनुरूप ही उपयोग परिक्षेत्र रहेंगे यथा आवासीय, वाणिज्यिक, मिश्रित, औद्योगिक, आमोद–प्रमोद, सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक, विशेष प्रयोजन, यातायात एवं परिवहन, सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवाएं, जलाशय एवं कृषि। उपयोग परिक्षेत्रों का विभाजन एवं उपयोग श्रेणियों का विवरण सारणी 6–सा–1 में दिया गया है।

प्रस्तावित भू–उपयोग परिक्षेत्र

सारणी 6–सा–1

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उप–परिक्षेत्र	नाम पद्धति	आधार तल क्षेत्रानुपात
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	आवासीय	आवासीय	(आर 1)	1.25
2	मिश्रित	आवासीय, वाणिज्यिक, सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	(एम)	1.25
3	वाणिज्यिक	सामान्य	(सी 1)	1.50
		मण्डी	(सी 6)	1.50

क्र.	भू–उपयोग परिक्षेत्र	भू–उपयोग उप–परिक्षेत्र	नाम पद्धति	आधार तल क्षेत्रानुपात
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
		मिनी सुपर कॉरिडोर	(सी 7)	1.50
		विशिष्ट वाणिज्यिक		1.50
4	उद्योग	सामान्य उद्योग	(आई 2)	भू.वि.नि 2012
5	आमोद–प्रमोद	उद्यान	(जी 1)	0.05
		नदी/तालाब के किनारे का हरित क्षेत्र	(जी 2)	0.00
		स्टेडियम	(जी 6)	0.10
6	सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक	सार्वजनिक संस्थान और प्रशासनिक क्षेत्र/शिक्षा और अनुसंधान/स्वास्थ्य/सामाजिक/सांस्कृतिक संस्थागत गतिविधियां	(पी)	1.0
7	यातायात एवं परिवहन	बस स्टेण्ड/बस डिपो	(टी 1)	1.0
		मार्ग	(टी 3)	0.00
		रेलवे स्टेशन	(टी 4)	आवश्यकतानुसार
		रेलवे लाइन	(टी 5)	0.00
		ट्रांसपोर्ट नगर	(टी 7)	1.25
8	सार्वजनिक उपयोगिताएं और सुविधाएं	जल शोधन संयंत्र	(पीयूएफ 1)	आवश्यकतानुसार
		विद्युत सब स्टेशन	(पीयूएफ 3)	आवश्यकतानुसार
		ठोस अपशिष्ट निपटान संयंत्र	(पीयूएफ 9)	आवश्यकतानुसार
		श्मशान घाट/कब्रिस्तान	(पीयूएफ 10)	आवश्यकतानुसार
9	जल निकाय	नदियां	(डब्ल्यू 1)	0.00
		तालाब/जलाशय	(डब्ल्यू 2)	0.00
		नाला/नहर	(डब्ल्यू 3)	0.00
10	कृषि	कृषि	(ए 1)	0.10

नोटः–

1. उपरोक्त सारणी के अतिरिक्त म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 61 के प्रावधानों के अनुसार एफ.ए.आर. मान्य किया जा सकेगा।
2. उस दशा में जहॉ भू–खण्ड/भूमि का स्वामी अपने भू–खण्ड के किसी भाग का स्वामित्व सार्वजनिक प्रयोजन के लिए, शासन/प्राधिकारी को सौंपता है और उसमें निहित करता है, वहां, उसके द्वारा सौंपे भू–खण्ड/भूमि के क्षेत्र के दोगुने के गणना कर अतिरिक्त तल क्षेत्र उसके आर्थिक प्रतिकर के स्थान में भू–खण्डों/भूमि के शेष भाग में अनुज्ञात किया जायेगा।

3. झुग्गी–झोपडी के पुनर्विकास की दशा में, उस क्षेत्र में अनुज्ञप्त तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर) के अतिरिक्त 0.50 तक, अतिरिक्त तल क्षेत्र अनुपात अनुज्ञेय किया जाएगा। तथापि विकास एवं भवन अनुज्ञा से संबंधी समस्त अन्य मानदण्ड का अनुपालन किया जाएगा।
4. भूखण्डों पर 2.4 मीटर की स्पष्ट ऊंचाई के साथ आच्छादित पार्किंग क्षेत्र उपलब्ध कराया जाएगा। पार्किंग के ऐसे क्षेत्र की गणना, तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर) तथा अनुज्ञेय ऊंचाई गणना में नहीं ली जाएगी।
5. किसी शहर/नगर के पुराने भाग के क्षेत्रों के पुनर्विकास की दशा में, पुरानी तथा क्षतिग्रस्त संरचनाओं का पुनर्निर्माण किया जाएगा और यदि आवश्यक हो, तो क्षेत्र के अनुज्ञेय फर्श तल अनुपात (एफ.ए. आर) से अधिक 0.25 तक अतिरिक्त तल क्षेत्रानुपात, मंजूर किया जा सकेगा। तथापि विकास अथवा भवन अनुज्ञा संबंधी अन्य मानदण्ड शिथिल नहीं किए जाएंगे।
6. उपरोक्त अतिरिक्त एफ.ए.आर. संवेदनशील क्षेत्रों (जलग्रहण क्षेत्रों) के सीमावर्ती क्षेत्रों में देय नहीं होगा।
7. ग्राम आबादी विस्तार क्षेत्र में अधिकतम 1:1.0 एफ.ए.आर. मान्य किया जा सकेगा।
8. TDR को प्रोत्साहित करने हेतु बेस FAR से अधिक FAR प्राप्त करने हेतु एक सीमा तक TDR को अनिवार्य किया गया है। उपर्युक्त सारणी में उल्लेखित तल क्षेत्र अनुपात के अलावा, प्रीमियम तल क्षेत्र अनुपात के रूप में अतिरिक्त तल क्षेत्र अनुपात प्रदान किया जा सकता है, जो आधार तल क्षेत्र अनुपात के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। ऐसे प्रीमियम तल क्षेत्र अनुपात की दर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी।

6.5 मध्य क्षेत्र हेतु मापदण्ड

मध्य क्षेत्र के वर्तमान निर्मित क्षेत्र में भू–खण्ड का सुव्यवस्थित तथा न्यूनतम आकार निर्धारित करना संभव नही है। चूंकि मध्य क्षेत्र में बहुत से आवासों के भूखण्ड अव्यवस्थित आकार के है। मध्य क्षेत्र में कार्य स्थलों पर रोशनदान, सूर्य का प्रकाश आदि स्वस्थ परिवेश की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए फर्शी क्षेत्रानुपात एवं निर्मित क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। निर्मित क्षेत्र संबंधी वर्तमान नगर निगम भवन नियमों में निम्नानुसार संशोधन करना होगा।

6.5.1 आवासीय

मध्यक्षेत्र के वर्तमान निर्मित क्षेत्र में भूखण्ड का सुव्यवस्थित तथा न्यूनतम आकार निर्धारित करना संभव नहीं है। मध्यक्षेत्र में बहुत से आवासों के भूखण्ड अव्यवस्थित आकार के हैं। मध्यक्षेत्र में कार्यस्थलों पर रोशनदान, सूर्य का प्रकाश आदि स्वस्थ्य परिवेश की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित घनत्व की प्राप्ति हेतु फर्शी एवं निर्मित क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। मध्य क्षेत्र में आवासीय परिसरों का उपविभाजन प्रतिबंधित रहेगा।

मध्य क्षेत्र में आवासीय विकास हेतु मापदण्ड

सारणी 6–सा–2

क्र.	भूखण्ड का आकार क्षेत्रफल	भूतल पर स्वीकार्य निर्मित क्षेत्र
1	2	3
1	100 वर्ग मीटर तक	75 प्रतिशत
2	100 वर्गमीटर से अधिक व 200 वर्गमीटर तक	66 प्रतिशत
3	200 वर्गमीटर से अधिक व 500 वर्गमीटर तक	60 प्रतिशत
4	500 वर्गमीटर से अधिक	40 प्रतिशत

(अ) फर्शी क्षेत्रानुपात

1. मार्ग चौडाई 18.0 मीटर से कम — 1:1.5
2. मार्ग चौडाई 18.0 मीटर एवं अधिक — 1:1.75

(ब) भवन पंक्ति

वर्तमान भवन पंक्ति यथावत किन्तु प्रस्तावित मार्ग चौडाई निर्धारित करने पर भवन पंक्ति पीछे होती हो तो, भवन पंक्ति प्रस्तावित मार्ग चौडाई को निर्धारित करने के पश्चात ही निर्धारित की जावेगी।

(स) अन्य शर्तें –

भवन/उपयोग परिसर में भवन के अन्य नियंत्रण निम्नानुसार होंगे:–

1. भू–खण्डीय विकास पर भू–तल पर निर्मित क्षेत्रानुपात आवासीय क्षेत्र के ही अनुरूप होगा।
2. इन क्षेत्रों में एकीकरण किये गये भवन/भूखण्डों पर स्वीकृति म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार ही दी जा सकेगी।

6.5.2 वाणिज्यिक क्षेत्र – मध्य क्षेत्र

(अ) आच्छादित क्षेत्र

वाणिज्यिक मार्गों पर भू तल पर अधिकतम आच्छादित क्षेत्र पार्किंग प्रावधान सुनिश्चित करने के पश्चात निर्धारित किया जायेगा, जो किसी भी दशा में 80 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

(ब) फर्शी क्षेत्रानुपात

विभिन्न वाणिज्यिक मार्गों पर फर्शी क्षेत्रानुपात निम्नानुसार स्वीकार्य होंगे:–

1. मार्ग चौडाई 18.0 मीटर से कम — 1:1.5
2. मार्ग चौडाई 18.0 मीटर से अधिक — 1:2.0

(स) भवन पंक्ति

वर्तमान भवन पंक्ति यथावत किन्तु प्रस्तावित मार्ग चौडाई निर्धारित करने पर भवन पंक्ति पीछे होती हो तो, भवन पंक्ति प्रस्तावित मार्ग चौडाई को निर्धारित करने के पश्चात ही निर्धारित कि जावेगी।

6.5.3 सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक (मध्य क्षेत्र)

सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक उपयोग हेतु अधिकतम आच्छादित क्षेत्र 40 प्रतिशत व फर्शी क्षेत्रानुपात 1:1.0 से अधिक नही होगा। 500.0 वर्गमीटर से छोटे शासकीय भवन/भूखण्डो में सीमान्त खुले एवं आच्छादित क्षेत्रो में छूट दी जा सकेगी। मध्य क्षेत्र मे स्थित सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक भवनों के पुनर्निर्माण की अनुमति में उनके सम्मुख मार्ग की चौड़ाई की चौड़ाई को प्रस्तावित मार्ग की चौड़ाई अनुसार रखते हुए स्वीकृति दी जा सकेगी।

6.5.4 ग्रामीण आबादी क्षेत्र

ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित भवनो के पुनर्निर्माण हेतु मध्य क्षेत्र के प्रावधानों के अनुसार अनुज्ञा दी जा सकेगी। किन्तु स्थल जिस पर अनुज्ञा हेतु आवेदन दिया गया है, का ग्रामीण आबादी का प्रमाणीकरण राजस्व अभिलेख के अनुसार राजस्व कार्यालय से कराना आवश्यक होगा। ग्रामीण आबादी के 200 मीटर संलग्न क्षेत्र में भी यही नियम मान्य होंगे।

6.6 वर्तमान विकसित क्षेत्र हेतु नियमन

- वर्तमान विकसित क्षेत्रों में भवन की ऊंचाई, भू–आच्छादन, फर्शी क्षेत्र अनुपात (FAR) एवं पार्किंग संबंधी मापदण्ड, नगरीय निकाय द्वारा जोनल प्लान तैयार कर निर्धारित मापदण्डों एवं भवन रेखा के निर्धारण अनुसार लागू होंगे। जब तक जोनल प्लान लागू नहीं होगा तब तक विकास योजना के प्रावधान लागू होंगे।
- विकसित क्षेंत्रों में पुनर्निर्माण की अनुमति स्थानीय निकाय द्वारा दी जा सकेगी।

6.6.1 वर्तमान विकसित क्षेत्रों के मापदण्ड

भवन की ऊंचाई, अहाते की दीवार की उंचाई एवं वाहन विराम संबंधी मापदण्ड नये क्षेत्रों के मापदण्डों के अनुरूप ही रहेंगे।

6.6.2 आवासीय

(अ) आवासीय अभिन्यास हेतु नियमन

आवासीय भूखण्डीय विकास हेतु निम्न माप दण्डों के अनुसार नियोजन उपरांत भू–खण्डीय क्षेत्र का निर्धारण किया जावेगा।

1. आवासीय भूखण्डीय विकास हेतु न्युनतम 1.0 हे. भूमि होना अनिवार्य होगा।
2. आंतरिक मार्गों की न्यूनतम चौड़ाई 9.0 मीटर मान्य होगी। स्वीकृत एवं विकसित कालोनी के आंतरिक 7.50 मीटर चौडे मार्गों से पहुंच मान्य की जा सकेगी।
3. सेवा सुविधाओं हेतु नियमानुसार क्षेत्र प्रावधानित करना आवश्यक होगा।

4. विद्युत अधोसंरचना हेतु आवश्यक क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से आरक्षण कराया जाना आवश्यक होगा।
5. सुविधाजनक दुकानें म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 अनुसार प्रावधानित करना आवश्यक होगा।
6. सभी प्रकार के भूखण्डीय क्षेत्र मार्ग संरचना, खुला क्षेत्र, सुविधाएं एवं सेवाओं हेतु नियोजन करने के पश्चात निर्धारित किये जाऐगें।
7. सुविधाजनक दुकानों हेतु आरक्षित भूखण्डों के आगे सम्मुख एम.ओ.एस. पार्किंग हेतु छोड़ना होगा।
8. प्रत्येक कॉलोनी में सामुदायिक खुला क्षेत्र में से 30% क्षेत्रफल को वृक्ष आच्छादित क्षेत्र (Wooded Area) के रूप में विकसित करना अनिवार्य होगा।

अन्य मार्गदर्शी सिध्दांत

नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के मापदण्डों के अनुसार नियंत्रित होंगे। आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन सारणी 6–सा–3 में दिए गए हैं।

1. इन नियमन का उद्देश्य परिक्षेत्रों के अभिन्यास तैयार करने में मार्गदर्शन देना है। इन नियमों में परिभ्रमण संरचना एवं सुविधाओं के प्रावधानों के मानक सम्मिलित है। ऐसे अभिन्यासों से जुड़े सेवा प्रावधान जैसे भौतिक संरचनायें, जल प्रदाय, जल–मल निकास आदि संबंधित नियमों के अनुरूप होंगे।
2. सामान्यतः भूखण्ड की चौड़ाई एवं गहराई का अनुपात 1:1.5 से 1:3 होना चाहिए, किन्तु स्थल की स्थिति के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके अतिरिक्त अनुपात का निर्णय लिया जायेगा।
3. भवन निर्माता/वास्तुविदों को अपने भवन नियोजन हेतु आवासीय विकास के संदर्भ में भूखण्ड आकार, भूखण्ड प्रकार, फर्शी क्षेत्रानुपात, भू–तल आच्छादन, भवन की ऊँचाई तथा स्वीकार्य आवासीय इकाईयों के मानकों की आवश्यकता होती है। नीचे दी गई सारणी में आवासीय क्षेत्रों के आच्छादन तथा सीमान्त खुला क्षेत्र वर्णित है एवं सारणी में दर्शाये भूखण्ड स्वीकृत अभिन्यास का भाग होना आवश्यक है।
4. म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम–2021 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम–2014 के प्रावधानों के अनुरूप अल्प आय वर्ग एवं कमजोर आय वर्ग हेतु प्रावधान किये जावेंगे।
5. म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 99 (परिशिष्ट–ञ) में निहित प्रावधानों के अनुरूप विशेषतः अल्प आय वर्ग का अभिन्यास तैयार किया जाना चाहिये।
6. पहुंच मार्ग की चौड़ाई 24.00 मीटर से अधिक होने पर मिश्रित उपयोग हेतु अनुमति दी जा सकेगी। ऐसे मिश्रित उपयोग भवन के पुनर्निर्माण में भी अनुज्ञात किये जा सकेंगे।
7. ग्रामीण मार्गों कांकड की न्यूनतम चौडाई न्यूनतम 12 मीटर तथा अधिकतम स्थल पर उपलब्ध चौडाई के अनुसार मान्य की जा सकेगी।

(ब) समूह आवास/ ऊँचे भवन (हॉईराईज) के मानक

(1) समूह आवास –मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के अनुरूप मान्य होंगे।

(2) डुप्लेक्स एवं रो–हाउसिंग–मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के अनुरूप मान्य होंगे।

(स) स्वयं के आवास हेतु मापदण्ड

ऐसे भू–भाग जो कृषि के रूप में छोटे–छोटे टुकडों में विभक्त हैं तथा न्यूनतम क्षेत्रफल 0.05 हेक्टेयर होकर विकास योजना में भूमि उपयोग आवासीय प्रस्तावित है तो निम्न प्रावधानों का पालन करते हुए नियोजन अनुज्ञा दी जा सकेगी:–

1. स्वयं के आवास हेतु न्यूनतम निर्धारित सीमा से कम भू–भाग पर अनुमति जारी नही की जावेगी।
2. संबंधित स्थानीय प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र लिया जावेगा की भू–भाग अवैध कालोनी का भाग नही है।
3. ऐसे भू–भाग जो एक से अधिक व्यक्ति के नाम से हो एवं वे व्यक्ति एक परिवार के ना हों उस पर अनुमति नहीं दी जावेगी। संयुक्त परिवार के खाते की भूमि होने पर उक्त भू–भाग पर एकल स्वीकृति जारी की जावेगी।
4. भूखण्ड में से 10 प्रतिशत खुला क्षेत्र छोड़ा जावेगा, जो सीमांत खुले क्षेत्र से पृथक रहेगा।
5. भूखण्ड पर अनुमति तभी ही दी जा सकेगी, जब आवेदक द्वारा भूखण्ड हेतु सार्वजनिक अथवा निजी पहुंच मार्ग उपलब्ध हो।
6. भूखण्ड के चारों ओर निर्धारित सीमांत खुले क्षेत्र (एम.ओ.एस.) मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार मान्य किया जावेगा।
7. स्थानीय संस्था द्वारा मांग की जाने पर प्रचलित नियमों अनुसार आश्रय शुल्क, विकास शुल्क एवं अन्य शुल्क की राशि जो कि, स्थानीय संस्था निर्धारित की जावेगी, आवेदक को भवन निर्माण अनुज्ञा के पूर्व स्थानीय संस्था में जमा कराना होगी, उसके पश्चात् ही भवन अनुज्ञा जारी की जा सकेगी।
8. अधिकतम आच्छादित क्षेत्र 40 प्रतिशत से अधिक नही होगा तथा भवन की ऊँचाई 9.50 मीटर (जी+2) तथा फर्शी क्षेत्र अनुपात 1:1.00 मान्य होगा।

6.7 नवीन आवासीय भूखण्डों हेतु विकास नियमन

नवीन आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के मापदण्डों के अनुसार नियंत्रित होंगे। आवासीय क्षेत्र हेतु विकास नियमन सारणी 6–सा–3 में दिए गए हैं।

1. इन नियमन का उद्देश्य परिक्षेत्रों के अभिन्यास तैयार करने में मार्गदर्शन देना है। इन नियमों में परिभ्रमण संरचना एवं सुविधाओं के प्रावधानों के मानक सम्मिलित है। ऐसे अभिन्यासों से जुड़े सेवा प्रावधान जैसे भौतिक संरचनायें, जल प्रदाय, जल–मल निकास आदि संबंधित नियमों के अनुरूप होंगे।
2. सामान्यतः भूखण्ड की चौड़ाई एवं गहराई का अनुपात 1:1.5 से 1:3 होना चाहिए, किन्तु स्थल की स्थिति के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके अतिरिक्त अनुपात का निर्णय लिया जायेगा।

3. भवन निर्माता/वास्तुविदों को अपने भवन नियोजन हेतु आवासीय विकास के संदर्भ में भूखण्ड आकार, भूखण्ड प्रकार, फर्शी क्षेत्रानुपात, भू–तल आच्छादन, भवन की ऊँचाई तथा स्वीकार्य आवासीय इकाईयों के मानकों की आवश्यकता होती है। नीचे दी गई सारणी में आवासीय क्षेत्रों के आच्छादन तथा सीमान्त खुला क्षेत्र वर्णित है एवं सारणी में दर्शाये भूखण्ड स्वीकृत अभिन्यास का भाग होना आवश्यक है।

4. म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम–2021 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम–2014 के प्रावधानों के अनुरूप अल्प आय वर्ग एवं कमजोर आय वर्ग हेतु प्रावधान किये जावेंगे।

5. म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 99 (परिशिष्ट–ञ) में निहित प्रावधानों के अनुरूप विशेषतः किफायती आवास एवं अल्प आय वर्ग का अभिन्यास तैयार किया जाना चाहिये।

आवासीय भूखण्डों के विकास मापदण्ड

सारणी 6–सां–3

क्र.	भूखण्ड का आकार (मी. में)	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) न्यूनतम	विकास का प्रकार	एफ.ए.आर. अधिकतम	एम. ओ. एस. (मी.) में				भूखण्ड के सामने मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई (मी.में)	अधिकतम उँचाई (मी.में)	एक भूखण्ड पर अधिकतम स्वीकार्य आवासीय ईकाइयां
					अग्र	पार्श्व	आजू	बाजू			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	4.0X8.0	32	पंक्ति	1.25	3.00	0.0	0.0	0.0	6	9.5	2
2	4.0X12.0	48	पंक्ति	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	6	9.5	2
3	5.0X15.0	75	पंक्ति	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	6	9.5	2
4	7.0X15.0	105	पंक्ति	1.25	3.00	1.5	0.0	0.0	7.5	9.5	2
5	9.0X15.0	135	अर्धपृथक्कृत	1.25	3.00	1.5	2.5	0.0	7.5	12.5	3
6	11.10X18.0	200	अर्धपृथक्कृत	1.25	3.00	2.5	2.5	0.0	9.0	12.5	4
7	12.0X18.0	216	अर्धपृथक्कृत	1.25	3.5	2.5	3.0	0.0	9.0	12.5	4
8	12.0X24.0	288	पृथक्कृत	1.25	4.5	2.5	3.5	1.5	9.0	12.5	4
9	15.0X24.0	360	पृथक्कृत	1.25	6.0	2.5	3.0	3.0	12.0	12.5	5
10	15.0X27.0	405	पृथक्कृत	1.25	6.0	3.0	3.5	3.0	12.0	12.5	5
11	18.0X30.0	540	पृथक्कृत	1.25	6.0	3.0	4.0	3.0	12.0	12.5	7
12	20.0X30.0	600	पृथकृत	1.25	6.0	3.0	4.5	3.0	12.0	12.5	7
13	25.0X30.0	750	पृथक्कृत	1.25	6.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5	7
14	30.0X33.0	990	पृथक्कृत	1.25	6.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5	7

नोटः–

1. उपरोक्त तालिका सांकेतिक स्वरूप की है जिसे मार्गदर्शिका के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।

2. मिश्रित उपयोग के अंतर्गत ऐसे भूखण्ड जिसमें न्यूनतम भूखण्ड क्षेत्रफल की अर्हता पूर्ण होती है, हेतु भी उपरोक्त मापदण्ड लागू होंगे। (आवासीय इकाई छोड़कर)
3. सारणी के अनुक्रमांक 9 से 14 में दर्शाये भूखण्ड आकार को केवल प्रस्तावित आवासीय क्षेत्रों में बहु इकाई भूखण्डीय विकास के रूप में मान्य किया जा सकता है।
4. ऐसे भूखण्ड जिनका क्षेत्र सारणी में दर्शायी श्रेणियों के मध्य के आकार के हो, को इसके पूर्व की श्रेणी के एम.ओ.एस., एफ.ए.आर. के अनुसार अथवा नियोजन अनुज्ञा में वर्णित अनुसार स्वीकृति दी जानी चाहिए। ऐसे आच्छादित क्षेत्र अथवा एम.ओ.एस. (MOS) में निर्धारित करते समय यदि कतिपय भिन्नता आती है तो आच्छादित क्षेत्र अथवा एम.ओ.एस. में से किसी एक को निश्चित कर स्वीकृति दी जायेगी। किन्तु ऐसे प्रकरणों में भवन रेखा निर्धारित कर ही स्वीकृति दी जायेगी।
5. घनत्वीय गणना हेतु एक आवासीय इकाई में औसतन 4.8 व्यक्ति तथा कर्मचारी आवास में औसतन 2.4 व्यक्ति का रहवास माना जावेगा।
6. वाहन विराम स्थल की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार की जायेगी।.
7. झुग्गियों की पुनर्स्थापना की दशा में 32 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल के भूखण्ड स्वीकार्य नही होंगे।
8. अनुक्रमांक 9 से 14 के भूखण्डों के समक्ष 12 मीटर से कम चौड़ा मार्ग होने पर केवल 4 आवासीय ईकाइयां मान्य होंगी।
9. आवासीय भवन का निर्माण 2.4 मीटर ऊँचाई के स्टिल्ट पर, स्वीकार्य ग्राउण्ड कवरेज की सीमा तक किया जाता है, तो स्टिल्ट फ्लोर की ऊँचाई तथा ऐसे निर्मित क्षेत्र की गणना, भवन ऊँचाई तथा एफ.ए.आर. में नहीं की जाएगी। स्टिल्ट पार्किंग हेतु भूखण्ड के आकार/क्षेत्रफल का बंधन नहीं होगा।

6.8 बहुविध बहु मंजिली इकाई निर्माण

मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 42 के मापदण्ड अनुसार नियंत्रित होंगे।

6.9 फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधा

फार्म हाउस एवं कृषि पर्यटन सुविधायें हेतु मानक मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 17 अनुसार मान्य होंगे।

6.10 मिश्रित उपयोग

आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक अर्द्धसार्वजनिक गतिविधियां।

6.10.1 मिश्रित उपयोग नियमन

मिश्रित उपयोग पारंपरिक नगर नियोजन तथा भारतीय सामाजिक–आर्थिक–सांस्कृतिक परिवेश पर आधारित है। बाजार के आर्थिक आवश्यक बल के कारण सार्वजनिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों का विकास आवासीय परिसरों में हुआ है। इसी प्रकार वाणिज्यिक उपयोग हेतु निर्धारित क्षेत्र में आवासीय तथा सार्वजनिक/अर्द्धसार्वजनिक गतिविधियों का विकास हुआ है। बाजार के आर्थिक आवश्यक बल के कारण आवासीय परिसरों में वाणिज्यिक गतिविधियों की मांग और बढ़ रही है। अतः वास्तविकता को अनदेखा

करना नियोजन की दृष्टि से उचित नहीं होगा। अतः अब ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता है, जिसके फलस्वरूप नागरिकों की वास्तविक आवश्यकता एवं नागरिकों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मध्य संतुलन बना रहे। इस हेतु आवासीय परिसरों में मिश्रित उपयोग स्वीकार्य करने हेतु स्पष्ट सिद्धांत एवं प्रक्रिया का निर्धारण आवश्यक है ।

निवेश क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे मार्ग जिनकी चौड़ाई 24.00 मीटर या इससे अधिक है, ऐसे मार्गों पर आमोद–प्रमोद, यातायात, कृषि, विशेषीकृत वाणिज्यिक (मण्डी आदि) एवं औद्योगिक क्षेत्र से प्रभावित भूमियों को छोड़कर शेष भूमि/भूखण्ड पर भी मार्ग की चौड़ाई के दोगुना चौड़ाई तक मिश्रित उपयोग की गतिविधि मान्य की जा सकेगी। मिश्रित उपयोग में आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक भूमि उपयोग के अंतर्गत दर्शित गतिविधियॉ मान्य की जा सकेगी।

6.10.2 मिश्रित उपयोग के मार्गदर्शी सिद्धांत

1. मिश्रित उपयोग का आशय आवासीय/वाणिज्यिक/सार्वजनिक अर्द्धसार्वजनिक परिक्षेत्र से संबंधित गतिविधि किये जाने से है।
2. ऐसे कार्यकलापों की सामाजिक, आर्थिक आवश्यकता तथा आवासीय क्षेत्र में उक्त कार्यकलापों से पर्यावरण पर पड़ने वाले संभावित विपरीत प्रभाव के बीच संतुलन बनाये रखना आवश्यक है।
3. मिश्रित उपयोग से, अलग–अलग मोहल्लों में निकटतम क्षेत्र में व्यावसायिक सुविधायें प्राप्त हो सकेंगी जिससे आवागमन में कमी आयेगी किन्तु इससे रिहायशी इलाकों में भीड़–भाड़ बढ़ने, पार्किंग की असुविधा एवं अन्य पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी पड़ना संभावित है। प्रस्तावित नियमन से इन प्रभावों का प्रबंधन एवं नियंत्रण संभव होगा ।
4.

6.10.3 मिश्रित उपयोग की सामान्य शर्तें

1. मिश्रित उपयोग हेतु विकास नियंत्रण के उपयोग परिक्षेत्र में लागू मापदण्ड (एफ.ए.आर. ग्राउण्ड कवरेज इत्यादि) मिश्रित उपयोग के लिये भी लागू रहेंगें।
2. मिश्रित उपयोग के यह नियमन नवीन प्रस्तावित क्षेत्रों में लागू होंगे, तथा पार्किंग हेतु मानक उपयोग परिसर के अनुसार मान्य होंगे।
3. 24.0 मीटर एवं अधिक चौड़े मार्ग पर ही गैर–आवासीय गतिविधियां जैसे वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक गतिविधियां मान्य की जा सकेंगी।
4.

6.11 वाणिज्यिक अभिन्यासों के लिए रूपांकन मार्गदर्शिका

वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास मापदण्ड निम्न सारणी क्रमांक 6–सा–4 में दर्शाये गये है:–

वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास मापदण्ड

सारणी 6–सा–4

क्र.	भूखण्ड का आकार (मी. में)	क्षेत्र (वर्ग मी. में)	मार्ग की चौड़ाई (मी. में)	फर्शी क्षेत्रानुपात	निर्मित क्षेत्र (प्रतिशत)	सीमांत खुला क्षेत्र (मीटर में)			
						अग्र	पार्श्व	आजू	बाजू
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	6.0x9.0	54	12 या अधिक	1.5	80	4.5	0.0	0.0	0.0
2.	9.0x15.0	135	12 या अधिक	1.5	70	4.5	1.5	2.5	0.0
3.	12.0x18.0	216	12 या अधिक	1.5	60	4.5	1.5	2.5	2.5
4.	15.0x24.0	360	12 या अधिक	1.5	60	4.5	3.0	3.6	3.6
5.	18.0x30.0	540	12 या अधिक	1.5	60	6.0	4.5	4.5	4.5
6.	30.0x33.0	990 से अधिक	12 या अधिक	1.5	40	6.0	4.5	4.5	4.5

टीप :–

1. 1000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल एवं 12.5 मीटर तक के भवनों के लिए न्यूनतम खुला क्षेत्र चारों ओर 6 मीटर से कम नहीं होगा।
2. मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई के आधार पर निम्नानुसार अधिकतम एफ.ए.आर. देय होगा।
   - 12 मीटर या अधिक – 1:1.50
   - 18 मीटर या अधिक – 1:1.75
   - 24 मीटर या अधिक – 1:2.00
3. यह मापदण्ड सभी वाणिज्यिक क्षेत्रों में लागू होंगे। सारणी में दर्शाये गये क्षेत्रफल से कम होने की स्थिति में उसके पूर्व सरल क्रमांको के मानक लागू होंगे।
4. वाहन विराम स्थल की गणना म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार की जायेगी।
5. अग्र कॉरिडोर की भूमि का किसी अन्य प्रयोजन हेतु उपयोग निषेध होगा।
6. वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक सारणी 6–सा–5 में वर्णित हैं।

वाणिज्यिक विकास हेतु अभिन्यास के मानक

सारणी 6–सा–5

क्र.	वर्ग	कुल क्षेत्र का प्रतिशत
1	2	3
1.	भूखण्डों का क्षेत्र	अधिकतम 50 प्रतिशत
2.	परिभ्रमण एवं वाहन विराम स्थल का क्षेत्र	अधिकतम 40 प्रतिशत
3.	खुले स्थानों को सम्मिलित कर सुविधाओं का क्षेत्र	न्यूनतम 10 प्रतिशत (8 : 2)
4.	मार्गों की चौड़ाई – बाजार से गुजरने वाले मुख्य सीधे मार्ग	12 मीटर

	की न्यूनतम चौड़ाई – दुकानों के सामने ट्रकों के खड़े एवं मुड़ने के लिये न्यूनतम चौड़ाई – दुकानों के सामने पदचारी की न्यूनतम चौड़ाई	18 मीटर 6 मीटर
5.	दुकानों के आकार	मार्ग सर्वेक्षण एवं प्रोजेक्शन के आधार पर
6.	विराम स्थल	म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार

6.12 औद्योगिक

औद्योगिक विकास के मानक म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार होंगे।

6.12.1 खतरनाक एवं प्रदूषणकारी उद्योग हेतु मापदण्ड

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लाल श्रेणी के उद्योगों को निवेश क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृति नहीं दी जावेगी। नगरीय सीमा में स्थित प्रदूषणकारी उद्योगों को असंगत भूमि उपयोग की श्रेणी में मान्य करते हुये ऐसे उद्योगों को निवेश क्षेत्र के बाहर विस्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

6.13 सार्वजनिक/अर्द्धसार्वजनिक

(अ) सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक भूमि उपयोग के अभिन्यास के मानक मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 में निहीत प्रावधान अनुसार रखे जावेंगे।

(ब) इस उपयोग अंतर्गत स्वीकार्य निर्मित क्षेत्र तथा फर्शी क्षेत्र अनुपात वर्तमान सघन क्षेत्र के लिये निम्न सारणी 6–सा–6 में दर्शाये गये है।

सार्वजनिक तथा अर्द्धसार्वजनिक हेतु विकास मापदण्ड

सारणी 6–सा–6

क्र.	विवरण	भू–आच्छादित क्षेत्र	फर्शी क्षेत्रानुपात
1	**2**	**3**	**4**
1	महाविद्यालय	30 प्रतिशत	1.0
2	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	30 प्रतिशत	1.0
3	प्राथमिक शाला	40 प्रतिशत	1.25
4	पूर्व प्राथमिक शाला	40 प्रतिशत	1.25
5	चिकित्सालय	30 प्रतिशत	1.0
6	स्वास्थ्य केन्द्र	40 प्रतिशत	1.25

7	पुलिस थाना	30 प्रतिशत	1.0
8	अग्निशमन भवन	30 प्रतिशत	1.0
9	सामुदायिक भवन	30 प्रतिशत	1.0
10	शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय	30 प्रतिशत	1.25

भू–आच्छादित क्षेत्र का 5 प्रतिशत अतिरिक्त आच्छादन, गैरेज तथा साइकल स्टैण्ड के लिये स्वीकार्य होगा।

6.13.1 अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान

नवीन वाणिज्यिक केन्द्रों के नियोजन के समय फुटपाथ दुकानें, हाथ ठेला एवं इसी तरह की अन्य गतिविधियों के लिए निम्न सारणी में दिए गए मानकों के अनुसार अनौपचारिक वर्ग हेतु प्रावधान निर्धारित किए गए हैं।

अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान

सारणी 6–सा–7

क्र.	विवरण	मानक
1	2	3
1.	फुटपाथ व्यापार वृत्त खण्ड केन्द्र उपवृत्त खण्ड केन्द्र सुलभ शॉपिंग	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें
2.	शासकीय एवं वाणिज्यिक कार्यालय	1 से 2 इकाई प्रति 100 कर्मकार
3.	थोक व्यापार एवं मालभाड़ा कॉम्पलेक्स	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें
4.	चिकित्सालय	3 से 4 इकाई प्रति 100 बिस्तर
5.	विद्यालय प्राथमिक माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक	 3 से 4 इकाई 5 से 6 इकाई
6.	उद्यान नगर उद्यान स्थानीय उद्यान	 8 से 10 इकाई प्रत्येक प्रमुख प्रवेश द्वार 2 से 3 इकाई
7.	आवासीय	1 इकाई प्रति 500 जनसंख्या
8.	बस स्थानक/रेल्वे स्टेशन	परियोजना तैयार करते समय किये गये सर्वेक्षण पर निर्भर होगा।

टीपः– प्रत्येक इकाई 2.5 से 5 वर्गमीटर के आकार की नियत होगी।

6.13.2 सामुदायिक सुविधाओं/सेवाओं हेतु नियमन

सामुदायिक सुविधाओं/सेवाओं हेतु नियमन म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 में निहित प्रावधान अनुसार मान्य होंगे।

6.13.3 सामुदायिक सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं के मापदंड

226	फॉर्म हाउस	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
227	डेयरी युनिट	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	9.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
228	पशु पालन केन्द्र	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	9.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार

अनु. क्र.	उपयोग/गतिविधि	न्यूनतम भूमि या भूखण्ड का क्षेत्रफल हेक्टर में	सामने स्थित मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई मीटर में	भू-तल अधिकतम कव्हरेज प्रतिशत में	एफ.ए.आर.	ऊंचाई मीटर में	न्यूनतम एम.ओ.एस. मीटर में			न्यूनतम वाहन पार्किंग
							सामने	पीछे	साईडस्	
229	पशु शोध केन्द्र	0.20	12.00	35	1:1.00	7.50	12.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
230	कृषि पर्यटन सुविधा	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
231	अनाज गोदाम	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	12.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
232	भवन सामग्री यार्ड	0.20	12.00	10	1:0.15	7.50	12.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
233	ग्रामीण प्रशिक्षण केन्द्र	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	9.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
234	कृषक परामर्श/ सहायता केन्द्र	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	9.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
235	आंगनवाड़ी	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	9.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
236	औषधालय	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	9.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
237	कृषि उपकरण कर्मशाला	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	9.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार

अनु. क्र.	उपयोग/गतिविधि	न्यूनतम भूमि या भूखण्ड का क्षेत्रफल हेक्टर में	सामने स्थित मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई मीटर में	भू–तल अधिकतम कव्हरेज प्रतिशत में	एफ.ए.आर.	ऊंचाई मीटर में	न्यूनतम एम.ओ.एस. मीटर में			न्यूनतम वाहन पार्किंग
							सामने	पीछे	साईडस्	
238	चौपाल	0.10	12.00	35	1:1.00	7.50	9.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार
239	उत्सव स्थल	0.20	12.00	10	1:0.15	7.50	12.00	6.00	6.00	म.प्र. भू.वि.नि. अनुसार

नोट :– 1. सक्षम अधिकारी, उपरोक्त सारणी क्र 6–सा–11 में उल्लेखित गतिविधियों के समतुल्य अन्य गतिविधियों की अनुमति दे सकेगा।

2. भूतल अधिकतम कव्हरेज एवं भूखण्ड के अग्रभाग हेतु मापदंड यदि म0प्र0 भूमि विकास नियम 2012 से भिन्न हो तो उसे म0प्र0 भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार मान्य किया जावेगा।

3. 12.50 से ऊंचे भवनों हेतु सभी मापदण्ड मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम के अनुसार मान्य होंगे।

4. उपरोक्त सारणी में वर्णित विभिन्न सुख–सुविधाओं के लिये अपेक्षित न्यूनतम भूमि या भूखण्ड का क्षेत्रफल केवल निर्देशित है। भूखण्ड का न्यूनतम आकार/क्षेत्रफल प्रशासकीय विभाग या किसी नियामक प्राधिकारी या भूखण्ड का न्यूनतम आकार विहित करने के लिये सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित किये गये अनुसार होगा।

5. ऐसी गतिविधियॉ जिनका एफ.ए.आर. वर्णित नही है उनमें एफ.ए.आर. मूल भू–उपयोग परिक्षेत्र सारणी 6–सा–1के अनुसार मान्य होंगे।

6.30 अन्य सुविधाएँ

देवास निवेश क्षेत्र में भूमि के विकास तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताओं हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 49(1) अनुसार मान्य होंगी।

6.31 विकास योजना के विशिष्ट प्रावधान

1. मिश्रित भूमि उपयोग : विकास योजना के नवीन प्रस्तावित क्षेत्र में भिन्न–भिन्न रिजिड (Rigid) भूमि उपयोग के प्रस्ताव ना देते हुए आवासीय के तहत एकल किन्तु लचीला (Flexible) मिश्रित भूमि उपयोग प्रस्तावित किया गया है, जिसमें मार्ग की चौड़ाई के आधार पर गतिविधियां स्वीकार्य की गई है।

2. **हरित क्षेत्र :** देवास नगर में हरित क्षेत्र को बढ़ाये जाने की नितांत आवश्यकता है। इसी अवधारणा से आमोद–प्रमोद भूमि उपयोग के तहत भूमि वितरण का प्रतिशत बढाया गया है। विकास योजना में नदी, नाले एवं तालाबों से बफर जोन के रूप में हरित क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। ग्रीन बफर के रूप में क्षिप्रा नदी से लगकर 100.00 मीटर चौडाई तक तथा शंकरगढ़ पहाड़ी पर हरित क्षेत्र आमोद– प्रमोद के तहत प्रस्ताव दिए गए है जो कि नगर के पर्यावरणीय संतुलन के साथ–साथ सामुदायिक खुले क्षेत्र, खेल के स्थान, वृक्ष आच्छादित क्षेत्र (Wooded Area), नगर उद्यान की आवश्यकता की पूर्ति करेगा साथ ही साइकल ट्रेक एवं जोगिंग ट्रेक की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अधोसंरचना भी तैयार हो सकेगी।

6.32 विकास योजना के प्रस्तावों की प्राप्ति हेतु प्रक्रिया

म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार होगी।

———0———

अध्याय–7
योजना क्रियान्वयन

सभी नियोजन व्यर्थ है, यदि विकास योजना के कियान्वयन एवं प्रभावशील करने हेतु संभव प्रयास पूर्ण रूप से नहीं किये जाते है। यह अपेक्षित है कि इसमें नागरिकों द्वारा व्यक्तिगत या संगठित रूप से निर्माण, पुनर्निर्माण और विभिन्न उपयोग हेतु भूमि विकास करंके योगदान करना होगा। इसलिए यह आवश्यक होगा कि, ऐसे प्रयासों का मार्गदर्शन, तकनीकी सलाह देकर किया जावे जिससे कि विकास एवं निर्माण, विकास योजना या परिक्षेत्रीय योजना के उपबंधों के अनुरूप हो सके। विकास योजना का प्रभावीकरण तभी संभव हो सकेगा,जब मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानों के अन्तर्गत कोई भी विकास कार्य चाहे वह शासकीय, अर्द्धशासकीय या व्यक्तिगत हो, उसकी अनुज्ञा नगर तथा ग्राम निवेश से प्राप्त कर किया जावें। भूमि विकास के नियंत्रण संबंधी प्रावधान मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 एवं अधिनियम 1973 में निहित है।

विकास योजना का कियान्वयन मुख्यतः देवास नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकारी द्वारा किया जावेगा। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, नगर पालिक निगम द्वारा भी अपने संबंधित कार्य क्षेत्र में निर्माण कार्य किया जाता है। उससे विकास योजना के कियान्वयन में मदद मिलेगी। इसलिए यह अपेक्षित होगा कि सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों कों समन्वित करने हेतु शासकीय अर्द्ध शासकीय निकाय, विकास योजना के क्रियान्वयन की क्रमावस्था तथा कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें।

7.1 विकास योजना का क्रियान्वयन

विकास योजना के प्रस्ताव सन् 2041 तक की कालावधि के लिए है। वर्तमान मूल्यों के अनुसार पूर्ण प्रस्ताव क्रियान्वयन करने में 699052.5 लाख रूपये का व्यय अनुमानित है। इसमें विभिन्न भूमि उपयोग हेतु 6643.23 हे. भूमि के अर्जन हेतु मुआवजा एवं कुल भूमि का 60 प्रतिशत विकास पर व्यय, नये मार्गों का निर्माण आदि शामिल है।

भूमि अर्जन की औसत दर 50.00 लाख रूपये प्रति हेक्टर मानी गई है। विकास व्यय का जहॉ तक प्रश्न है वह भूमि उपयोग के प्रकार अनुसार अलग–अलग माना गया है। संपूर्ण विकास योजना 2031 के क्रियान्वयन की लागत का अनुमान सारणी 7–सा–1 में दर्शाया गया है। क्रियान्वयन की लागत की गणना सांकेतिक स्वरूप की है, वास्तविक गणना प्रस्तावों के क्रियान्वयन के समय की जावेगी।

विकास योजना का क्रियान्वयन

सारणी 7–सा–1

क्र.	भूमि उपयोग विवरण	क्षेत्रफल (हेक्टर में)				भू–अर्जन प्रति हेक्टेयर लागत (रु. 50.00 लाख प्रति हे. की दर से)	शेष भूमि का 60 प्रतिशत विकास व्यय			कुल लागत (रु. लाख में 7+10)
		प्रस्तावित	वर्तमान विकसित भूमि	शेष भूमि	भू अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि		क्षेत्र हे. में	विकास दर प्रति हे. (रु. लाख में)	(लागत रु. लाख में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	आवासीय	3582.93	1505.00	2077.93	2077.93	103896.5	1246.76	100	124676	228572.5
2	मिश्रित	1242.34	38.64	1203.70	1203.70	60185	722.22	100	72222	132407
2	वाणिज्यिक	476.85	75.95	400.90	400.90	20045	240.54	100	24054	44099
3	औद्योगिक	1981.83	1005.26	976.57	976.57	48828.5	585.94	100	58594	107422.5
4	सार्वजनिक अर्द्ध सार्वजनिक सुविधा एवं सेवाएं	315.00	233.52	81.48	81.48	4074	48.88	50	2444	6518
5	आमोद–प्रमोद	1195.28	220.00	975.28	975.28	48764	585.16	50	29258	78022
6	यातायात एवं परिवहन	1709.00	781.00	928.00	928.00	46400	556.8	100	55680	102080
	योग:–	**10503.23**	**3859.37**	**6643.86**	**6643.86**	**332193**	**3986.3**		**366928**	**699121**

7.2 योजना क्रियान्वयन की नीति

योजना क्रियान्वयन द्वारा नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु ठोस प्रयास की आवश्यकता है। विकास योजना 2031 के क्रियान्वयन का मूल्यांकन करने से यह स्पष्ट होता है कि बहुत से प्रस्तावों का वास्तविक क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। उपयुक्त प्रबंधन की कमी के कारण जिन क्षेत्रों की योजना प्रभावित हुई है उनका उल्लेख अध्याय–एक में किया गया हे। जिस पर पुनर्विचार करते हुए योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु नीति निर्धारण अनिवार्य है।

अतएव निम्नलिखित उदेश्यों की प्राप्ति हेतु योजना क्रियान्वयन नीति निर्धारण की नितांत आवश्यकता है।

1 भूमि कुशलतम उपयोग

2. सेवाएं एवं अधोसंरचना का विकास

1. भूमि की निरंतर उपलब्धता तथा अधोसंरचना विकास में संस्थागत/निजी सहभागिता
2. प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन
3. सांस्कृतिक धरोहरों के क्षेत्रों का संरक्षण

7.3 पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यक्रम

योजना क्रियान्वयन द्वारा नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु ठोस प्रयास की आवश्यकता है,जो प्रमुख रूप से तालाबों के संरक्षण इनकी जल गुणवत्ता, उत्कृष्ट, भू–स्वरूप तथा जल स्त्रोंतों के जलग्रहण क्षेत्रों से संबंधित कतिपय भूमि प्रबंधन से संबंधित है। अन्य पर्यावरणीय समस्याएं जैसे नगरीय अवशिष्ट

के उपचार, निराकरण इनके पुनर्चक्रिकरण एवं नगर विस्तार के परिपेक्ष्य में जनसंख्या के व्यवस्थापन से उत्पन्न आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं से संबंधित है।

पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण के प्रमुख तत्व

उपरोक्त संवेदनशील बिन्दुओं के परिपेक्ष्य में निम्न विषय विचारणीय हैः–

1 तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों में जल मल के प्रावह को रोकने हेतु प्रभावी कदम

2 तालाबों के फैलाव क्षेत्रों में भू–उपयोग प्रबंधन से तालाबों का प्रदूषण रोकना

3 जल फैलाव क्षेत्रों में "स्टाप डेम" द्वारा भूमि क्षरण को रोकना एवं इस क्षेत्र में कृषि हेतु उर्वरक उपयोग निषेध ।

4 तालाबों के सीमावर्ती क्षेत्रों में नियंत्रण मापदंडों को प्रभावीकरण

5 निस्तारी एवं जल गुणवत्ता का स्वतंत्र पर्यवेक्षण

6 सभी जल स्त्रोतो के जल फैलाव क्षेत्रों में प्रदूषण एवं अन्य पर्यावरणीय गिरावट के नियंत्रण हेतु संस्थागत समन्वय व्यवस्था।

7.4 नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना

नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना का प्रमुख स्वरूप निम्न नीतिगत उदेश्यों की पूर्ति हेतु होगाः–

1. संस्था गठन
2. विस्तृत योजना प्रस्ताव तथा भूमि सक्षमता के अनुरूप भूमि उपयोग तथा अधोसंरचना विकास हेतु नियमन
3. भौतिक एवं वित्तीय आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में निजी एवं राज्य योजनाओं के स्थल तथा रूपांकन में अधिकतम सक्षम भूमि उपयोग।
4. नगर के रहवासियों एवे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के परिपेक्ष्य में आर्थिक एवं सामाजिक अधोसरंचना तथा सेवाओं का युक्तियुक्त प्रावधान।

नगरीय अद्योसंरचना एवं सेवा योजना के प्रमुख तत्व निम्नानुसार हैः–

1. नियंत्रित विकास

विकास कार्यक्रमों में भू–स्वामी/विकासकर्त्ता/सामुदायिक समूह की भागीदारी के माध्यम से नियंत्रित विकास तंत्र का प्रभावीकरण किया जावेगा। यहॉ समन्वयक संस्था की भूमि प्रदायकर्त्ता की होगी। सार्वजनिक संस्थाएं, प्रमुख सेवा तंत्वों के एकीकृत नियोजन एवं रूपांकन हेतु उत्तरदायी होगी। परिसीमन विकास आवास नीति 2007 में उल्लेखित विकास संस्थाओं द्वारा किया जावेगा। इस प्रकार विकसित बडे भूमि क्षेत्र का आवंटन परिसीमन अधोसंरचना की सुगमता के अनुकूल राज्य आवास नीति 2007 के परिपेक्ष्य में गृह निर्माण संस्थाओं को आवास संघों एवं निजी विकासकर्ताओं द्वारा दिया जायेगा। उक्त व्यवस्था पर राज्य शासन द्वारा परीक्षण कर अनुमोदन की आवश्यकता होगी।

2. अधोसंरचना भूमि बैंक का गठन

एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम में सहभाग करने वाली सार्वजनिक संस्थाओं तथा निजी संस्थाओं की विभिन्न परियोजनाओं में सम्मिलित भूमि में से आनुपातिक एवं साम्य के आधार पर भूमि अंशदान करने

हेतु अधोसंरचना भूमि बैंक की स्थापना प्रस्तावित है। नगर के मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक खुले क्षेत्रों हेतु अधोसंरचना विकास बैंक में भूमि के अंशदान को प्रोत्साहन स्वरूप छूट या लाभ राज्य शासन के सहयोग से प्रदत्त किया जाना प्रस्तावित है।

3. एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार करना

एकीकृत विकास कार्यक्रम को निम्नलिखित नीतिगत ढांचे के अनुरूप तैयार कर क्रियान्वित किया जा सकेगा।

वार्षिक योजना/वार्षिक विकास कार्यक्रम तैयार किया जाएगा पॉच वर्षीय नगर विकास कार्यक्रम सामने आ सकेगा। मूलतः यह कार्यक्रम योजना के प्रमुख क्षेत्रों के विकास हेतु प्राथमिकता के आधार पर लिये जाने वाले क्षेत्रों के लिये विकास कार्यक्रम होगा। वार्षिक विकास कार्यक्रम नगर विकास प्रक्रिया में सहभागिंता के दृष्टिकोण से समन्वय प्राधिकारी द्वारा वार्षिक विकास कार्यक्रम तैयार किया जावेगा। जो कंडिका 7.6 के संदर्भ में होगा। यह कार्यक्रम भूमि अधिग्रहण–लक्ष्य, भूमि विकास प्रस्ताव, वृत्तखण्ड एवं उप वृत्तखण्ड स्तर की सुविधाओं का विकास तथा शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय संगठनों के कार्यक्रमों का प्रमुख रूप से दर्शायेगा। यह कार्यक्रम चालू वर्ष में पूर्ण किये जाने वाले नगरीय मार्ग तंत्र तथा प्रमुख सेवा सुविधाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित करेगा। इस निवेश योजना का एकीकृत दृष्टिकोण आलोच्य क्षेत्रों में नगर अधोसरंचना के विकास के लिये समुचित धनराशि का समय पर उपलब्ध कराने का प्रयास होगा। योजना के क्रियान्वयन में सार्वजनिक संस्थाओं की भूमि सुविधादायक के रूप में होगी।

योजना के क्रियान्वयन में सार्वजनिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका "सुविधादायक" के रूप में होना चाहिए इस हेतु समन्वित तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है। नगर विकास में निवेश के अन्तर्गत अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिये एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम तैयार करना उपयुक्त होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं के पास उस वर्ष विशेष के लिये उपलब्ध बजट एवं अन्य स्त्रोतों को एकत्रित कर निर्धारित एकीकृत नगर विकास परियोजनाओं में निवेश करने का प्रयास किया जायेगा। एकीकृत नगर विकास योजना कार्यक्रम का क्रियान्वयन निम्नलिखित ढांचे के अंतर्गत किया जाकर लक्ष्य की पूर्ति किया जाना प्रस्तावित है:–

1 एकीकृत नगरीय विकास योजना के तत्वों की पहचान।
2 कार्यक्रम के समन्वय प्राधिकारी एवं अन्य सहभागियों मे से निवेश के लिये सर्वसम्मत विषय सूची की पहचान ।
3 विकास योजनाओं के अनुरूप प्राथमिकता का निर्धारण।
4 एकीकृत नगरीय विकास योजना के अन्तर्गत परियोजना तैयार करना ।
5 निवेश से संबंधित समस्याग्रस्त ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचाना करना जिसमें सहभागिता के आधार पर समन्वित विकास हो जिससे विकास गतिशील हो सके।
6 समन्वय प्राधिकारियों और अन्य वृत खण्डीय/एजेन्सियों की क्रियान्वयन भूमिका को परिभाषित करना।

7.5 भूमि विकास नीति

7.5.1 विकास प्रबंधन

भूमि प्रदाय को बढाने के लिए राज्य आवास नीति 2007 में भूमि स्वामियों के संबंध में निम्न प्रावधान रखे गये है:–

1. शहरों में आवासीय विकास हेतु कृषको/निजी भूमि स्वामियों को भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया जावेगा। ताकि उनकी भूमि सुलभता से उपलब्ध हो सके। भूमि के मालिकों, जिनमें भूमि ली जाएगी। उन्हें भूमि के मूल्य के बदले विकास व्यय को दृष्टिगत रख सेमी– विकसित भूमि या विकसित भूखण्ड या निर्मित सम्पत्ति उपलब्ध कराई जायेगी। इस तरह निजी भूमि धारकों की स्टेक होल्डर के रूप में क्षेत्र में सार्वजनिक संस्था के साथ भागीदारी हो सकेगी।
2. प्रदेश के विभिन्न शहरों में पुर्नघनत्वीकरण योजनान्तर्गत ऐसे शासकीय परिसर/भवन जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो रहा है, उनकों तोड़कर रिक्त भूमि के विकास की पुर्नघनत्वीकरण योजनान्तर्गत निजी तथा कार्पोरेट सेक्टर को निर्धारित योजना अनुसार सम्बद्ध किया जावेगा। पुनर्घनत्वीकरण योजना को इस प्रकार कियान्वित किया जायेगा जिससे नगर के कोर एरिया में अधोसंरचना पर दबाव कम हो।
3. नगरों के मध्य क्षेत्रों में जहां पर आबादी एवं अधोसंरचना पर बहुत अधिक दबाव है, ऐसे क्षेत्रों में पुनर्घनत्वीकरण की योजनाओं को यथासंभव प्रतिबंधित रखा जाएगा व उपलब्ध भवनों/परिसरों के अन्तर्गत भूमि का उपयोग उस क्षेत्र की अधोसंरचना पर दबाव को कम करने की दृष्टि से खुले क्षेत्र, खेल मैदान, पार्किंग एवं मार्ग विस्तार हेतु करने पर समग्र विचार किया जाएगा।
4. पुनर्विकास के क्षेत्रों के लिए फर्शी क्षेत्रानुपात तथा अन्य मापदण्ड के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश अनुसार योजना तैयार की जा सकेगी।

नगरीय भूमि के अधिकतम सक्षम विकास के साथ–साथ आधुनिक भूमि उपयोग प्रबंध नितियों को अंगीकृत करने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक है कि विकास नियमों को पुर्नभाषित किया जाए भारतीय जीवन शैली के अनुरूप उपयुक्त निर्मित स्वरूप की प्राप्ति हेतु विकास को नियंत्रित एवं निर्देशित करने के उद्देश्य से अध्याय 6 में विकास नियमन दिये गए है।

7.5.2 योजना एवं कार्यक्रम

आलोच्य क्षेत्रों का विकास हेतु कियान्वयन दो चरणों में करने का प्रावधान है। प्रथम चरण मे सन् 2025 तक की आवश्यकताओं तथा द्वितीय चरण में 2025 से 2041 तक की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रहेगा। योजना प्रस्तावों के कियान्वयन हेतु भूमि–स्वामियों, विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों, निजी विकासकर्ताओं एवं सार्वजनिक संस्थाओं के माध्यम से संसाधन गतिशीलता का सहभागिता के आधार पर प्रभावी कार्यक्रम बनाये जाने की आवश्यकता है। योजना प्रस्तावों में निर्धारित समयावधि में कियान्वयन करने के लिये नीति का सुविधाजनक बनाने में राज्य शासन की सहयोगी संस्था की भूमिका होगी। इस

उद्देश्यो की पूर्ति हेतु राज्य शासन और वर्तमान में कार्यरत संस्थाओं के साथ नगर विकास प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में नगर स्तरीय अधोसंरचना विकास कियान्वित किया जावेगाः–

1 भूमि प्रवाह सरलीकरण के लिये नीति तैयार करना।

2 मार्ग ग्रिड विकास कार्यक्रम निर्धारित करना, जो नगर की अन्य सभी गतिविधियों को भी कार्यरूप दे सके।

3 भूमि स्वामियों विकासकर्ताओं, सामुदायिक समूहों एवं निजी भवन निर्माणकर्ताओं की साझेदारी की दृष्टि से कियान्वयन संबंधी भूमि विकास कार्यक्रम की नीतियों को तैयार करना।

4 परिसीमन अधोसरंचना के प्रावधान के साथ–साथ लगभग पॉच से दस हेक्टर आकर के अर्द्धविकसित भूखण्डों को सार्वजनिक संस्थाओं के माध्यम से प्राप्त करने हेतु विकास कार्यक्रम को मूर्तरूप देना।

5 योजना के तीनों चरणों की आवश्यक जलपूर्ति हेतु वर्तमान क्षमता एवं नवीन स्त्रोत का विकास।

6 नगरीय विकास के प्रथम चरण कार्यक्रम की पूर्ति हेतु उपयोगिता अधोसंरचना, पावर ग्रिड, जल निकास व्यवस्था का विकास।

7 मुख्य जल स्त्रोत में वृद्धि एवं ऊर्जा वितरण केन्द्रों की स्थापना।

7.5.3 संस्थाओं के प्रयास संबंधी मुख्य तत्व

एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम हेतु निर्देशित सिद्धांत निम्नानुसार हैः–

– यह सुनिश्चित हो की भूमि उपलब्धता में कमी तथा उपयुक्त अधोसंरचना के कारण विकास अवरूद्ध न हो।

– उपलब्ध व्यपवर्तित नगरीय भूमि का पूरी तरह उपयोग करना।

– बिखरे हुए नगरीय विकास के लिये पहुंच मार्ग उपलब्ध कराना।

– अर्द्धविकसित एवं अविकसित क्षेत्रों में नगर स्तरीय अधोसंरचना का उन्नयन।

– भू–स्वामियों, सार्वजनिक समूहों एवं निजी विकासकर्ताओं के विकास कार्य में सहभागिता के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए भूमि विकास कार्यक्रम हाथ में लेना।

7.6 प्रथम चरण कार्यक्रम

प्रथम चरण के घटक में सार्वजनिक संस्थाओं के प्रयासों को शामिल करते हुए आलोच्य क्षेत्र के उपयोगों को निम्नानुसार सारणी 7–सा–2 चिन्हित किया गया हैः–

प्रथम चरण के कियान्वयन घटक

सारणी 7–सा–2

क्र.	उपयोग	क्षेत्र का विवरण	रिमार्क
1	आवासीय	नि. इ. 1– ग्राम देवास सीनियर, बावडिया,बालगढ़, रसूलपुर	विकसित (निजी विकासकर्ताओं द्वारा विकास किया गया)
		नि. ई. 2– ग्राम देवास जुनियर, बिलावली, ईटावा	विकसित (प्राधिकरण एवं निजी विकासकर्ताओं द्वारा विकास किया गया)

		नि. ई. 3– ग्राम ब्राहम्मणखेडी देवास सीनियर, वीराखेडी, अमोना, बिंजाना, नागूखेडी	अर्द्ध विकसित (निजी विकासकर्ताओं द्वारा लगभग 30 प्रतिशत विकास किया गया)
2	वाणिज्यिक	नि.ई. 1– ग्राम देवास सीनियर, सब्जी मण्डी, फिश मार्केट एवं मटन मार्केट रसूलपुर	अविकसित
		नि.ई. 2– ग्राम बिलावली, थोक एवं विशिष्ट बाजार	अविकसित
		नि. ई. 3– ग्राम नागूखेडी, बिंजाना	अविकसित
3	औद्योगिक	नि. ई. 2– ग्राम रसूलपुर, अमोना एवं बिंजाना	अर्द्ध विकसित
4	सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक सूविधाएं एवं सेवाएं	नि. ई. 1– ग्राम देवास सीनियर	अविकसित
		नि. ई. 2– ग्राम बिलावली	अविकसित
		नि. ई. 3– ग्राम नागुखेडी बिंजाना	अविकसित
5	आमोद प्रमोद	नि. ई. 1– ग्राम बालगढ़, मीठा तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण	ग्राम बालगढ में कृषि विभाग की भूमि पर कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा कृषि से संबंधित कार्य किया जाता है। मीठा तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य नगर निगम द्वारा किया गया ।
		नि. ई. 2– ग्राम बिलावली स्टेडियम का विकास	अविकसित
		नि. ई. 3– ग्राम देवास सीनियर, मॉ चामुण्डा टेकरी का विकास, अमोना बिंजाना	नगर निगम द्वारा चामुण्डा टेकरी का विकास किया गया।
		प्रस्तावित वृत्तिय/बायपास मार्ग के दोनों ओर हरित क्षेत्र का विकास	अविकसित
	यातायात एवं परिवहन	मुख्य मार्ग कमांक–1 (वृत्तिय/बायपास मार्ग से रेल्वे लाईन तक)	अर्द्धविकसित
		मुख्य मार्ग कमांक–10 उज्जैन मार्ग से बिंजाना मुख्य मार्ग कमांक 17 रेल्वे कासिंग तक	अविकसित
		मुख्य मार्ग कमांक–13 एबी मार्ग से रेल्वे लाईन तक तत् पश्चात रेल्वे लाईन के समानान्तर वृत्तिय/बायपास मार्ग तक	आंशिक रूप से विकसित
		बस स्टेण्ड का विकास/निर्माण (ग्राम देवास सीनियर में भोपाल मार्ग पर)	अविकसित
		ओवर ब्रिज का निर्माण	अविकसित


DEWAS
7.1 FIRST PHASE IMPLEMENTATION
Legend
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
INDUSTRIAL
TRANSPORTATION
RECREATIONAL
WATERBODIES
BOUNDARIES
Scale
Km
District-Dewas
Planning Area
Landuse & Urban Survey Division
Remote Sensing Application Centre, MPCST, Bhopal
Source: Directorate of Town & Country Planning
To Rabadiya
To Bhopal
To Agra
To Newari
To Bangarda
To Vijayganj
To Maksi
To Ujjain
To Sanwer
To Indore
To Mumbai
To Nagora
Directorate of Town & Country Planning Madhya Pradesh, Bhopal

		1 अमोना रेल्वे क्रांसिग 2 बिंजाना रेल्वे क्रासिंग	

प्रथम चरण के कियान्वयन की कुल लागत रूपये 82385.0 लाख आंकलित की गई थी चूंकि यह लागत केवल अनुमान हेतु थी। अतः इसकी समीक्षा की कोई आवश्यकता प्रतीत नही होती है क्यों कि, विकास योजना में भूमि उपयोग व कियान्वयन हेतु नियम मुख्य तत्व है। अन्य विवरण प्रस्तावों के कियान्वयन हेतु अनुमानित होता है।

7.7 विकास योजना 2041 प्रथम चरण के घटक

विकास योजना 2041 तक की आवश्यकताओं को आंकलित कर तैयार की गई है अतः विकास योजना प्रस्तावों का कियान्वयन तीन चरणों में किया जाना प्रस्तावित है। प्रथम चरण कार्यक्रम में सार्वजनिक संस्था के प्रयासों को शामिल करते हुए आलोच्य क्षेत्र के उपयोगों को निम्नानुसार सारणी क्रमांक 7 सा 3 में वर्णित अनुसार चिन्हित किया गया है:–

प्रथम चरण के विकास संबंधी घटक

सारणी 7–सा–3

क्र.	विकास के घटक	क्षेत्रफल हे.
1	2	3
1	आवासीय	479.42
2.	वाणिज्यिक	385.55
3	मिश्रित	148.14
4	औद्योगिक	304.19
5	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक / सार्वजनिक सेवाएँ– सुविधाएँ	19.44
6	आमोद–प्रमोद	50.00
7	यातायात रिंग रोड 1, एम आर–10 एवं एम आर–17 यातायात नगर	195.76
	योग	**1582.5**

विकास योजना के प्रथम चरण मे चयनित घटकों के क्रियान्वयन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत 791.25 हेक्टेयर भूमि अधिकृत कर विकसित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित कियान्वयन प्रकिया के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की लागत सहित क्षेत्र की वर्तमान विकास दर के अनुसार प्रथम चरण कियान्वयन की अनुमानित लागत लगभग 188024.5 लाख होगी। विकास योजना प्रथम चरण कियान्वयन की अनुमानित लागत का विस्तृत विवरण सारणी क्रमांक 7–सा–4 में दिया गया है।

प्रथम चरण क्रियान्वयन की लागत

सारणी 7–सा–4

क्र.	कार्य विवरण	भू अर्जन क्षेत्रफल (हे.में.)	भू–अर्जन की लागत (रु. 50 लाख प्रति हे. की दर से)	विकसित की जाने वाली भूमि विकास व्यय			कुल व्यय (रु. लाख में)
				भौतिक लक्ष्य (हे.में)	व्यय रुपये लाख में		
					दर	लागत	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	आवासीय	239.71	11985.5	479.42	100	47942.0	59927.5
2	वाणिज्यिक	192.77	9638.75	385.55	100	38555.0	48193.75
3	औद्योगिक	152.09	7604.75	304.19	100	30419.0	38023.75
4	सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक तथा सार्वजनिक सुविधाएं	9.72	486	19.44	100	1944.0	2430
5	आमोद–प्रमोद	25	1250	50.00	100	5000.0	6250
6	यातायात एवं परिवहन अ. आर.आर–1 लंबाई 3.06 किमी चौड़ाई 30.0 मीटर ब. एम.आर.–5 लंबाई 1.122 कि. मी. चौड़ाई 30.0 मीटर द.एम.आर.–21 लंबाई 2.16 कि.मी. चौड़ाई 24 मीटर बसस्टेण्ड, ट्रांसपोर्ट नगर, लॉजिस्टीक हब, ओव्हर ब्रीज 1	97.88	4894	195.76	50	9788.0	14682
7	मिश्रित	74.07	3703.5	148.14	100	14814.0	18517.5
	योग	**791.25**	**39562.5**	**1582.5**	**100**	**86808.0**	**188024.5**

7.8 संसाधन गतिशीलता

नगर नियोजन वास्तव में संसाधन के उत्सर्जन, संसाधन विकास एवं प्रबंधन का अभ्यास है। वर्तमान में नगर विकास निवेश हेतु अलग–अलग प्रयास किये गये है। जिसके परिणाम स्वरूप संसाधन का अपव्यय होता है अन्यथा नियोजन मे निवेश के एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से गतिशील व्यवस्था की जा सकती हैं नगरीय भूमि स्वयं में एक महत्वपूर्ण संसाधन है। वर्तमान में भूमि का उपयोग कर नगर विकास में निवेश के प्रयास तदर्थ एवं पृथक्–पृथक् रहे है। जिसमें उपलब्धता बहुत अधिक अवसर एवं क्षमता को देवास जैसे नगर के लिए नगरीय वृद्धि एवं नगरीयकरण के परिप्रेक्ष्य में कार्यरत भूमि बाजार

को रोकते हुए गतिशीलता दी जा सकती है। स्थानीय राजस्व को सृजित करने के लिए एक निश्चित तंत्र की आवश्यकता है जो कि नगर में कार्यरत नगर भूमि बाजार को रोकने में मदद कर सकती हैं इस संसाधन गतिशीलता के लिए संभावित निम्न उपाय हो सकते हैः–

बेटरमेंट शुल्क, भूमि उपयोग उपांतरण शुल्क, स्वीकार्य गतिविधियों की अनुमति हेतु शुल्क (आवासीय के अलावा), हस्तांतरण शुल्क, लीज शुल्क, खुले क्षेत्रों के उपयोग का शुल्क आदि। इस तरह से संकलित की गई राशि का उपयोग आलोच्य क्षेत्रों में अधोसंरचना में निवेश के लिए ही केवल उपयोग किया जाना चाहिए।

वार्षिक आधार पर भूमि विकास क्षेत्रों हेतु चिहिन्त किये गये विकास में सभी सहभागियों के निवेश की गतिशीलता हेतु एक कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना चाहिए, यह प्रक्रिया भौतिक अधोसंरचना के तत्वों को अत्यन्त तीव्रता से उत्पन्न कर संसाधन संकलित करने में सहयोग प्रदान करेगा।

7.9 योजना पर्यवेक्षक तंत्र

1. विकास योजना की सफलता विकास योजना प्रस्तावों का निर्धारित समयावधि में कियान्वयन तथा प्रथम चरण कार्यक्रम के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता तथा संसाधनों की गतिशीलता पर निर्भर करते है। यह योजना कियान्वयन एवं पुनर्विलोकन के साथ–साथ विकास योजना के अंगीकृत होने के उपरांत तद्नुसार कार्यवाही परिभाषित पर्यवेक्षण तंत्र के स्थापना की आवश्यकता प्रदर्शित करता है।

2 अतः योजना पर्यवेक्षण तंत्र को निम्न सीमा में तैयार करना प्रस्तावित हैः–

(क) पंचवर्षीय आधार पर एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम के निरंतर तंत्र की स्थापना।

(ख) आलोच्य क्षेत्रों में वार्षिक विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक कार्य योजना का निर्धारण

(ग) प्रथम चरण कियान्वयन योजना के अन्तर्गत नगर विकास हेतु चिहिन्त कार्यक्रम से संलग्न विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं के उपलब्ध निवेश एवं बजट का पर्यवेक्षण करना।

(घ) वार्षिक भौतिक लक्ष्य एवं आलोच्य अधोसंरचना क्षेत्र में निवेश का निर्धारण।

(ड़) आलोच्य क्षेत्रों के सार्वजनिक संस्थाओं एवं अन्य सहभागियों की विकास में भूमिका का निर्धारण।

(च) समन्वित संस्थागत तंत्र की स्थापना

(छ) वार्षिक आधार पर एकीकृत नगरीय विकास कार्यक्रम का निर्धारण।

(ज) सार्वजनिक एवं अन्य संस्थाओं की भूमि को परिभाषित करते हुए एकीकृत नगर विकास कार्यक्रम का परियोजनाओं तथा उप परियोजनाओं के संदर्भ में परिवर्तित करना।

3 **नियोजन पर्यवेक्षण तंत्रः–** योजना पर्यवेक्षण के लक्ष्य की पूर्ति हेतु निम्न स्तरों के माध्यम से प्राप्त किया जाना प्रस्तावित हैः–

(अ) स्थानीय स्तर पर नियोजन पर्यवेक्षण समिति।

(ब) नगर विकास प्राधिकरण द्वारा वार्षिक विकास प्रतिवेदन तैयार करना।

(स) नियोजन पर्यवेक्षण समिति द्वारा विकास प्रतिवेदन का मूल्यांकन।

(द) समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।

(इ) वार्षिक विकास प्रतिवेदन पर शासन द्वारा जारी निर्देशों का कियान्वयन।

4. नियोजन पर्यवेक्षण समिति का गठन

विकास योजना प्रस्तावों के कियान्वयन का मूलतः दायित्व देवास विकास प्राधिकरण का होगा। अपितु इसके कियान्वयन में अन्य संस्थाएं एवं विभाग भी सहभागी होगे। अतः संस्थाओं से समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिए राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग के आदेश कमांक एफ–3/130/32/97, दिनांक 20.1.1998 एवं एफ–3/55/32/98, दिनांक 12.8.1998 द्वारा संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है, जो संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश के ज्ञापन कमांक 2876, दिनांक 15.5.1998 में उल्लेखित कार्यपद्धति को अपनाते हुए नियोजन एवं पर्यवेक्षण करेगी।

राज्य शासन के आदेश कमांक एफ–3/130/32/97, दिनांक 20.1.1998 एवं एफ–3/55/32/98, दिनांक 12.8.1998 एवं आदेश कमांक एफ–3/130/32/97, दिनांक 02.05.2000 के द्वारा अनुमोदित विकास योजनाओं के कियान्वयन हेतु संभागायुक्त/कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति को संशोधित किया गया।

5 वार्षिक विकास प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण :– विकास प्राधिकरण द्वारा नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति के समक्ष वार्षिक विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावेगा। जिसमें नियोजन कियान्वयन के सभी पहलू सम्मिलित होने के साथ ही सुधार हेतु अनुशंसित बिन्दु भी सम्मिलित होंगे। समिति अपनी अनुशंसा के साथ संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, मध्यप्रदेश भोपाल के विचारार्थ वार्षिक विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी, जिसे संचालक द्वारा उक्त प्रतिवेदन अनुशंसित कर राज्य शासन को प्रस्तुत किया जावेगा।

7.10 योजना की व्याख्या

विकास योजना मूलतः नीतिगत योजना है। विकास योजना में निहित प्रस्ताव विस्तृत तथा सांकेतिक स्वरूप के है। अतः विकास प्रस्तावों की व्याख्या करने हेतु निम्नलिखित मापदण्ड निर्धारित किये गये है।

(1) विकास योजना प्रस्तावों की व्याख्या करते समय तथा विकास अनुज्ञा देने के पूर्व विकास रिपोर्ट में उल्लेखित विषय वस्तु में साथ–साथ संदर्भित नियमों का अनुसरण आवश्यक है।

(2) परिक्षेत्र में स्वीकृत एवं स्वीकार्य उपयोग, सारणी एवं विकास के अध्याय 4 में वर्णित प्रकिया अनुसार होगा। नेवरहुड के वर्तमान स्थल एवं व्यापक क्षेत्रफल उपखण्ड स्तर तथा खण्ड स्तर की गतिविधियों का क्षेत्र विकास प्रस्तावों में समाहित है। अतः उनका रेखांकन नहीं किया गया है।

(3) ऐसे भूमि उपयोग, गतिविधियों जो प्रमुख भू–उपयोग वर्ग (मेजर लैण्ड यूज जोन) में परिभाषित नहीं है वे भूमि उपयोग परिवर्तन की श्रेणी में मानी जावेगी किन्तु जो स्वीकार्य भूमि उपयोग/स्वीकृत भूमि उपयोग सूची में तथा सम्बद्ध तालिका कमांक 4–सा–17 में शामिल है, के भू उपयोग परिवर्तन की श्रेणी में नहीं आवेगी।

(4) विकास प्रस्ताव कियान्वयन के समय प्रमुख मार्ग संरचना में आंशिक बदलाव अपरिहार्य होता है, स्थल की स्थिति तथा अभियांत्रिकी आवश्यकता के आधार पर मार्ग संरचना का निर्धारण आवश्यक होगा। इस संदर्भ में राज्य शासन द्वारा जारी किया गया निर्णय स्वीकृत विकास योजना का अंश माना जावेगा।

7.11 योजना कालावधि

नगरीय विकास एक सतत् प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में अनेक घटकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी घटकों में कालावधि को नगर के विकास तथा नियोजन हेतु आधार माना जाता है, इसलिए नियोजन प्रक्रिया में कालावधि का निर्धारण किया जाता है। कालावधि के आधार पर नगर की भावी जनसंख्या, आवश्यकताओं आदि को अनुमानित कर नगर का भावी स्वरूप निर्धारित किया जाता है। नगर की वर्तमान एवं भावी जनसंख्या एवं अन्य आवश्यकताओं का निर्धारण कालावधि के लिये किया गया है, साथ ही इसमें दीर्घकालीन आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा गया है। देवास विकास योजना के प्रस्ताव वर्ष 2041 तक की कालावधि के लिये प्रस्तावित किये गये हैं। विकास योजना के प्रस्ताव, योजना कालावधि के उपरांन्त भी विकास योजना पुनर्विलोकन एवं उपांतरण होने तक अथवा विकास योजना प्रस्ताव के संतृप्त होने तक प्रभावशील रहेंगे।

———0———

अनुसूची –1

उपयोग परिसर में स्वीकृत उपयोग/उपयोग गतिविधियों की परिभाषायें :

आवासीय भूखण्ड

आवास, मिश्रित भू–उपयोग पैराग्राफ में दिये गये विवरण अनुसार गतिविधियां।

आवासीय भूखण्ड एवं समूह आवास

आवासीय फ्लेट, कन्फेक्शनरी की फुटकर दुकानें, किराना एवं सामान्य व्यापार, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, दवाई दुकान नाई, धोबी–लॉण्ड्री, टेलर सब्जी दुकान (भूतल पर प्रत्येक हेतु 15 वर्गमीटर क्षेत्रफल के साथ)।

झूलाघर एवं डे–केयर सेन्टर

भूतल पर 50 वर्गमीटर तक के क्षेत्रफल के साथ एवं निगरानी आवास (20 वर्गमीटर)

आवासीय

आवास एवं व्यवसायिक गतिविधि (आवासीय भूखण्ड अनुसार)।

आवासीय फ्लेट

आवास एवं व्यवसायिक गतिविधि (आवासीय भूखण्ड अनुसार)।

आवास सह कार्य भूखण्ड

आवास भू–तल को फुटकर दुकानों के कार्यक्षेत्र के रूप में उपयोग में लिया जा सकता है, गृह उद्योग एवं व्यक्तिगत दुकान।

छात्रावास, अतिथिगृह, बोर्डिंग एवं लॉजिंग गृह

छात्रावास, अतिथिगृह, बोर्डिंग एवं लॉजिंग गृह, निगरानी कर्मियों के आवास (20 वर्गमीटर), व्यक्तिगत सेवा दुकान एवं नाई धोबी, शीतल पेय एवं स्नेक्स (खाद्य) स्टॉल (15 वर्गमीटर)।

धर्मशाला

धर्मशाला, धोबी, नाई की व्यक्तिगत सेवा दुकान, शीतल पेय एवं स्नेक्स (खाद्य) एवं बार (15 वर्गमीटर)।

बारात घर

बारात घर, शीतल पेय एवं स्नेक्स बार(15 वर्गमीटर)।

रात्रि आश्रय

रात्रि आश्रय।

मोटल

क्षेत्रीय मार्गों पर वाहन सुधार सेवाएँ तथा खान–पान एवं विश्राम सुविधा सहित।

फुटकर मरम्मत एंव व्यक्तिगत सेवा दुकान

फुटकर दुकान, मरम्मत दुकान, व्यक्तिगत सेवा दुकान।

वेन्डिंग बूथ

वितरण बूथ (वेन्डिंग बूथ)।

सुविधाजनक दुकानें
फुटकर दुकानें एवं व्यक्तिगत सेवा दुकान, उपहार गृह, क्लीनिक।

स्थानीय दुकानें
फुटकर दुरूस्ती एवं व्यक्तिगत सेवा दुकान वाणिज्यिक कार्यालय मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के नियम 37 (1) परिशिष्ट–च में उल्लेखित उद्योग उपचार प्रयोगशाला क्लीनिक एवं पॉली क्लीनिक उपहार गृह शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल, डाकघर एवं बैंक विस्तार काउण्टर नर्सिंग होम्स एवं अतिथिगृह।

साप्ताहिक बाजार
साप्ताहिक बाजार, अनौपचारिक फुटकर व्यवसाय, शीतल पेय, स्नेक्स स्टॉल (सभी संरचनायें गतिमान या अस्थायी स्वरूप होंगी एवं सप्ताह में केवल एक दिवस।

थोक व्यापार
थोक दुकान, गोदाम एवं भण्डारण, वाणिज्यिक कार्यालय (कुल तलीय क्षेत्र के 25 प्रतिशत तक प्रतिबंधित)।

भण्डारण, गोदाम एवं भण्डारगृह
भण्डारगृह, गोदाम, एवं भण्डारगृह, नगरानी आवासी (20 वर्गमीटर), थोक आऊट–लेट प्रशासकीय एवं विक्रय कार्यालय।

शीतगृह
शीतगृह निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), प्रशासकीय कार्यालय।

गैस गोदाम
गैस गोदाम, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), देख–रेख कार्यालय।

तेल डिपो
तेल एवं गैस डिपो, आवासीय ईकाई (निगरानी एवं रख–रखाव कर्मचारियों हेतु), प्रशासकीय कार्यालय।

कबाड़खाना
कबाड़खाना, निगरानी आवास, क्रय/विक्रय कार्यालय।

वाणिज्यिक कार्यालय
वाणिज्यिक कार्यालय, फुटकर एवं व्यक्गित सेवा दुकान, उपाहार गृह, बैंक, डाक एवं तार घर।

बैंक
बैंक निगरानी आवास 20 वर्गमीटर तक वाणिज्यिक कार्यालय अल्पाहार गृह।

मोटर गैरेज एवं कर्मशाला
मोटर गैरेज एवं कर्मशाला, फुटकर दुकान (कलपुर्जे) शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल

छबिगृह
छबिगृह निगरानी आवास 20 वर्गमीटर तक प्रशासकीय कार्यालय शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल।

पेट्रोल पंप
पेट्रोल पम्प/डीजल/वाहन हेतु ईंधन, शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल, ऑटो मोबाईल मरम्मत दुकान।

रेस्टोरेंट/उपाहार गृह
ऐसा परिसर जिसका उपयोग व्यवसायिक आधार पर खाने के व्यंजनों को उपलब्ध कराने के लिए किया जाता हो (व्यंजन पकाने की व्यवस्था के साथ) जिसमें खुले, बंद या दोनों प्रकार बैठक व्यवस्था हो।

होटल
होटल फुटकर एवं व्यक्तिगत सेवा दुकान एवं वाणिज्यिक कार्यालय (कुल तलीय क्षेत्र के 5 प्रतिशत तक प्रतिबंधित)।

सेवाकेन्द्र
फुटकर दुरूस्ती एवं व्यक्तिगत सेवा दुकान सेवा केन्द्रों में मान्य उद्योग जैसा कि पृथक से दिया गया है गैस गोदाम, वाणिज्यिक कार्यालय।

हल्के औद्योगिक भूखण्ड
हल्के उद्योग इकाई भूमि विकास निगम 2012 के नियम 37 (1 परिशिष्ट–च) की सूची अनुसार प्रशासकीय कार्यालय विक्रय केन्द्र निगरानी एवं पर्यवेक्षेण हेतु तलीय क्षेत्र के 5 प्रतिशत या 50 वर्गमीटर से जो भी कम हो, तक के आवासीय फ्लेट (निगरानी हेतु)।

पार्क
पार्क शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल (एक हेक्टेयर या अधिक क्षेत्रफल के पार्क हेतु) ।

खेल मैदान
खेल मैदान।

आउटडोर स्टेडियम, इन्डोर स्टेडियम एवं शूटिंग रेंज
स्टेडियम, प्रशासनिक कार्यालय (रख रखाव) निगरानी आवास (20 वर्ग मीटर) आवासीय फ्लेट (रख रखाव कर्मचारियों हेतु) फुटकर दुकान उपाहर गृह।

आंतरिक खेल हाल
आंतरिक खेल हाल, शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल।

तरण पुष्कर
तरण पुष्कर निगरानी/रख रखाव कर्मचारी आवास उपहार गृह।

आमोद प्रमोद क्लब
आमोद प्रमोद क्लब निगरानी आवास (20 वर्ग मीटर तक), आवासीय इकाई (रख रखाव कमचारियों हेतु) फुटकर उपहार गृह।

ऐतिहासिक स्मारक
ऐतिहासिक स्मारक एवं उसकी सीमा के अंतर्गत का क्षेत्र।

वनस्पति उद्यान पक्षी अभ्यारण एवं जीव उद्यान
वनस्पति एवं जीवन उद्यान पक्षी अभ्यारण निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) आवासीय इकाई (रख रखाव कर्मचारियों हेतु) फुटकर उपाहार गृह।

पिकनिक हट/केम्पिंग साइट
ऐसा परिसर जहां पर्यटन एवं आमोद प्रमोद के उद्देश्य से अल्पावधि के लिए परिवार सहित ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो।

उड्यन क्लब
उड्यन क्लब एवं आमोद–प्रमोद से सम्मिलित गतिविधियॉ।

पार्किंग/वाहन विराम
सार्वजनिक वाहन विराम हेतु उपयोग में लाया जाने वाला परिसर जो कि व्यवसायिक या गैर व्यवसायिक आधार पर संचालित किया जाता है।

टैक्सी एवं तिपहिया वाहन स्थानक
ऐसा परिसर जिसका उपयोग अन्तर्वर्ती सार्वजनिक यातायात वाहनों, जो कि व्यवसायिक आधार पर चलती हों, द्वारा विराम हेतु किया जाता है वाहन विराम स्थल व्यवसायिक या गैर व्यवसायिक हो।

माल एवं बुकिंग कार्यालय
माल एवं बुकिंग कार्यालय, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक)।

रेल माल गोदाम
रेल माल गोदाम देख रेख कार्यालय, निगरानी आवासी (20 वर्गमीटर तक)।

रेल बुकिंग कार्यालय एवं सड़क परिवहन बुकिंग कार्यालय
रेल तथा सड़क परिवहन बुकिंग कार्यालय भण्डारण।

बस टर्मिनल
बस डिपो, कार्यालय, निगरानी आवासी (20 वर्गमीटर तक), हल्के पेय एवे स्नेक्स स्टॉल प्रशासकीय कार्यालय।

बस डिपो
बस डिपो, कर्मशाला निगरानी आवासी (20 वर्गमीटर तक), हल्के पेय एवं स्नेक्स स्टॉल प्रशासकीय कार्यालय।

सार्वजनिक सुविधा परिसर
ओवर हेड टेंक, भूगर्भीय टेंक, आक्सीडेशन पॉण्डस, सेप्टीकटेंक, मल पंपिंग स्टेशन सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय, विद्युत उपकेन्द्र ढलाव एवं कचरा दानी, धोबीघाट।

केन्द्रीय शासन कार्यालय स्थानीय शासन कार्यालय एवं सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय
केन्द्रीय शासन कार्यालय स्थानीय शासन कार्यालय एवं सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय निगरानी आवासी (20 वर्गमीटर तक), औषधी की फुटकर दुकानें, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, कन्ज्यूमर स्टोर, (भूतल पर 15 वर्गमीटर तक प्रत्येक दुकान हेतु), अल्पाहार गृह बैंक विस्तार काउण्टर डाकघर विस्तार काउण्टर।

न्यायालय
न्यायालय, निगरानी आवासी (20 वर्गमीटर तक), अल्पाहार गृह औषधी की फुटकर दुकानें, एवं स्टेशनरी, (प्रत्येक 15 वर्गमीटर तक) ग्रंथालय प्रशासकीय कार्यालय, बैंक, डाक एवं तार घर पुलिस चौकी अधिवक्ताओं के चैम्बर।

चिकित्सालय
चिकित्सालय आवासीय इकाई कर्मचारियों एवं सेवा व्यक्तियों हेतु संस्थागत होटल, चिकित्सा महाविद्यालय, फुटकर दुकान कन्फेक्शनरी, किराना एवं सामान्य व्यवसाय, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, औषधी, नाई, धोबी, सब्जी।

स्वास्थ्य केन्द्र एवं नर्सिंग होम
स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, निगरानी आवास प्रत्येक 20 वर्गमीटर तक, औषधी दुकान प्रत्येक 15 वर्गमीटर तक ।

फॉरेन्सिक विज्ञान प्रयोगशाला
फॉरेन्सिक विज्ञान प्रयोगशाला।

औषधालय (डिस्पेंसरी)
औषधालय /डिस्पेंसरी, शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल ।

उपचार प्रयोगशाला
उपचार प्रयोगशाला शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल ।

स्वयंसेवी स्वास्थ्य सेवा
स्वयंसेवी स्वास्थ्य सेवा निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) प्रशासकीय कार्यालय औषधालय अल्पाहार गृह।

पूर्व प्राथमिक एंव किंडर गार्डन विद्यालय
पूर्व प्राथमिक एंव किंडर गार्डन विद्यालय निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक)।

प्राथमिक विद्यालय
प्राथमिक विद्यालय, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), पुस्तकें एवं स्टेशनरी दुकान (15 वर्गमीटर तक), शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल।

माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं एकीकृत विद्यालय
माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं एकीकृत विद्यालय निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), पुस्तकें एवं स्टेशनरी, औषधी दुकान (15 वर्गमीटर तक) शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल , अल्पाहार गृह, बैंक विस्तार काउण्टर, सभागृह, आंतरिक खेल हॉल, तरण पुष्कर, डाकघर काउण्टर सुंविधा।

एकीकृत आवासीय विद्यालय एंव महाविद्यालय (व्यवसायिक महाविद्यालय समेत)
विद्यालय एंव महाविद्यालय, आवासीय फ्लेट (रख रखाव कर्मचारियों हेतु), संस्थागत होस्टल, 15 वर्गमीटर प्रत्येक तक की फुटकर दुकानें, कन्फेक्शनरी, किराना एवं सामान्य व्यवसाय, पुस्तक एवं स्टेशनरी, औषधी,

नाई, धोबी, सब्जी, अल्पाहार गृह, बैंक विस्तार काउण्टर, सभागृह, आंतरिक खेल हॉल, तरण पुष्कर, खेल मैदान, काउण्टर सुविधा।

व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान

व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र निगरानी आवास 20 वर्गमीटर तक (होस्टल) केवल शासकीय केन्द्रों के प्रकरणों में, पुस्तकें एवं स्टेशनरी दुकानें (15 वर्गमीटर तक), अल्पाहार गृह, ग्रंथालय।

सामाजिक कल्याण केन्द्र

सामाजिक कल्याण केन्द्र निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) अल्पाहार गृह प्रदर्शनी सह विक्रय काउण्टर ।

अनुसंधान एवं विकास केन्द्र

अनुसंधान एवं विकास केन्द्र निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) आवासीय फ्लेट (रख रखाव कर्मचारियों के लिये होस्टल अल्पाहार गृह, बैंक विस्तार काउण्टर, ग्रंथालय, काउण्टर सुविधा।

ग्रंथालय

ग्रंथालय, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), अल्पाहार गृह, प्रदर्शनी एवं कलाविथिका, सभागृह।

तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र

तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र आवासीय इकाई (रख रखाव कर्मचारियों हेतु), पुस्तक एवं स्टेशनरी, औषधि, दुकान, (15 वर्गमीटर प्रत्येक तक) अल्पाहार गृह, बैंक विस्तार काउण्टर, सभागृह, डाकघर काउण्टर सुविधा।

खेल प्रशिक्षण केन्द्र

खेल प्रशिक्षण केन्द्र आवासीय फ्लेट रखरखाव हेतु फुटकर दुकानें कन्फेशनरी, किराना एवं सामान्य व्यवसाय, छात्रावास बैंक डाकघर, अल्पाहार गृह, इन्डोर एवं आउटडोर स्टेडियम, तरण पुष्कर, खेल मैदान।

मोटर चालन प्रशिक्षण केन्द्र

मोटर चालन प्रशिक्षण केन्द्र, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल।

बाल यातायात उद्यान

बाल यातायात उद्यान निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल, संग्रहालय, सभागृह।

संग्रहालय, प्रदर्शनी केन्द्र एवं कला वीथिक, सभागृह एवं खुला रंगमंच

संग्रहालय, प्रदर्शनी केन्द्र एवं कला वीथिक, सभागृह एंव खुला रंगमंच, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) अल्पाहार गृह।

सामुदायिक हॉल

सामुदयिक हॉल, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल।

मैला मैदान

मैला मैदान, आवासीय इकाई (रख रखाव कर्मचारियों हेतु), प्रदर्शनी केन्द्र (अस्थाई स्वरूप में) उपाहारगृह, शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल, पुलिस पोस्ट, अग्निशमन केन्द्र, बैंक विस्तार काउण्टर, डाकघर काउण्टर सुविधा।

सांस्कृतिक एवं प्रसार केन्द्र

सांस्कृतिक एवं प्रसार केन्द्र, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), छात्रावास, अल्पाहार गृह, बैंक विस्तार काउण्टर सुविधा, सभागृह (500 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता तक), ग्रंथालय, प्रदर्शनी एंव कला वीथिका।

सामाजिक एंव सांस्कृतिक संस्थान

सामाजिक एंव सांस्कृतिक संस्थान, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल, उपाहार गृह, अल्पाहार गृह, बैंक विस्तार काउण्टर सुविधा, सभागृह, ग्रंथालय, नृत्य, संगीत एंव नाटय प्रशिक्षण केन्द्र, संग्रहालय, प्रदर्शनी केन्द्र, तथा कला वीथिका।

सुधार गृह एंव अनाथालय

सुधार गृह एंव अनाथालय, आवासीय फ्लेट (रख रखाव कर्मचारियों हेतु), छात्रावास, व्यक्तिगत सेवा दुकान (15 वर्गमीटर तक)

धार्मिक परिसर/भवन

धार्मिक परिसर/भवन 1. मंदिर 2. मस्जिद, 3. चर्च, 4. गुरूद्वारा, 5. यहुदियों का देवालय, 6. आश्रम, 7. स्नानघाट, 8. गौशाला, 9. दरगाह, 10. धर्मार्थ औषधालय एवं ग्रंथालय।

ध्यान/योग केन्द्र, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन केन्द्र

ध्यान/योग केन्द्र, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन केन्द्र, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), छात्रावास, शीतल पेय एवं स्नेक्स स्टॉल।

पुलिस थाना

ऐसा परिसर जिसमें स्थानीय पुलिस कार्यालय एवं सुविधायुक्त परिसर एवं कर्मचारी आवास के साथ हो।

पुलिस चौकी

पुलिस चौकी, आवश्यक कर्मचारी आवास

जेल

जेल एवं आवश्यक आवास (कर्मचारियों के लिए)।

अग्निशमन केन्द्र

अग्निशमन केन्द्र, आवासीय इकाई (रखरखाव कर्मचारियों हेतु), छात्रावास (कर्मचारियों हेतु), सेवा कार्यशाला ।

डाकघर, डाक व तार कार्यालय, एवं सामान्य डाकघर

डाकघर, डाक व तार कार्यालय एवं सामान्य डाकघर, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), अल्पाहारगृह।

दूरभाष केन्द्र

दूरभाष केन्द्र, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), अल्पाहारगृह, छात्रावास, ग्रंथालय।

दूरसंचार टावर

दूरसंचार टावर, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) ।

दूरसंचार केन्द्र

दूरसंचार केन्द्र, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), अल्पाहारगृह।

दूरसंचार केन्द्र तथा वैद्यशाला एवं जलवायु कार्यालय

दूरसंचार केन्द्र तथा वैद्यशाला एवं जलवायु कार्यालय, आवासीय फ्लेट (रखरखाव कर्मचारियों हेतु), अल्पाहार गृह, अनुसंधान प्रयोगशाला।

आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्र

आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्र, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), अल्पाहार गृह, छात्रावास, पुस्तकालय।

कब्रिस्तान, शव दाह गृह, सिमेट्री एवं विद्युत दाह गृह

कब्रिस्तान, शव दाह गृह, सिमेट्री एवं विद्युत दाह गृह, लकडी, फूल एवं संबधित सामग्री की फुटकर दुकानें, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक)।

नर्सरी/पौध शाला

नर्सरी/पौध शाला, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक), सभी संरचनाएँ अस्थाई स्वरूप की होगी।

डेयरी फार्म

डेयरी फार्म, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) सभी संरचनाएँ अस्थाई स्वरूप की होगी।

मुर्गी पालन फार्म

मुर्गी पालन फार्म, निगरानी आवास (20 वर्गमीटर तक) सभी संरचनाएँ अस्थाई स्वरूप की होगी।

अनुसूची–2

परिसरों की परिभाषायें

01 **आवासीय भू–खण्ड, भू–खण्डीय आवास**
एक या अधिक आवासीय इकाईयों का ऐसा परिसर जिसमें मुख्य भवन खण्ड तथा एक गैरेज/गैरेजस, सेवक आवास हेतु एक अतिरिक्त खण्ड सम्मिलित हो.

02 **आवासीय भू–खण्ड समूह आवास**
न्यूनतम 5000 वर्ग मीटर का परिसर, जिसमें मूलभूत सेवा सुविधाएं जैसे वाहन विराम स्थल, उद्यान, सुविधजनक दुकानें, सार्वजनिक सुविधाएं आदि के साथ आवासीय प्रकोष्ठ स्थित हो.

03 **आवासीय प्रकोष्ठ**
एक परिसर के लिए आवासीय इकाई जो कि समूह का भाग या स्ववंत्र हो।

04 **आवासीय–सह–कार्य भू–खण्ड**
एक परिवार में एक परिवार के लिये उपलब्ध आवासीय जगह हो तथा जिसका कार्य स्थल भूतल तक सीमित हो, ऐसे परिसर केवल सार्वजनिक आवासीय परियोजना में मान्य होंगें.

05 **आवासीय परिसर–विशेष क्षेत्र**
विशेष क्षेत्र नियमन में दिये अनुसार मिश्रित उपयोग रहित या विशेष क्षेत्र में आवासीय स्थान.

06 **छात्रावास (होस्टल)**
दीर्घावधि हेतु आवंटित संस्थानों से जुड़े कमरों का परिसर.

07 **अतिथिगृह बोर्डिग एंव लॉजिंगगृह**
अतिथिगृह से तात्पर्य अल्पावधि हेतु शासकीय,अर्द्वशासकीय,सार्वजनिक उपक्रम एवं निजी मर्यादित संस्थाओं हेतु आवासीय परिसर. बोर्डिग हाउस वह परिसर जिसमें कमरों को छात्रावासों की अपेक्षा दीर्घावधि के लिए किराये पर दिये हो.

08 **धर्मशाला एवं इसके समकक्ष**
वह परिसर जिसमें बिना किसी लाभ के अल्पावधि के लिए अस्थाई रहवासी जगह उपलब्ध हो.

09 **बारात घर**
सार्वजनिक संस्था व्दारा संचालित विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यो के उपयोग हेतु स्थान।

10. **रैन बसेरा (नाईट शेल्टर)**
ऐसा परिसर जिसमें व्यक्तियों को रात्रि में स्थान बिना किसी शुल्क या सांकेतिक शुल्क के साथ उपलब्ध कराया जाता हो, जो कि स्थानीय शासन या स्वेच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित हो।

11. **फुटकर दुकानें**
आवश्यक भण्डारण के साथ उपभोक्ताओं हेतु सीधे आवश्यक वस्तुओं का विक्रय परिसर।

12. **मरम्मत दुकान**
गृह सामग्री, इलेक्ट्रानिक सामान, ऑटोमोबाईल, सायकल आदि की मरम्मत हेतु फुटकर दुकानों के समकक्ष परिसर।

13. **व्यक्तिगत सेवा दुकान**
फुटकर दुकान के समकक्ष ऐसा परिसर जिसमें दर्जी, नाई आदि की सेवायें उपलब्ध हो।

14. **बेंडिंग बूथ**
यांत्रिकी या अन्य व्यवस्था के माध्यम से दैनिक उपयोग की वस्तुओं का विक्रय परिसर जो कि एक बूथ के स्वरूप में हो।

15. **सुविधा जनक दुकान केन्द्र–**
मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार होंगे।

16. **स्थानीय दुकान केन्द्र–**
मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार होंगे।

17. **साप्ताहिक बाजार/ अनौपचारिक समूह इकाई–**
बाजार में सप्ताह में एक बार उपयोगिता अनौपचारिक दुकानों का समूह क्षेत्र, यह बाजार सप्ताह में विभिन्न दिवसों में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित होता है।

18. **थोक व्यापार–**
ऐसा परिसर जहां से वस्तुएं एंव सामग्री फुटकर व्यवसायियों को विक्रय हेतु पहुंचाई जाती हो।

19. **स्टोरेज गोदाम एवं भंण्डारण–**
ऐसा परिसर जहां केवल विशेष रूप से संबंधित वस्तुओं की आवश्यकता के अनुरूप सामग्री एवं वस्तुओं के भण्डारण का उपयोग किया जाता हो।

20. **कोल्ड स्टोरेज (शीत गृह)**
आवश्यक तापमान बनाये रखने हेतु यांत्रिकी एवं विद्युत उपकरणों के उपयोग के साथ ऐसी बंद जगह जहां शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तुओं का भण्डारण किया जाता हो।

21. **गैस गोदाम–**
ऐसा परिसर जहां खाना पकाने की गैस के सिलेण्डर या अन्य गैस सिलेण्डरों को भण्डारण किया जाता हो।

22. **तेल डिपो–**
संबंधित सुविधाओं के साथ पेट्रोलियम उत्पाद भण्डारण का परिसर ।

23. **कबाड़खाना–**
अतिशेष वस्तुयें एवं सामग्री के क्रय–विक्रय के साथ बंद, अर्द्धबंद एवं खुला भंडारण परिसर।

24. **वाणिज्यिक कार्यालय–**
लाभ अर्जित करने वाली संस्थाओं के कार्यालयीन उपयोग का परिसर।

25. **बैंक–**
ऐसा परिसर जहां बैंकिंग कार्य एवं गतिविधियों के कार्यालय स्थित हों।

26. **मोटर गैरिज एवं कार्यशाला–**
वाहनों के मरम्मत एवं सर्विसिंग परिसर।

27. **छविगृह–**
ऐसा परिसर जहां दर्शकों की बैठक व्यवस्था के साथ बंद जगह जहां चलचित्र दिखाये जाने की व्यवस्था हो ।

28. **पेट्रोल पम्प –**
ऐसा परिसर जहां उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पाद विक्रय हो, साथ ही वाहन सर्विसिंग की व्यवस्था हो।

29. **रेस्टोरेन्ट (उपाहार गृह)**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग व्यवसायिक आधार पर खाने के व्यंजनों को उपलब्ध कराने के लिये किया जाता हो (व्यंजन पकाने की व्यवस्था के साथ) जिसमें खुले, बंद या दोनों प्रकार की बैठक व्यवस्था हो।

30. **होटल–**
ऐसा परिसर जहां भोजन अथवा बिना भोजन व्यवस्था के 15 व्यक्तियों की सशुल्क रहवास की व्यवस्था हो।

31. **मोटल–**
ऐसा परिसर जो कि मुख्य राजमार्ग के समीप एवं नगरीय सीमा के बाहर हो तथा जिसका उपयोग सड़क से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के सुलभ भोजन व्यवस्था हेतु किया जाता हो।

32. **फ्लेटेड समूह–**
ऐसा समूह जिसमें अहानिकारक उद्योग इकाईयों का समूह स्थित हो यह ईकाईयां बहु मंजिला भवन में हो सकती है।

33. **सेवा केन्द्र–**
ऐसा परिसर जिसमें विशिष्ट रूप से वाहन मरम्मत, विद्युतीय उपकरण मरम्मत, भवन सामग्री आदि की दुकानें स्थित हो। ताकि पड़ोसी आवासी क्षेत्रों का आवश्यक सेवा प्रदाय हो सके।

34. **औद्योगिक भूखण्ड– हल्के उद्योग–**
अहानिकारक 50 कर्मचारियों वाली उद्योग ईकाइयों का परिसर।

35. **औद्योगिक भूखण्ड विशिष्ट उद्योग–**
ऐसी औद्योगिक ईकाइयों का परिसर जिसमें इलेक्ट्रोनिक सामग्री आदि जैसी विशिष्ट उत्पादन ईकाइयों का समूह सम्मिलित हो।

36. **उद्यान (पार्क)**
आमोद–प्रमोद गतिविधियों के उपयोग का परिसर जिसमें भूदृश्यीकरण, वाहन विराम, सार्वजनिक शौचालय, फेंसिंग आदि संबंधित सुविधायें हो जिसमें लॉन, खुले एवं हरित क्षेत्र आदि सम्मिलित हो।

37. **कीड़ांगण–**
बाहय खेलों के उपयोग में आने वाला परिसर जिसमें भूदृश्यीकरण, वाहन विराम, सार्वजनिक शौचालय सम्मिलित हो।

38. **बाहय खेल स्टेडियम–**
बाहय खेलो के लिये ऐसा स्टेडियम जिसमें पेवेलियन के साथ दर्शकदीर्घा एवं खिलाड़ियों के लिये संबंधित सुविधायें उपलब्ध हो।

39. **आंतरिक खेल स्टेडियम–**
आंतरिक खेलो के लिये ऐसा परिसर जिसमें खेल क्षेत्र, दर्शकदीर्घा तथा खिलाड़ियों के लिये संबंधित सुविधाये उपलब्ध हो।

40. **आतंरिक खेल हॉल–**
ऐसा परिसर जिसमें आंतरिक खेलो तथा खिलाड़ियों से संबंधित सुविधाओं हेतु आवश्यक क्षेत्र संलग्न हो।

41. **शूटिंग रेंज–**
ऐसा परिसर जिसमें निशानेबाजी के अभ्यास एवं खेल की सुविधाये उपलब्ध हो।

42. **तरण पुष्कर–**
ऐसा परिसर जिसमें तैराकी की सुविधा एवं आकार, मानक एवं उद्देश्य के अनुपात में दर्शकों के बैठने की व्यवस्था हो।

43. **आमोद–प्रमोद क्लब–**
संबंधित सुविधाओं के साथ ऐसा परिसर जहां सामाजिक एवं मनोरंजन के उद्देश्य से व्यक्तियों के समूह का एकत्रीकरण होता हो।

44. **ऐतिहासिक स्मारक–**
ऐसा परिसर जिसमें प्राचीन समय के खण्डहर एवं ढांचे स्थित हो।

45. **प्राणी उद्यान एवं मत्स्यालय**
संबंधित समस्त सुविधाओं के साथ ऐसा परिसर जिसमें उद्यान, पार्क या मत्स्यालय के रूप में पशु और पक्षियों की प्रजातियां प्रदर्शनी एवं अध्यन हेतु उपलब्ध हो।

46. **पक्षी अभ्यारण–**
पक्षियो के संरक्षण एवं प्रजनन हेतु वन या विस्तृत उद्यान के रूप में संबंधित सर्वसुविधायुक्त परिसर।

47. **वनस्पति उद्यान–**
अनुसंधान एवं प्रदर्शन के लिये उद्यान के स्वरूप में वृक्षारोपण वाला परिसर।

48. **पिकनिक हट/केम्पिंग साइट –**
ऐसा परिसर जहां पर्यटन एवं आमोद–प्रमोद के उद्देश्य से अल्पावधि के लिये परिवार सहित ठहरने की सुविधा स्पष्ट हो।

49. **फ्लांइग क्लब–**
ऐसा परिसर जहां ग्लाइडिंग एवं छोटे विमानों को उड़ाने का प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था हो, साथ ही इसमें मनोरंजन क्लब एवं आतंरिक खेल गतिविधियां शामिल हो।

50. **माल एवं टिकिट घर–**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग एक एयरलाइन द्वारा टिकिट घर एवं माल के भण्डारण के लिये किया जाता है।

51. **रेल माल गोदाम–**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग रेल्वे द्वारा ढोये गये माल के भंडारण हेतु किया जाता हो।

52. **रेल टिकिट घर–**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग यात्रियों के प्रवास हेतु रेल्वे टिकट घर के रूप में किया जाता हो।

53 **सड़क परिवहन टिकट घर–**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग यात्रियों के प्रवास हेतु सड़क परिवहन द्वारा टिकट घर के रूप में किया जाता हो जिसमे गोदाम भी सम्मिलित हो या सम्मिलित नहीं हेा।

54. **वाहन विराम–**
सार्वजनिक वाहन विराम हेतु उपयोग में लाया जाने वाला परिसर जो कि व्यवसायिक या गैर व्यवसायिक आधार पर संचालित किया जाता हो।

55. **टैक्सी एवं तिपहिया वाहन स्थानक–**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग अंतवर्ती सार्वजनिक यातायात वाहनों, जो कि व्यवसायिक आधार पर चलती हो द्वारा विराम हेतु किया जाता है। वाहन विराम स्थल व्यवसायिक अथवा गैर व्यवसायिक हो।

56. **बस अवसान केन्द्र–**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग जनता के उपयोग में आने वाली सार्वजनिक यातायात संस्था की बस द्वारा कम समय में विराम हेतु किया जाता हो। इसमें यात्रियों के लिये आवश्यक सुविधायें शामिल हो सकती है।

57. **बस स्थानक–**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग सार्वजनिक यातायात संस्था या अन्य किसी संस्था द्वारा बसों के रख–रखाव, मरम्मत एवं विराम हेतु किया जाता हो इसमें कर्मशाला भी शामिल की जा सकती है अथवा नहीं भी।

58. **सार्वजनिक उपयोगिता परिसर–**

1. **पानी की टंकी–** ऐसा परिसर जिसमें समीपस्थ क्षेत्रों में जल वितरण एवं संग्रहण हेतु पानी की टंकी स्थित हो इसमें पम्प हाऊस भी सम्मिलित किया जा सकता है।

2. **भूमिगत टंकी–** ऐसा परिसर जिसमें समीपस्थ क्षेत्रों मे जल वितरण एवं संग्रहण हेतु पानी की भूमिगत टंकी स्थित हो इसमें पम्प हाऊस भी सम्मिलित किया जा सकता है।

3. **आक्सीकरण पोण्ड–** ऐसा परिसर जिसमें स्थित तालाब का उपयोग जल निकास एवं अन्य अवशिष्ट पदार्थो के आक्सीकरण हेतु किया जाता हो।

4. **सेप्टिक टैंक–** ऐसा परिसर जिसमें जल विकास संकलन एवं उसके निराकरण हेतु भूमिगत टैंक स्थित हो।

5. **जल मल पंपिंग स्टेशन–** ऐसा परिसर जिसका उपयोग जल मल को ऊचाई पर भेजने हेतु पंपिंग स्टेशन हेतु किया जाता हो।

6. **सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय–** ऐसा परिसर जिसमें सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय स्थित हो। इसमें पीने के पानी की सुविधा भी सम्मिलित की जा सकती है और नहीं भी।

7. **विद्युत उपकेन्द्र –** ऐसा परिसर जिसमें विद्युत वितरण हेतु ट्रांसफार्मर एवं संबंधित उपकरण स्थित हो।

8. **घूरा एवं कचरा घर–** ऐसा परिसर जिसका उपयोग अवशिष्ट पदार्थो के एकत्रीकरण एवं आगे गढ्डो को भरने हेतु लदान किया जाता हो।

9. **धोबी घाट–** ऐसा परिसर जिसका उपयोग कपड़ा धोने, सुखाने इत्यादि के लिये किया जाता हो।

59. **केन्द्र शासन के कार्यालय–**
ऐसा परिसर जिसका उपयोग केन्द्र शासन के कार्यालयों द्वारा किया जाता हो।

60. **स्थानीय शासन के कार्यालय–**
